


सूर्योदय प्रातः 6:32 · सूर्यास्त संध्या 5:28 · पखवाड़ा माघ कृ. सप्तमी, संवत 2081 · तापमान अधिकतम 24° न्यूनतम 11°

# फ्रीडम फाइटर

राष्ट्रहित सर्वोपरि

रांची, पटना व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

रांची, सोमवार, 20 जनवरी 2025, वर्ष : 15, अंक : 336, कुल पृष्ठ : 12, मूल्य : 2 रुपये, E-mail : freedomfighterranchi@gmail.com / epaper : avnpost.com/freedom-fighter




**शेयर बाजार**

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 76,619.33 | -423.49 (-0.55%) |
| निफ्टी | 23,203.20 | -108.60 (-0.47%) |

**सर्राफा बाजार** (प्रति 10 ग्राम)

| 24 carat | |
|---|---|
| सोना | 79,960.00 |
| चांदी | 1040.00 |

## गणतंत्र दिवस परेड में फ्लाईपास्ट करेंगे 40 एयरक्राफ्ट, ध्रुव और तेजस नहीं भरेंगे उड़ान

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** देश के गणतंत्र दिवस पर होनेवाली परेड के लिए सेना के जवान कड़ाके की ठंड में रिहर्सल करके पसीना बहा रहे हैं। परेड के दौरान कर्तव्य पथ पर झांकियों के माध्यम से 'स्वर्णिम भारत : विरासत और विकास' को प्रदर्शित किया जायेगा। वायु सेना के 40 एयरक्राफ्ट फ्लाईपास्ट करेंगे, जिनमें 22 फाइटर एयरक्राफ्ट होंगे। इस बार एडवांस लाइट हेलीकॉप्टर ध्रुव और स्वदेशी लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट तेजस परेड के दौरान उड़ान भरते नहीं दिखेंगे। गणतंत्र दिवस परेड में इस बार भारतीय वायु सेना की कोई भी झांकी नहीं होगी। वायु सेना के विंग कमांडर मनीष शर्मा ने बताया कि कुल 40 एयरक्राफ्ट रिपब्लिक-डे परेड का हिस्सा बनेंगे। फ्लाईपास्ट में 22 लड़ाकू विमानों, 11 परिवहन विमानों और 07 हेलीकॉप्टरों की शक्ति का प्रदर्शन किया जायेगा। इनमें राफेल, सुखोई-30 और सी-130जे हरक्यूलिस कर्तव्य पथ पर हवाई करतब दिखायेंगे। इसके अलावा तीन डोर्नियर विमान भी गणतंत्र दिवस की परेड का हिस्सा होंगे। इस बार एडवांस लाइट हेलीकॉप्टर ध्रुव और स्वदेशी लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट तेजस परेड के दौरान उड़ान भरते नहीं दिखेंगे। इस माह की शुरूआत में गुजरात के पोरबंदर में भारतीय तटरक्षक बल (आईसीजी) का एडवांस लाइट हेलीकॉप्टर ध्रुव नियमित प्रशिक्षण उड़ान के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गया था, इसीलिए एएलएच ध्रुव को अभी भी जमीन पर ही रखा गया है और इसका इस्तेमाल फ्लाईपास्ट के लिए नहीं किया जायेगा।



**डीआरडीओ प्रलय सामरिक बैलिस्टिक मिसाइल का करेगा प्रदर्शन**

विंग कमांडर ने स्वदेशी लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट तेजस को परेड का हिस्सा न बनाने के बारे में बताया कि इस बार भारतीय वायु सेना ने गणतंत्र दिवस परेड के लिए नयी पॉलिसी तैयार की है। इसके मुताबिक, तेजस लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट को शानदार प्रदर्शन के बावजूद सिंगल इंजन होने के कारण बाहर रखा गया है। हालांकि, तेजस ने पहले भी गणतंत्र दिवस परेड के अलावा दुबई और सिंगापुर के अंतरराष्ट्रीय एयर शो में उड़ान भरी है। उन्होंने बताया कि फ्लाईपास्ट को दो भागों में बांटा गया है। दूसरे हिस्से में जटिल संरचनाएं और सटीक युद्धाभ्यास दिखाये जायेंगे। रक्षा मंत्रालय के • शेष पृष्ठ 11 पर

## एक झलक

### महाकुम्भ में आयेंगे राष्ट्रपति उपराष्ट्रपति व प्रधानमंत्री

**महाकुम्भनगर :** प्रयागराज महाकुम्भ 2025 में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी समेत केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के अलावा कई गणमान्य जनों का आगमन प्रस्तावित है। वहीं 22 जनवरी को उत्तर प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक भी यहां होगी। इस संबंध में सभी आवश्यक तैयारियां समय से पूर्ण करने का निर्देश मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दिया है।

### ज्ञानेन्द्र प्रताप सिंह बने सीआरपीएफ के नये डीजी

**नयी दिल्ली :** केन्द्र सरकार ने ज्ञानेन्द्र प्रताप सिंह को केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) का नया निदेशक जनरल (डीजी) नियुक्त किया है। शनिवार देर रात जारी विभागीय आदेश के मुताबिक केन्द्रीय गृह मंत्रालय के प्रस्ताव को कैबिनेट की नियुक्ति समिति (एसीसी) ने मंजूरी दे दी। यह आदेश विभागीय कार्मिक और प्रशिक्षण (डीओपीटी) द्वारा जारी किया गया था। आदेश में लिखा है कि एसीसी ने गृह मंत्रालय के प्रस्ताव को मंजूरी दी है, जिसमें असम कैडर के 1991 बैच के आईपीएस जीपी सिंह को सीआरपीएफ का निदेशक जनरल नियुक्त किया है। ज्ञानेन्द्र सिंह इससे पहले असम पुलिस प्रमुख की कमान सम्भाल रहे थे। अब वह सीआरपीएफ के प्रमुख के रूप में कार्य करेंगे। वह 31 जनवरी 2027 को रिटायर होने वाले हैं। नये सीआरपीएफ डीजी जीपी सिंह ने पहले विशेष सुरक्षा समूह (एसपीजी) और राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) जैसे महत्वपूर्ण पदों पर सेवा दी है। इसके अलावा असम पुलिस में भी कई वरिष्ठ पदों पर कार्य किया है।

### मणिपुर में भारी मात्रा में हथियार व विस्फोटक बरामद

**इंफाल :** मणिपुर के पहाड़ी और घाटी जिलों के संवेदनशील क्षेत्रों में सुरक्षा बलों द्वारा तलाशी अभियान चलाये गये। इस दौरान थौबल जिले के लिलोंग थाना क्षेत्र के उशोइपोकपी की पहाड़ी तलहटी से भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किये गये। बरामद सामान में एक सिंगल बोर बैरल (स्नाइपर), एक देसी राइफल, एक अमोघ कार्बाइन मैगजीन, तीन .303 मैगजीन, एक एचई हैंड ग्रेनेड, एक डेटोनेटर, 7.62 ७ 39 मिमी की 05 जीवित गोलियां, .32 की छह जीवित गोलियां, 09 मिमी की एक जीवित गोली, .303 की छह खाली खोलियां, 07.62 मिमी (एसएलआर) की चार खाली खोलियां, 07.62 .39 मिमी की छह खाली खोलियां, एक ग्रीन स्मोक 80एमके वन, दो स्टन शेल (एन), तीन टियर स्मोक शेल, तीन टीवाईटी रेडियो सेट, तीन चार्जर और एक अडैप्टर शामिल हैं।

## अंदर के पन्नों पर


3 बाल श्रम व बाल विवाह एक अपराध : प्रवीण श्रीवास्तव...

5 राष्ट्रीय सूड़ी समाज का वनभोज सह मिलन...

7 लातेहार में विधिक सशक्तीकरण शिविर...

9 सुजीत सिन्हा गैंग के दो बदमाश गिरफ्तार...

10 भारत ने वेस्टइंडीज को 09 विकेट से पहला मैच...


# लोकतांत्रिक प्रक्रिया को सशक्त करें देशवासी : मोदी




- मतदान प्रक्रिया को आधुनिक और मजबूत बनाने के लिए चुनाव आयोग को प्रधानमंत्री ने दिया धन्यवाद
- देशभर में निष्पक्ष चुनाव कराने की आयोग की प्रतिबद्धता को पीएम ने खूब सराहा

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' में मतदान प्रक्रिया को आधुनिक और मजबूत बनाने के लिए चुनाव आयोग को धन्यवाद दिया। साथ ही, देशभर में निष्पक्ष चुनाव कराने की आयोग की प्रतिबद्धता की सराहना की। चुनाव आयोग की स्थापना के दिन 25 जनवरी को 'राष्ट्रीय मतदाता दिवस' मनाया जाता है। प्रधानमंत्री ने इसका जिक्र करते हुए देशवासियों से ज्यादा से ज्यादा संख्या में अपने मताधिकार का उपयोग करने और देश की लोकतांत्रिक प्रक्रिया को सशक्त करने की अपील की।

'मन की बात' का 118वां एपीसोड अगले सप्ताह गणतंत्र दिवस आयोजन के चलते अंतिम रविवार के स्थान पर 19 जनवरी तीसरे रविवार को प्रसारित किया गया। इस एपीसोड में प्रधानमंत्री ने कुम्भ से लेकर अंतरिक्ष के क्षेत्र में भारत की उपलब्धियों से श्रोताओं को अवगत कराया और देश में हो रहे पर्यावरण और समाज परिवर्तन के कार्यों की जानकारी दी।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' में संविधान लागू होने के 75 वर्ष पूरे होने पर संविधान सभा में चर्चाओं में भाग लेते हुए डॉ. भीमराव अम्बेदकर, डॉ. राजेन्द्र प्रसाद और डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के ऑडियो क्लिप सुनाये। इसमें डॉ. अम्बेदकर ने संविधान सभा को एक मत होने, डॉ. राजेन्द्र प्रसाद भारत के मानवीय मूल्यों और डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी अवसरों की समानता पर अपनी बात रख रहे थे। वर्ष-2025 में भारत की अंतरिक्ष में ऐतिहासिक उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि इस पर हम सभी भारतीयों को गर्व करना चाहिए। उन्होंने इस दौरान भारतीय स्पेस टैक स्टार्टअप बेंगलुरु के पिक्सेल के बारे में बताया, जिसने भारत का पहला निजी सैटेलाइट कांस्टेलेशन फायरफ्लाई सफलतापूर्वक पर लॉन्च किया है। उन्होंने अंतरिक्ष के क्षेत्र में स्पेस डॉकिंग की उपलब्धि का जिक्र किया। वहीं, उन्होंने बताया कि आईआईटी मद्रास का 'एक्सटेम' केन्द्र अंतरिक्ष में मैन्युफैक्चरिंग के लिए कई नयी तकनीक का पर काम कर रहा है। 'मन की बात' में इस बार भी प्रधानमंत्री ने पर्यावरण की दृष्टि से देशभर में हो रहे सराहनीय कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि असम के 'नौगांव' में हाथियों से जुड़ी कई घटनाएं होती थीं। इसको देखते हुए • शेष पृष्ठ 11 पर

### हजारों वर्षों से चली आ रही इस कुम्भ परम्परा में कहीं कोई भेदभाव या जातिवाद नहीं


**उत्तर** प्रदेश के प्रयागराज में आयोजित 'कुम्भ', दक्षिण की नदियों के तटों पर आयोजित होनेवाले 'पुष्करम' और पश्चिम बंगाल के 'गंगा सागर मेले' के सुन्दर आयोजनों और विहंगम दृश्यों को मन की बात का हिस्सा बनाते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि यह पर्व भारत के लोगों को भारत की परम्पराओं से जोड़ते हैं। उन्होंने कहा कि हजारों वर्षों से चली आ रही इस परम्परा में कहीं कोई भेदभाव या जातिवाद नहीं है, तभी तो कुम्भ को एकता का 'महाकुंभ' कहा जाता है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार उत्तर भारत में प्रयागराज, उज्जैन, नासिक और हरिद्वार में कुम्भ का आयोजन होता है। इसी प्रकार दक्षिण में गोदावरी, कृष्णा, नर्मदा और कावेरी नदी के तटों पर 'पुष्करम' का आयोजन होता है। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में 'गंगा सागर मेले' में संक्रांति के अवसर पर पूरी दुनिया से आये लाखों श्रद्धालुओं ने डुबकी लगायी।

# महाकुम्भ मेला क्षेत्र में लगी भीषण आग, एक के बाद एक फटे कई सिलिंडर

एजेंसी

**प्रयागराज :** प्रयागराज महाकुम्भ मेला क्षेत्र में रविवार शाम को भीषण आग लग गयी। यह आग सर्वप्रथम सेक्टर-19 स्थित अखिल भारतीय धर्म संघ गीता प्रेस गोरखपुर के कैम्प में लगी, जिसके बाद चारों ओर आग फैल गयी। इस आग की जद में कई टेंट आये और कई सिलिंडर भी फटे, जिससे स्थिति भयावह हो गयी। महाकुम्भ मेला क्षेत्र में लगी इस आग ने सभी को झकझोर कर रख दिया है।

महाकुम्भ मेला क्षेत्र के सेक्टर -19 में आग लगने का सही कारण फिलहाल सामने नहीं आया है। प्रारम्भिक तौर पर बताया गया है कि सबसे पहले एक सिलिंडर में आग लगी और उसके बाद ही आग चारों ओर फैल • शेष पृष्ठ 11 पर



### 200 शिविर...500 टेंट खाक, सिलिंडर के उड़े परखच्च...कहीं बिखरे चूल्हे, तो कहीं टूटे दिखे बर्तन

**आग** से 200 शिविर और 500 टेंट और उनमें रखे सामान जलकर खाक हो गये। हालांकि, अब तक की जानकारी में आग लगने का सही कारण सामने नहीं आया है। एनडीआरएफ की चार टीमें यहां तैनात हैं। महाकुम्भ मेला डीआईजी वैभव कृष्ण ने कहा कि किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। हम जांच में आग के कारणों का पता लगायेंगे। मौके पर करीब 15 दमकल गाडियां मौजूद हैं। हम लोगों को निकाल रहे हैं। सभी वरिष्ठ अधिकारी मौके पर मौजूद हैं। • शेष पृष्ठ 11 पर

## असम एसटीएफ ने वांछित जिहादी को किया गिरफ्तार

**गुवाहाटी :** असम में पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) का 'ऑपरेशन प्रघात' लगातार चल रहा है।एसटीएफ ने रविवार को धुबड़ी जिले के बिलासीपाड़ा से वांछित जिहादी जाहिर अली को गिरफ्तार किया है। असम पुलिस मुख्यालय के अनुसार असम एसटीएफ ने धुबड़ी जिले के बिलासीपाड़ा से वांछित जिहादी जाहिर अली को गिरफ्तार किया है। आरोपित जाहिर अली, धुबड़ी जिले के बिलासीपारा थाना क्षेत्र के खुड़ीगांव पार्ट-2 गांव का निवासी है।असम एसटीएफ एक मामले की जांच के दौरान अब तक 12 संदिग्धों को गिरफ्तार कर चुकी है।

## सैफ अली खान के संदिग्ध हमलावर शहजाद को 24 तक पुलिस कस्टडी



एजेंसी

**मुंबई :** फिल्म अभिनेता सैफ अली खान पर हमला करने वाले संदिग्ध आरोपित मोहम्मद शरीफुल इस्लाम शहजाद को रविवार को तड़के ठाणे जिले के कासारवडवली इलाके से गिरफ्तार करके रविवार को दोपहर में कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने उसे 24 जनवरी तक पुलिस कस्टडी में भेज दिया है। इस घटना में घायल सैफ अली खान का बांद्रा स्थित लीलावती अस्पताल में इलाज हो रहा है। इस मामले की गहन छानबीन बांद्रा पुलिस स्टेशन की टीम कर रही है।

मुम्बई पुलिस ने कोर्ट को बताया कि आरोपित ने 16 जनवरी की तड़के बांद्रा में फिल्म अभिनेता सैफ अली खान के घर में चोरी के इरादे से घुसा और सैफ अली खान पर कई बार चाकू से हमला किया। प्राथमिक जांच में आरोपित पर बांग्लादेशी होने का शक है। इसलिए मामले का अंतरराष्ट्रीय कनेक्शन पता लगाना जरूरी है। इसलिए • शेष पृष्ठ 11 पर

## कटिहार नाव हादसे में 03 की मौत, 07 लापता

एजेंसी

**कटिहार :** बिहार में कटिहार जिले के अमदाबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत दक्षिणी करीमुल्लापुर पंचायत के गोला घाट पर रविवार सुबह दर्दनाक नाव हादसे में 03 लोगों की मौत हो गयी। मृतकों में अमदाबाद निवासी पवन मंडल (65 वर्ष) पिता बस्तम मंडल, प्राणपुर निवासी सुधीर मंडल (70वर्ष) तथा अजमनागर निवासी भोली देवी का तीन वर्षीय पुत्र शामिल है। समाचार लिखे जाने तक सात नाव सवार लोग लापता है। लगभग 18 यात्रियों को लेकर एक नाव मनिहारी अनुमंडल के अमदाबाद ब्लॉक के दक्षिण करीमल्लूपुर मेघू टोला से सकरी (झारखंड) जा रही थी।




मुख्यमंत्री ने जताया शोक मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कटिहार जिले के अमदाबाद में गंगा नदी में नाव डूबने से 03 लोगों की हुई मौत पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि यह घटना अत्यन्त दुखद है। मुख्यमंत्री ने इस घटना में लापता अन्य लोगों की समुचित खोजबीन जारी रखने का निर्देश दिया है।

मुख्यमंत्री ने मृतक के परिजनों को चार-चार लाख रुपये अनुग्रह अनुदान देने के निर्देश दिये हैं। मुख्यमंत्री ने मृतकों के परिजनों को दुःख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

## पिछले 10 साल में भारत में बिजनेस करना हुआ मुश्किल : कांग्रेस

**नयी दिल्ली :** कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि पिछले 10 साल में भारत में 'इज ऑफ डूइंग बिजनेस' यानी व्यापार करने में आसानी को 'अनइज ऑफ डूइंग बिजनेस' यानी व्यापार करने में असुविधा में बदल दिया गया है। कांग्रेस ने इसके तीन कारण बताते हुए आगामी बजट में 'रेड राज' और 'कर आतंक' को खत्म करने की मांग की। रविवार को कांग्रेस महासचिव (संचार) जयराम रमेश ने एक वक्तव्य जारी कर कहा कि सरकार को आगामी बजट में 'रेड राज' और 'कर आतंक' को खत्म करना होगा।

## बस का टायर फटा, तीन की मौत, दर्जनों घायल

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़-गोमिया मार्ग स्थित सदारो और नरकी के बीच महुआ मंडार पर नेहा यात्री बस पलटने से तीन लोगों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गयी एवं दर्जनों गम्भीर रूप से घायल हो गये। इसमें सात घायलों को विष्णुगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लाया गया। इसमें पांच पुरुष एवं दो महिला शामिल हैं। प्रत्यक्षदर्शियों से मिली जानकारी के मुताबिक हजारीबाग से फुसरो जा रही नेहा यात्री बस का अगला पहिया फट जाने से अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट कर दुर्घटना हो गयी। इससे सड़क पर दो युवक एवं गाड़ी में दब कर एक युवक की मौत हो गयी। इसमें मंगर कमार पिता स्व. हीरा कुमार 55 वर्ष, वहीं दो मृतक जरीडीह के बताये जा रहे हैं, जिसकी पहचान नहीं हो पायी है। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गयी। इसकी सूचना मिलते ही विष्णुगढ़ थाना पुलिस बल घटनास्थल पहुंचे और शव को कब्जे में ले लिया। इसमें गोमिया सीएचसी तो कुछ घायलों को 108 आपातकालीन सेवा एम्बुलेंस से विष्णुगढ़ • शेष पृष्ठ 11 पर



# डल्लेवाल के समर्थन में बैठे 121 किसानों का अनशन समाप्त

एजेंसी

**चंडीगढ़ :** पंजाब के खनौरी बॉर्डर पर किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल का अनशन रविवार को 55वें दिन भी जारी रहा। उनके समर्थन में पांच दिनों से अनशन पर बैठे 121 किसानों ने रविवार को अनशन समाप्त कर दिया। पंजाब व हरियाणा के यह किसान खुले आसमान के नीचे अनशन पर बैठे थे। इसके चलते करीब दो दर्जन किसानों की तबीयत बिगड़ गयी व खून की उल्टियां आना शुरू हो गयीं। डल्लेवाल व अन्य किसान नेताओं की अपील पर 121 किसानों ने आज दोपहर अनशन समाप्त कर दिया और उपचार करवाने के लिए राजी हो गये।



किसान नेता अभिमन्यु कोहाड़ ने रविवार को मोर्चे पर पत्रकारों से बातचीत में कहा कि किसानों के साथ एमएसपी व अन्य मुद्दों पर, जहां बात 18 फरवरी 2024 को समाप्त हुई थी, अब केन्द्र सरकार बिना किसी शर्त के वहीं से बातचीत शुरू करने के लिए तैयार हो गयी है। उन्होंने कहा कि किसान संगठन चाहते थे कि यह बैठक दिल्ली में की जाये। केंद्र की टीम ने कहा कि पहले दौर की बैठक चंडीगढ़ में होगी, उसके बाद अगली बैठक दिल्ली में की जायेगी। इस बैठक में जगजीत सिंह डल्लेवाल भी मौजूद रहेंगे। हरियाणा पुलिस के हिसार जिले के किसानों को भेजे गये नोटिसों पर अभिमन्यु कोहाड़ ने सभी किसानों से अपील की कि वह किसी भी जांच में शामिल न हों। उनके विरूद्ध दर्ज किये गये केसों को खारिज करवाया जायेगा। किसान नेता काका सिंह ने कहा कि 14 फरवरी को केन्द्र के साथ बैठक होगी। उससे पहले 13 फरवरी को धरने को एक साल पूरा हो जायेगा। यह धरने खनौरी, रतनपुरा व शंभू बॉर्डर पर लगातार चल रही हैं। उन्होंने आगामी कार्यक्रमों के साथ 13 फरवरी को होनेवाले कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार करने का ऐलान जल्द करने की बात कही। इस आन्दोलन के दौरान 21 फरवरी को युवा किसान शुभकरण की मौत हुई थी।

### खनौरी बॉर्डर पर डल्लेवाल ने 54 दिनों बाद लिया उपचार

**पंजाब** के शम्भु व खनौरी बॉर्डर पर चल रहे किसान आन्दोलन के दौरान आमरण अनशन कर रहे जगजीत सिंह डल्लेवाल ने 54 दिन का अनशन पूरा होने के बाद शनिवार रात 01 बजे उपचार लेना शुरू किया। डॉक्टरों ने उन्हें ग्लूकोज की ड्रिप लगायी। इस बीच डल्लेवाल का अनशन रविवार को 55वें दिन में प्रवेश कर गया। शनिवार को केन्द्रीय अधिकारियों के शिष्टमंडल द्वारा खनौरी का दौरा किये जाने के बाद यहां देर रात तक बैठकों का दौर चलता रहा। किसानों की मांगों को लेकर 14 फरवरी को चंडीगढ़ में मीटिंग होगी। शनिवार को कृषि और किसान कल्याण विभाग के ज्वाइंट सेक्रेटरी प्रियरंजन खनौरी बॉर्डर पर पहुंचे। यहां उन्होंने आमरण अनशन पर बैठे किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल से मुलाकात कर मीटिंग का न्योता दिया। इसके बाद डल्लेवाल मेडिकल सुविधा लेने को राजी हो गये। उन्हें ग्लूकोज लगाया गया। किसानों की सहमति के बाद केंद्र सरकार ने देररात बैठक का पत्र भी जारी कर दिया।

## एक झलक

### सड़क दुर्घटना में दो युवक घायल, दोनों रिम्स रेफर

**बेड़ो :** थाना क्षेत्र के बड़ाईक चौक के समीप बेड़ो साईं मंदिर सड़क पर रविवार की अपराह्न लगभग सवा बारह बजे दो बाइकों के बीच हुई आपसी टक्कर में दोनों बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में बेड़ो घाघरा कोकड़े गांव निवासी 24 वर्षीय मनोज मुंडा पिता मंगरा मुंडा व कर्रा टंगरा टोली गांव निवासी 20 वर्षीय राम महली पिता प्रयाग महली जिन्हें घायलावस्था में स्थानीय ग्रामीणों की मदद से दोनों को बेड़ो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने दोनों घायलों का प्राथमिक उपचार कर बेहतर उपचार के लिए रिम्स रेफर कर दिया। इधर मिली जानकारी के अनुसार मनोज मुंडा बेड़ो सब्जी मंडी में मटर बेचकर अपने घर घर लौट रहा था। वहीं राम महली बेड़ो से अपना घर जा रहा था। इसी बीच बड़ाईक चौक के समीप इन दोनों बाइकों में टक्कर हो गई। जिससे यह हादसा हुआ।

### एचडीएफसी बैंक झारखंड जोन ने राइडर्स म्यूजिक फेस्टिवल का किया आयोजन



**रांची/जमशेदपुर :** एचडीएफसी बैंक-झारखंड जोन ने रेड एफएम 93.5 एफएम के सहयोग से एक दिवसीय राइडर्स संगीत समारोह का आयोजन किया। इस कार्यक्रम के दौरान झारखंड के बाइकर समुदाय को गंतव्य बिंदु पर नाश्ते के साथ सवारी के लिए आमंत्रित किया गया था, आर.जे निधि ने कुछ दिलचस्प खेलों के साथ बाइक उत्साही लोगों के साथ बातचीत की। जोनल हेड-झारखंड जोन कुमार अभिषेक ने कहा कि हमें इस कार्यक्रम का हिस्सा बनकर खुशी हो रही है, जहां जमशेदपुर के विभिन्न हिस्सों से बाइकर्स को आमंत्रित किया गया था। उन्होंने यह भी कहा कि इस सर्दी के मौसम में बाइक चलाने वालों की संख्या काफी आश्चर्यजनक है।जमशेदपुर - कार्यक्रम के दौरान क्लस्टर हेड सौरव कुमार के साथ-साथ जमशेदपुर के सभी शाखा प्रबंधक भी उपस्थित थे।

### नव विकास जागृति संस्था ने की वनभोज सह वार्षिक बैठक



**ओरमांझी :** नव विकास जागृति संस्था की ओर से संस्था सचिव लीलावती महतो के नेतृत्व में रविवार को वनभोज सह वार्षिक बैठक का आयोजन गेतलसूद के रोज आइलैंड में किया गया। इसमें संस्था को आगे कैसे बढ़ाया जाए लोगों को कैसे सेवा किया जाए असहायों तक कैसे मदद पहुंचाया जाए संस्था को कैसे मजबूत किया जाए इन सभी बातों पर विचार किया गया। साथ ही इस वर्ष 2025 में आगामी कार्यक्रम रक्तदान शिविर का आयोजन, मुफ्त जांच शिवर एवं बच्चों का खेलकूद प्रतियोगिता पर भी विचार किया गया। मौके पर मुख्य रूप से संस्था के कोषाध्यक्ष पुष्पा देवी, विवेक आनन्द जयसवाल, मीरा कुमारी,संजीत सिंह, सन्नो भारती, अरविंद साहू, कलेश्वर महतो, छोटेलाल महतो,रंजन ठाकुर, आशा चौधरी, अरुण महतो, कालीचरण महतो, कृष्ण भूषण द्विवेदी, आशीष वर्मन, जीवन कुमारी, बुलबुल, रिंकी ठाकुर, बिस्वनाथ, शांतनु, बबलू इत्यादि लोग उपस्थित थे।

### 22 जनवरी को होगा बुंडू स्थित भारत माता मंदिर का लोकार्पण

**बुंडू :** ब्लॉक चौक स्थित भारत माता मंदिर का लोकार्पण 22 जनवरी को पूजनोत्सव उपरांत अनावरण होगा ।भारतमाता मंदिर का अनावरण केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ के द्वारा होगा, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा करेंगे। इस मौके पर राधारानी मंदिर से भव्य शोभा यात्रा निकलेगी। वहीं पूजन अर्चन प्रातः 10 बजे से प्रारंभ होगा। कार्यक्रम में, रांची, खूंटी एवं रामगढ़ से भी विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ता शामिल होंगे।

# पुलिस ने 31.5 एकड़ भूमि पर अफीम की फसल नष्ट की



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**बुंडू :** बुंडू अनुमंडल के विभिन्न थाना क्षेत्र में रविवार को अवैध अफीम की खेती के विरुद्ध छापामारी अभियान चलाकर अफीम की फसल नष्ट की गई ।छापेमारी के क्रम में बुण्डू थाना क्षेत्र के रेलाडीह स्थित रैयती एवं जंगली क्षेत्र में लगभग 13 एकड़ भूमि पर, दशमफॉल थाना अन्तर्गत हेसापीढ़ी आस-पास जंगली क्षेत्र में लगभग 02 एकड़ भूमि , तमाड़ थाना के मानकीडीह ग्राम के जंगली क्षेत्र में लगभग 15 एकड़ भूमि एवं सोनाहातु थाना अन्तर्गत ग्राम नपड़ा नदी किनारे लगभग 1.5 एकड़ भूमि पर कुल 31.5 एकड़ भूमि पर अवैध अफीम की खेती नष्ट की गई ।छापेमारी का नेतृत्व बुंडू एसडीपीओ ओम प्रकाश,बुंडू थानेदार राम कुमार वर्मा,सोनाहातु थानेदार चंदन कुमार, तमाड़ थानेदार रोशन कुमार, दशम फॉल थानेदार प्रशांत गौरव ने किया। जबकि अभियान में सैप, सैट, जैप, एवं थाना के सशस्त्र बल शामिल थे।

## बेड़ो पुलिस ने अवैध बालू से लदे दो हाइवा को किया जब्त



**बेड़ो :** बेड़ो थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए गश्ती के दौरान रविवार की सुबह करीब आठ बजे अवैध बालू से लदे दो हाइवा को असरो पेट्रोल पंप के पास जब्त कर दो चालकों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। वहीं पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए अवैध बालू से लदे दो हाइवा के चालकों में क्रमशः करमचंद उरांव ग्राम बिरकेरा अडियाटोली थाना सिसई,जिला गुमला व चन्द्र देव उरांव ग्राम भरनो माथुटोली, थाना भरनो ,जिला गुमला का नाम शामिल है। इस संदर्भ में बेड़ो थाना प्रभारी नकुल साह ने बताया कि बेड़ो पुलिस ने गुप्त सूचना के तहत त्वरित कार्रवाई करते हुए रविवार की सुबह गश्ती व छापामारी अभियान चलाया। इसी दौरान बेड़ो पुलिस ने गुमला की ओर से आ रहे अवैध रूप से दो हाइवा को आते हुए देखा।

## न्यायालय के पास चोरी करते एक गिरफ्तार



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**रामगढ़ :** पुलिस अधीक्षक को न्यायालय रामगढ़ के कर्मी से सूचना मिली कि रामगढ़ थाना अंतर्गत व्यवहार न्यायालय रामगढ़ के पास कुछ चोर न्यायालय परिसर में पैनल बोर्ड में लगे तार की चोरी करने के लिए घुसे हुए हैं। तत्पश्चात पुलिस अधीक्षक, रामगढ़ द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए व्यावहार न्यायालय रामगढ़ में प्रतिनियुक्त पुलिस पदाधिकारी पुलिस निरिक्षक अजय कुमार एवं आरक्षियों को त्वरित कार्रवाई करते हुए चोर को पकड़ने तथा समानों की बरामदगी करने का निर्देश दिया गया। परिसर में एक व्यक्ति को संदिग्ध हालात में देखा गया। पुलिस को देखते ही संदिग्ध व्यक्ति दौड़कर भागने का प्रयास किया परंतु पुलिस बल के द्वारा दौड़ाकर न्यायालय कर्मियों के सहयोग से उसे पकड़ लिया गया। पकड़ाये व्यक्ति से पूछताछ करने पर उसने अपना नाम हामिद खान, पिता मंजूर खान, निवासी 12 नंबर चौक, घाटो, थाना माण्डू, जिला रामगढ़ बताया। पकड़ाये चोर के निशानदेही पर 11 तांबे का ब्रैकेट, 02 रिंच, 20 नट बोल्ट बरामद किया गया। इस संदर्भ में रामगढ़ थाना में प्राथमिकी दर्ज कर अभियुक्त को न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया है।

## राज्य ताइक्वांडो में रांची का बेहतरीन प्रदर्शन



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**रांची :** झारखंड ताइक्वांडो संघ के तत्वाधान में ईस्ट सिंहभूम जिला ताइक्वांडो संघ के मेजबानी में 18 एवं 19 जनवरी 2025 को जमशेदपुर के राजस्थान भवन में आयोजित 24वीं सीनियर क्यूरूगी व 13वीं सीनियर पूमसे एवं 10वीं कैडेट क्यूरूगी व 9वीं कैडेट पूमसे राज्य ताइक्वांडो प्रतियोगिता 2024-25 में राजधानी के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 11 स्वर्ण, 01 रजत एवं 7 कांस्य पदक जीतने के साथ ही बेस्ट डिसिप्लिन टीम का अवार्ड भी अपने नाम किया। मिथलेश कुमार सिंह के नेतृत्व में रांची की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कैडेट क्यूरूगी वर्ग में सिया शुक्ला ने अंडर 55 किलोग्राम में एवं कैडेट पूमसे वर्ग में गीताली रंजन सिंह, सिद्धिका राज और साक्षी श्री ने ग्रुप पूमसे में एवं सीनियर क्यूरूगी वर्ग में प्रियल कुमारी ने अंडर 53 किलोग्राम, रिद्धिमा सिंह ने अंडर 62 किलोग्राम और अंकिता कुमारी ने अंडर 67 किलोग्राम तथा सीनियर पूमसे वर्ग अंडर 30 इंडिविजुअल चंदन कुमार, अंडर 30 इंडिविजुअल अनुज उरांव, अंडर 30 टीम मेल में मिलेनियम स्नेहल, आयुष राज और ईशान सिंह, ओवर 30 टीम मेल में एम मोदस्सर अबिनास राम और अशोक कुमार दास, ओवर 30 फीमेल में नेहा सिंह, सबा फरहीन खानम और प्रीतम कुमारी ने गोल्ड मेडल जीता। श्रेया सिंह ने सीनियर महिला वर्ग में सिल्वर और आदर्श जैन, पी विशाल, श्रेया नंदा, आयुसी मानसी, सौम्य आनंद, सुनिधि श्रद्धा महतो और श्रेया ने अपने-अपने वर्ग में ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किया।

## सीआईटीई के प्रशिक्षणार्थी शैक्षणिक भ्रमण पर बेंगलुरु रवाना



**अनगड़ा :** कैंब्रिज इंस्टिट्यूट ऑफ टीचर्स एजुकेशन (सीआईटीई) के बीएड सत्र 2023-25 बैच में अध्यनरत प्रशिक्षुओं का एक दल शैक्षणिक भ्रमण पर रविवार को शिक्षकों के साथ बेंगलुरु के लिए रवाना हुआ। प्रशिक्षुओं के दल में शामिल शिक्षक डॉ सत्येश कुमार सिंह ने बताया की दल में कुल 63 प्रशिक्षणार्थी शामिल है। 10 दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण के तहत इन्हें मैसूर पैलेस, ऊटी, कोयम्बटूर, इसकॉन मंदिर, वोटनिकल गार्डन, आदि योगी मैडिटेशन सेंटर आदि का भ्रमण कराया जाएगा. प्रशिक्षणर्थियों के दल में शिक्षक डॉ सत्येश सिंह, प्रो विकास कुमार, प्रो मिलन कुमार व प्रो अनुलेखा महतो साथ हैं। मालूम हो की रविवार को एसएमवीटी बेंगलुरु ट्रेन से हटिया स्टेशन से सवार होकर ये लोग बेंगलुरु के लिए रवाना हुए।

## मोदी सरकार, मजदूर-किसान विरोधी : सुफल महतो




फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**बुंडू :** अखिल भारतीय किसान सभा एवं सीटू के देशव्यापी आव्हान पर राहे में मजदूर- किसान एकता दिवस मनाया गया। इस मौके पर कार्यक्रम में शामिल लोग मजदूर-किसानों पर सर्वाधिक हमला क्यों मोदी सरकार जबाब दो, किसान आन्दोलन का समझौता लागू क्यों नहीं जबाब दो, किसानों के फसलों के लिए एम,एस,पी,की कानूनी गारंटी क्यों नहीं लेबर कोड रद्द क्यों नहीं ,सप्ताह में 90 घंटे काम का नियम नहीं चलेगा आदि नारा लगा रहे थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए झारखंड राज्य किसान सभा के राज्य अध्यक्ष सह अखिल भारतीय किसान सभा के केन्द्रीय कमिटी सदस्य सुफल महतो ने कहा आजाद भारत में देश के निमार्ता मजदूर-किसानों पर सर्वाधिक हमला बढ़ा है, मोदी सरकार सबसे ज्यादा मजदूर - किसान विरोधी सरकार है। किसान आन्दोलन के पश्चात तीनों कृषि कानून रद्द करते हुए मोदी सरकार ने तीन माह के अन्दर किसानों के फसलों के लिए एम एस पी की कानूनी गारंटी का लिखित समझौता किया था जो अब तक लागू नहीं हुआ,देश में किसान आत्महत्याएं लगातार बढ़ रही है। मजदूर विरोधी लेबर कोड रद्द करने के बजाय सरकार अप्रैल से इसे लागू करने पर आमादा है,नयी कृषि बाजार नीति किसानों के हित में नहीं है, कारपोरेट पक्षिय है। अन्नदाता किसानों एवं मजदूरों के सामने करो या मरो की परिस्थिति तैयार हो गया है, एकजुट संघर्ष ही एकमात्र विकल्प है ।इस अवसर पर रांची जिला किसान कौंसिल सदस्य सोमाराम महतो, अंचल कौंसिल सदस्य जगन्नाथ मुंडा,कनक मुंडा,सोमा मुंडा,करमी देवी, कृष्ण महतो, उर्जला कुमारी, संध्या देवी, यशोदा देवी,बाबी देवी, कल्पना देवी, रंगोवती देवी,सुलेखा कुमारी,जय सिंह मुंडा,विसमबर महतो, सुशीला देवी, देवकी देवी, सुषमा देवी, बिनती देवी, सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## यज्ञ मंडप की परिक्रमा करने श्रद्धालुओं के लिए उमड़ी भीड़



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**भुरकुंडा :** पाली पंचायत के सुदी ग्राम में चल रहे पांच दिवसीय श्रीश्री हनुमंत प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ के दूसरे दिन रविवार को पूजा-अर्चना व यज्ञ मंडप की परिक्रमा के लिए श्रद्धालुओं की काफी भीड़ उमड़ पड़ी।इसके पूर्व आचार्य तुलसीदास शास्त्री एवं पंडित दीपक पांडे के द्वारा सुबह में आह्वाहित देवताओं का पूजन और पारायण हवन एवं संध्या में आरती सहित विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराए गए। इसके बाद श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। श्रीश्री हनुमंत प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ के दूसरे दिन रविवार की रात्रि कथा वाचक विनय मिश्रा द्वारा कथा का वाचन कर उपस्थित लोगों के बीच नये ऊर्जा का संचार भरने का काम करेंगे। मौके पर अध्यक्ष महेश बेदिया, सचिव धनेश्वर महतो, उपाध्यक्ष चंद्रदेव करमाली, संयोजक जितेंद बेदिया, कोषाध्यक्ष छतरु बेदिया, सहसचिव सहजनाथ महतो, यज्ञ संचालक नारायण प्रजापति, जगमोहन बेदिया, सहित यज्ञ कमेटी के अन्य लोग कार्यक्रम को को सफल बनाने में जुटे हुए हैं।

## गर्म कपड़े पाकर खिल उठे मदरसा के बच्चों के चेहरे

- ठंड के मौसम में बच्चों के बीच गर्म कपड़े वितरित कर एक परिवार की तरह अनुभूति हुई : जावेद अंसारी



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**ओरमांझी :** ठंड को देखते हुए शनिवार को आमया संगठन की सदस्यों की ओर से मदरसा मसीउल उलूम रहमत नगर चुट्टू में बच्चों को गर्म जैकेट बांटे गये। जिसमें बच्चे स्कूली व मदरसा तालीम लेते हैं। मदरसा के मौलाना की उपस्थिति में संस्था के सदस्यों ने बताया कि हमारी संस्था हर वर्ष सर्दी में स्कूलों में बच्चों को गर्म कपड़े ओर असहाय लोगों की मदद करती है व कंबल भी वितरण करती है। वहीं स्वेटर, कोट व ऊनी कपड़ा लेकर बच्चें काफी खुश नजर आ रहे थे. संस्था के सदस्य जावेद अंसारी ने कहा कि हमारी संस्था का काम ही गरीब व जरूरतमंद लोगों को लाभ पहुंचाना है. कहा कि ठंड के मौसम में बच्चों के बीच गर्म कपड़े वितरित कर एक परिवार की तरह अनुभूति हुई.इस नेक काम मे ?हमारे सहयोगी आफताब आलम, हकीम अंसारी, इमरान अंसारी, जावेद अंसारी,सलमान अंसारी, इमरान अंसारी, मोद्दसिर एहरार, सुलतान अंसारी, अकील अंसारी, सलमान अंसारी आदि का आभार व्यक्त किया।

## कांग्रेस नेता ने बढ़ती ठंड से बचाव के लिए जरूरतमंदों के बीच किया कम्बल वितरण



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**ओरमांझी :** कांग्रेस कमेटी के अल्पसंख्यक विभाग के प्रखंड अध्यक्ष सफीउल्लाह अंसारी के तत्वाधान में रविवार को प्रखंड के बरवे पंचायत क्षेत्र डहू गांव में जरूरतमंद लोगों के बीच ठंड को देखते हुए कंबल वितरण किया गया। इस दौरान पार्टी के अल्पसंख्यक विभाग के प्रखंड अध्यक्ष सफीउल्लाह अंसारी ने कहा कि बढ़ते हुए ठंड को देखते हुए जरूरतमंदों के बीच कंबल बांटा गया। साथ ही लगातार क्षेत्र में जाकर कंबल बांटकर गरीब लोगों की सेवा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जरूरतमंद लोगों की सेवा करना ईश्वर की सबसे बड़ी पूजा है। उन्होंने कहा कि समाज में कई जरूरतमंद आज भी मौजूद हैं। लेकिन उनकी सुध लेने वाला कोई नहीं है। पार्टी द्वारा लगातार इस तरह का कार्यक्रम कर गरीबों का सेवा किया जा रहा है, ताकि उनके चेहरे पर थोड़ी सी मुस्कान ला सके। मौके पर सलमा खातून,रियाज अंसारी, माजिद अंसारी आदि मौजूद थे।

## कपड़ा बैंक ने 300 जरूरतमंदों के बीच कपड़े व कम्बल बांटे



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**बेड़ो :** कपड़ा बैंक ने रविवार को अध्यक्ष कैलाश कुमार के नेतृत्व में बेड़ो के तुको सेमर टोली गांव में 300 जरूरतमंदों के बीच कपड़े एवं कंबल का वितरण किया गया। कपड़ा बैंक के द्वारा लोगों में स्वेटर,जैकेट,साड़ी,जींस सलवार, टीशर्ट एवं बच्चों का कपड़ा एवं कंबल का वितरण किया गया । कपड़ा बैंक के अध्यक्ष कैलाश कुमार ने कहा कि कपड़ा बैंक बेड़ो लगातार पांच वर्षों से ठंड के मौसम में सुदूरवर्ती गांवों में जाकर जरूरतमंदों के बीच कपड़े एवं कंबल वितरण करती है । कपड़ा बैंक के द्वारा जितने भी कपड़े ले जाया जाता है कम पड़ जाता है । उन्होंने लोगों से आग्रह किया की यदि आपके पास घरों में अनुपयोगी कपड़े छोटे हो गए है तो कपड़ा बैंक में जमा कर दें। ताकि हम उसे जरूरतमंदों तक पहुचा सकें । जो कपड़े हमारे लिए पुराने और बेकार लगते हैं वो किसी के लिए जरूरत है और किसी के चेहरे में मुस्कान ला सकती है। कपड़ा बैंक में कपड़े की कमी हो गयी है कपड़ा बैंक का संचालन लोगों के सहयोग से ही चल रहा है। लोग रांची रातू नगड़ी, दलादिली एवं बेड़ो से कपड़े पहुचाते हैं उन सभी का कपड़ा बैंक दिल से आभार जताती है। कपड़ा बैंक की टीम द्वारा बुजुर्गों और असहायों के बीच अपने खर्च से कंबल खरीद कर वितरित करती है। आज कपड़ा बैंक की टीम में आज कैलाश कुमार, शक्ति साहू, सुनील कुमार, रवि केशरी व अनुज कुमार गुप्ता थे।

## सीएम से मिले गुमला के उपायुक्त



**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से शनिवार को कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में गुमला उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने गुमला उपायुक्त करण सत्यार्थी को जिला के समग्र विकास हेतु किये गये उत्कृष्ट कार्यों को लेकर केन्द्र सरकार द्वारा लोक प्रशासन के क्षेत्र में 'पीएम अवार्ड' सम्मान के लिए चयन होने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

## बेड़ो के जहानाबाद में जंगली हाथी का आतंक जारी



- जंगली हाथी ने घर को ध्वस्त कर घर में रखें अनाज खाकर किया बर्बाद
- जहानाबाद गांवों में लगातार जंगली हाथी के आने से ग्रामीणों में दहशत

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**बेड़ो :** प्रखंड के जामटोली पंचायत के जहानबाज गांव के टंगरा टोली में शनिवार की रात लगभग 10 बजे एक विशालकाय जंगली हाथी ने एक ही घर को दो जगहों पर तोड़ दिया।जिससे घर में रखें घरेलू सामान बर्बाद हो गया। वहीं जंगली हाथी ने घर में रखे अनाज दो बोरा और सब्जी सहित घर में बना हुआ खाना को भी जंगली हाथी ने खाकर बर्बाद कर दिया। घटना के बाद रविवार की सुबह ग्रामीणों ने बताया कि जंगली हाथी द्वारा ध्वस्त किए गए घर जतरू उरांव का है और वे एक दिन पहले ही कमाने के लिए बाहर पलायन कर गया है। इसके अलावा टंगरा टोली में ही बुधराम उरांव के घर में खेत से तोड़कर लाए छह बोरा मटर के फसल को भी खाकर बर्बाद कर दिया। इसे लेकर बुधराम उरांव ने बताया कि वे मटर की फसल को घर के आंगन में रखा हुआ था। इसके बाद हाथी ने डब्लू उरांव के घर के बाहर में चावल बनाने के लिए रखे धान को भी खा गया। इधर गांव में जंगली हाथी के आ जाने से पूरे गांव के ग्रामीणों में दहशत व्याप्त हो गया है। ग्रामीण जंगली हाथी के आतंक से परेशान है। इधर गांव में आए जंगली हाथी के द्वारा तोड़े गए घर की जानकारी मिलते ही पंचायत की मुखिया लक्ष्मी कोया और पूर्व मुखिया सुनील कच्छप ने घटना स्थल का जायजा लेते हुए भुक्तभोगी को उचित मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया।

### ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पाण्डेय सिंह से पंचायत सहायक प्रदेश अध्यक्ष और टीम ने मुलाकात कर जताया आभार

# पुनः चयन और जिम्मेदारियों पर चर्चा



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**रांची :** झारखंड की ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पाण्डेय सिंह से झारखंड के पंचायत सहायक प्रदेश अध्यक्ष मिथुन कुमार और सचिव टीपू सुल्तान, मुर्तजा अंसारी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। इस दौरान प्रतिनिधियों ने मंत्री को शॉल भेंटकर आभार व्यक्त किया और मिठाई खिलाकर अपनी खुशी साझा की। मंत्री दीपिका पाण्डे सिंह ने इस मुलाकात में पंचायत स्वयंसेवकों को पुनः पंचायत सहायक के रूप में नियुक्त करने की घोषणा की। उन्होंने बताया कि अब पंचायत सहायक अबुआ आवास योजना और प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत जियो टैगिंग का काम भी करेंगे। मंत्री ने बैठक के दौरान मेहरमा बीडीओ को फोन पर स्पष्ट निर्देश दिए कि पंचायत सहायकों को तुरंत कार्य में शामिल किया जाए और उन्हें जियो टैगिंग का कार्य सौंपा जाए। उन्होंने पंचायत के कामों में पूरी पारदर्शिता और तत्परता बरतने का भी निर्देश दिया। मंत्री ने पंचायत सहायकों को आश्वासन दिया कि वह आगामी बजट सत्र के दौरान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात कर उनकी समस्याओं और मांगों को सामने रखेंगी। उन्होंने पंचायत सहायकों को हरसंभव मदद का भरोसा दिलाते हुए कहा कि वे जल्द ही पंचायत के विकास कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाएंगे। दीपिका पाण्डे सिंह ने पंचायत सहायकों से आग्रह किया कि वे अपने कर्तव्यों को ईमानदारी और निष्ठा से निभाएं। उन्होंने स्पष्ट कहा कि आप सभी को पंचायत के हर कार्य में शामिल किया जा रहा है, लेकिन शिकायतें नहीं आनी चाहिए। हर कार्य को समय पर और सही तरीके से पूरा करना आवश्यक है। प्रदेश अध्यक्ष मिथुन कुमार ने इस बैठक को सकारात्मक करार देते हुए कहा कि मंत्री जी पंचायत सहायकों के प्रति काफी सक्रिय हैं। उन्होंने हमें भरोसा दिया है कि एक सप्ताह के भीतर चयन प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी और हमें पंचायत विकास के कार्यों में लगाया जाएगा। प्रदेश सचिव टीपू सुल्तान ने मुलाकात को बेहद उत्साहजनक बताते हुए कहा कि मंत्री जी से मिलकर हम सभी गदगद हैं। उन्होंने हमारी समस्याओं को गंभीरता से सुना और समाधान का भरोसा दिलाया।

## भुरकुंडा गरीब समाजसेवी संघ ने असहायों के बीच बांटा नाश्ता



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**भुरकुंडा :** गरीब समाजसेवी संघ के तत्वावधान में रविवार को भुरकुंडा बाजार में नाश्ते का वितरण पप्पू सिंह के सौजन्य किया गया संघ के लोग यह कार्यक्रम पिछले तीन वर्षों से प्रत्येक सप्ताह प्रत्येक रविवार को गरीबों की बीच सेवा दिया जाता है। गरीब समाज सेवी संघ के उपाध्यक्ष उदय स्वर्णकार ने कहा कि यह जो कार्यक्रम होता है वह संघ के सदस्यों के सहयोग के द्वारा होते आ रहा है। पप्पू सिंह के जुड़ने से और भी नये सदस्य जुड़ते जा रहे हैं। आज इस संघ में दो नए सदस्य सुनील सोनी और सुनील कुमार सिंह जुड़े हैं। पप्पू सिंह ने कहा की जरूरतमंद की मदद की जा रही है और आगे भी इसी तरह सहयोग किया जाएगा। मौके पर विनोद साह, अजय सोनी, डॉ. केसी दास, तिज राम, विजय कुमार, सुनील कुमार सिंह, सुनील सोनी, सुभाष करमाली, निरंजनी देवी, सविता देवी, सुधा तिवारी, रेणुका दास, रोहिणी देवी पिंकी सागर, लीला सागर, विजय, लक्ष्मी शर्मा, उत्तरा देवी, श्रावणी विश्वास, सहित अन्य शामिल रहे।

## एक झलक

### बच्चों के बीच हुआ चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन




रांची : अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन सृजन शाखा रांची रविवार सुबह 11:00 बजे हत्मा बस्ती में बस्ती के बच्चों के बीच चित्रकला प्रतियोगिता करवाया बच्चों को गणतंत्र दिवस पर ड्राइंग बनानी थी बच्चों ने अपनी मेहनत और क्रिएटिविटी से बहुत सुंदर ड्राइंग बनाई। इस प्रतियोगिता में 40 बच्चों ने हिस्सा लिया। गणतंत्र दिवस से रिलेटेड प्रश्न उत्तर पूछे प्राइस भी दिए ड्राइंग शीट पेंसिल इरेजर शार्पनर कलर केक समोसा और मिक्सर पैकेट दिए गए। इस कार्यक्रम में नेहा सरावगी प्रतिमा अग्रवाल शिखा सुरेखा शालू सिंघानिया राशि सरावगी अमिता केडिया सोनम सराओगी उपस्थित थी।

### चार दिवसीय श्री श्याम निशान अमृत महोत्सव का होगा आयोजन



रांची : श्री श्याम परिवार रांची द्वारा आयोजित चतुर्थ दिवसीय श्री श्याम निशानअमृत महोत्सव प्रभु श्री श्याम के आशीर्वाद स्वरुप आगामी 13 से 16 फरवरी 2025 बड़े ही धूमधाम से मनाया जाएगा। अध्यक्ष श्री श्रवण जी जलान एवं महामंत्री श्री मंटू जी जालान की अध्यक्षता में महोत्सव की कमेटी का गठन किया गया जिसमें श्री प्रकाश जी दालानियाँ को महोत्सव संयोजक बनाया गया तथा सदस्यों को अलग-अलग विभाग के कार्यभार की जिम्मेदारी दी गई। सभी सदस्यों में अपने विभाग के कार्यभार को सहर्ष स्वीकार किया तथा महोत्सव को सुन्दर एवं भव्य रूप देने के लिए अपनी तरफ से प्रभु श्री श्याम के इस महोत्सव में अपनी सेवा देने का संकल्प लिया। श्री अमित चौधरी ने बताया इस शुभ अवसर पर महोत्सव कमेटी द्वारा श्री श्याम निशान अमृत महोत्सव 2025 के पोस्टर का विमोचन किया गया जिसमें मुख्य रूप से श्री पवन शर्मा, श्री जयदीप राज, श्री पवन लोहिया, श्री राजेश अग्रवाल, श्री भुट्टू सिंह, श्री अजय केडिया आदि श्री श्याम परिवार के कई सदस्य उपस्थित थे।

### श्री श्याम मन्दिर का मना 20वां स्थापना दिवस



रांची : श्री श्याम मण्डल, रांची द्वारा निर्मित अग्रसेन पथ स्तिथ श्री श्याम मन्दिर का 20वां स्थापना दिवस दिनांक 2 फरवरी दिन रविवार 2025 को अत्यन्त धूम धाम के साथ आयोजित किया जा रहा है । पूरे मन्दिर की साफ सफाई साज - सज्जा विगत कई दिनों से कार्य हो रहा है साथ ही इस खास अवसर पर पूरे मन्दिर परिसर को रंग बिरंगी विद्युत की रंगीन लड़ियों के साथ रंगीन बैलून तथा फूलों आकर्षक ढंग से सजाया जा रहा है। श्री श्याम मन्दिर के 20 वें स्थापना दिवस पर सर्व प्रथम 2 फरवरी 2025 को हरमू रोड स्थित गौ शाला में प्रातः 8:30 बजे से गौ पूजन एवम गौ सेवा के साथ कायक्रम का शुभारम्भ किया जायेगा। 2 फरवरी 2025 दोपहर 11 : 30 बजे से मन्दिर के निकट शीतल कॉम्प्लेक्स के पार्किंग स्थल पर विशाल श्री श्याम भंडारा का आयोजन होगा जिसमें सैकड़ों भक्तगण श्याम प्रभु का पूर्ण प्रसाद ग्रहण करेंगे।

### गायत्री प्रज्ञापीठ में साधक-शिष्य मंडल की हुई गोष्ठी



रांची : मकर संक्रांति महापर्व निजी तौर पर मनाए जाने के बाद गायत्री परिवार साधक-शिष्यों और भाई-बहनों ने समूह प्रतिनिधित्व में गायत्री प्रज्ञापीठ बसस्टैंड धूर्वा में 19 जनवरी रविवार को एक सामूहिक गोष्ठी के साथ मकर संक्रांति मनाया।दही चूड़ा गुड़ तिलकूट प्रसाद का समूह आनन्द लिया।इसमें रांची जिला समन्वय समिति के नवगठित सदस्यगण तथा धूर्वा क्षेत्र के प्रज्ञा मंडल,महिला मंडल स्वाध्याय मंडल ने शान्तिकुञ्ज द्वारा प्रतिपादित ज्ञानघट, धर्म घट,ज्ञान रथ, अंशदान, यज्ञीय अनुष्ठान, नौ दिवसीय सत्र की रचनात्मक क्रिया-कलाप आदि अनेक विषयों पर विचार-विमर्श व चर्चाएं हुईं।

# बाल श्रम व बाल विवाह एक अपराध : प्रवीण श्रीवास्तव

- नालसा स्कीम व झालसा स्कीम पर डाला गया प्रकाश
- पीएलवी सुमन ठाकुर एवं पम्मी देवी ने फ्री-लिगल-एड के बारे में बताया



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

रांची : 90 दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम को जारी रखते हुए रविवार को मांडर प्रखंड के मांडर बाजार में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एलएडीसी चीफ प्रवीण कुमार श्रीवास्तव, पीएलवी सुमन ठाकुर, मो. शमी अंसारी, विजय खलखो, तालिब अंसारी, दानिश अंसारी, राजा वर्मा एवं अन्य उपस्थित थे।

एलएडीसी चीफ प्रवीण कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि विचाराधीन बंदियों तथा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के वर्गों के लोगों को डालसा के द्वारा मुकदमा लड़ने तथा अपना बचाव करने के लिए निःशुल्क विधिक सहायता दी जाती है। बाल विवाह तथा बाल मजदूरी अपराध है। अभिभावक अपने बच्चों का विवाह 18 वर्ष के बाद ही करें। छोटे बच्चों से काम न करायें, बल्कि उन्हें उचित शिक्षा दें। डायन-बिसाही भी अपराध हैं, किसी भी स्त्री या पुरूष को डायर कहना गलत है। उन्होंने स्पॉन्सरसीप योजना, बाल आशीर्वाद योजना तथा सरकार के द्वारा चलाये जा रहे अन्य लाभकारी योजनाओं के बारे में भी जानकारी दी। पीएलवी सुमन ठाकुर ने प्री-लिटिगेशन मुकदमा दर्ज कराने, विधवा, वृद्धा पेंशन, असंगठित मजदूरों का निबंधन, आयुष्मान भारत योजना के गोल्डन कार्ड, बाल श्रम एवं बाल अधिकार के बारे में जानकारी दी। पीएलवी शमी अंसारी व विजय खलखो ने प्रधानमंत्री आवास योजना के बारे में विस्तार से बताया। सुमन ठाकुर ने बाल श्रम एवं बाल विवाह पर फोकस किया। उन्होंने कहा कि अपनी बच्चियों का विवाह 18 वर्ष के बाद ही करें, 18 वर्ष से पहले बेटियों का विवाह न करें। पीएलवी दानिश अंसारी ने विधवा पेंशन के बारे में जानकारी दी विधवाओं को आवेदन देकर पेंशन प्राप्त करने पर जोर दिया। पीएलवी ने असंगठित मजदूरों को फार्म भरने के लिए कहा ताकि उनका फर्म भरकर उनका जॉब कार्ड बनाकर उन्हें सरकार के द्वारा प्राप्त होनेवाली योजनाओं का लाभ मिल सकें। यह भी ज्ञात हो कि डालसा के पीएलवी ने आगामी 22 फरवरी को आयोजित होनेवाले विवाह व चेक अनादरण से संबंधित विशेष लोक अदालत तथा 08 मार्च को आयोजित होनेवाले राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे में भी जानकारी दी। कहा कि वादकारी उक्त तिथि को व्यवहार न्यायालय, रांची में उपस्थित होकर अपने वादों का निस्तारण मध्यस्थता के माध्यम से करा सकते है। इससे धन व समय की बचत होगी। जागरूकता कार्यक्रम में एलएडीसी चीफ प्रवीण कुमार श्रीवास्तव, पीएलवी सुमन ठाकुर, मो. शमी अंसारी, विजय खलखो, तालिब अंसारी, दानिश अंसारी, राजा वर्मा एवं अन्य उपस्थित थे।

## 26 जनवरी को राष्ट्रीय युवा शक्ति की ओर से 'आओ भारत पर्व मनायें' का होगा आयोजन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

रांची : राष्ट्रीय युवा शक्ति की ओर से 'आओ भारत पर्व मनाएं' कार्यक्रम के तहत 26 जनवरी की पूर्व संध्या पर एक भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जाएगा। इस ऐतिहासिक आयोजन की शुरूआत 25 जनवरी 2025, शाम 5 बजे होगी। तिरंगा यात्रा 1000 मीटर का छप्पड़ लाइट से सुसज्जित भव्य तिरंगे के साथ रातू रोड पहाड़ी मंदिर से शुरू होकर अपर बाजार रोड होते हुए अल्बर्ट एक्का चौक तक जाएगी। अल्बर्ट एक्का चौक पर अमर शहीद के परिवार के हाथों से राष्ट्रीय ध्वज झंडा तोलन किया जाएगा। कार्यक्रम की खास झलकियों में शहीद चौक से लेकर परमवीर अल्बर्ट एक्का चौक होते हुए सजना चौक तक राष्ट्रीय ध्वज से शहीद के कट आउट से एवं तिरंगे कलर का बैलून, एवं विद्युत साज से सजाई जाएगी, सेल्फी प्वाइंट्स, आतिशबाजी, और देशभक्ति के रंग में रंगे कई आकर्षक गतिविधियां शामिल होंगी।

महत्वपूर्ण जानकारी

-तारीख : 25 जनवरी 2025

- समय : शाम 5 बजे

-स्थान : रातू रोड पहाड़ी मंदिर से अल्बर्ट एक्का चौक तक

इस निर्णय के लिए आयोजित बैठक में राष्ट्रीय युवा शक्ति के केंद्रीय अध्यक्ष उत्तम यादव मुख्य रूप से उपस्थित थे। 25 एवं 26 तारीख कार्यक्रम का प्रभारी शैलेश नंद तिवारी जी को बनाया गया है।

## जेसीआई रांची का 65वां शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न

# जेसी प्रतीक जैन ने सम्भाली अध्यक्षता




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

रांची : रविवार को रांची के होटल रेनड्यू में जेसीआई रांची ने 65वें शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया। इस भव्य कार्यक्रम के मुख्य अतिथि झारखंड के पहले मुख्यमंत्री श्री बाबूलाल मरांडी जी थे, और विशिष्ट अतिथि के रूप में जेसीआई इंडिया की पूर्व नेशनल प्रेसिडेंट जेसी राखी जैन उपस्थित रहीं। समारोह में संस्था के नवनिर्वाचित अध्यक्ष जेसी प्रतीक जैन ने अपनी ऊजार्वान टीम के साथ शपथ ग्रहण किया। मुख्य अतिथि श्री बाबूलाल मरांडी जी ने अध्यक्ष प्रतीक जैन और उनकी टीम को शुभकामनाएं देते हुए जेसीआई को जूनियर चैंबर इंटरनेशनल के बजाय यूथ चैंबर इंटरनेशनल के रूप में संबोधित किया, जो युवाओं के नेतृत्व और समाज में सकारात्मक बदलाव का प्रतीक है। विशिष्ट अतिथि जेसी राखी जैन ने जेसीआई रांची को 'मिनी जेसीआई जोन' के रूप में सराहा और इसकी उपलब्धियों के लिए बधाई दी। उन्होंने नई टीम को समाजसेवा और विकास के लिए प्रेरित करते हुए उनकी योजनाओं की प्रशंसा की।

अध्यक्ष जेसी प्रतीक जैन का विजन :

नवनिर्वाचित अध्यक्ष जेसी प्रतीक जैन ने अपनी टीम को संबोधित करते हुए ₹लीडिंग द चेंज₹ थीम पर जोर दिया। उन्होंने इस साल समाज के विकास के लिए कई योजनाओं की घोषणा की, जिनमें 50 जरूरतमंद विद्यार्थियों को स्कॉलरशिप प्रदान करने की योजना प्रमुख है।

## रांची के ब्रह्मकुमारी विवि में मनाया ब्रह्म बाबा का 56वां स्मृति दिवस

रांची : शहर के पिठौरिया के नवा टोली स्थित प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में रविवार को संस्था के संस्थापक प्रजापिता ब्रह्म बाबा का 56वां पुण्य स्मृति दिवस मनाया गया।इस अवसर पर सेवा केंद्र संचालिका बीके राजमती ने ब्रह्म बाबा के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बाबा ने मानव मात्र के जीवन को सुखी बनाने के लिए कई प्रेरणाएं दी हैं। बाबा की शिक्षाएं मनोवैज्ञानिक रूप से बहुत लाभदायक सिद्ध हुई हैं और आज पूरे विश्व में ब्रह्म बाबा की शिक्षा के जरिये लाखों लोगों ने अपना जीवन सुखमय बनाया है। युवा समाजसेवी आशुतोष द्विवेदी ने कहा कि ब्रह्म बाबा एक आध्यात्मिक प्रणेता थे, जो लोगों के जीवन से अवगुणों को छुड़ाने के मार्गदर्शक बने। समाजसेवी सह बाड़ू पंचायत के सरपंच अशोक उरांव ने जीवन में आध्यात्मिकता को अपनाने की बात कही। समाजसेविका संपति देवी ने भी अनुभव साझा किया और ब्रह्म बाबा को श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इस अवसर पर संस्था की उर्मिला देवी, लीला देवी, कविता सेन और किरण देवी सहित कई अन्य लोग मौजूद थे।

## केन्द्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने सफाई कर्मियों के साथ सुनी मन की बात

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

रांची : देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 118 वे एपिसोड मन की बात आज केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री श्री संजय सेठ ने अपने आवास पर सैकड़ो सफाई कर्मचारियों के साथ सुनी। श्री सेठ ने इस अवसर पर कहा भारत वासियों की उपलब्धि उनकी गाथा सुनाने का अवसर प्रदान होता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणादायक बातें सुनकर हम सब को एक ऊर्जा प्राप्त होती है और उसी ऊर्जा के साथ हम लोग आगे काम कर पाते हैं। हमारे देश के ऐसे होनहार जो अपने अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करते हैं उसे जानने का मौका मिलता है । आज जो भारत में कुंभ का आयोजन हो रहा है इस कुंभ की व्यवस्था वहां के मैनेजमेंट जो पूरे विश्व में आज जिसकी सरहाना हो रही है उससे जाने का मौका मिल रहा है। स्टार्टअप, भारतीय स्पेस डॉकिंग ऐसे कई उत्कृष्ट कार्य जो आज भारत विश्व के चौथे



नंबर पर है ऐसी गाथाओं को सुनकर पूरा देश गौरवान्वित महसूस करता है। रेडियो के मन की बात के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र में निवास करने वाले लोगों को भारत की गाथा को जानने का अवसर मिलता है। 2047 तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत बनाने का सपना कैसे भारत सर्वश्रेष्ठ भारत बने इन सभी गाथाओं को देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रेरणादायक बात सुनने का आवश्यक प्रदा होता है आज पंड्रा मंडल सुखदेव नगर मंडल के सैकड़ो सफाई कर्मी के साथ मन की बात सुनने का अवसर प्रदान हुआ।

## गणतंत्र दिवस पर समाज के दो वयोवृद्ध नागरिकों को सम्मानित करेगा बहावलपुरी पंजाबी समाज



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

रांची : गणतंत्र दिवस के आयोजन को लेकर बहावलपुरी पंजाबी समाज द्वारा आज 19 जनवरी, रविवार को सुबह 11:00 बजे कार्यकारिणी की बैठक बुलाई गई। संस्था के अध्यक्ष लक्ष्मण दास मिढ़ा की अध्यक्षता में हुई बैठक में गणतंत्र दिवस समारोह के आयोजन को लेकर विचार विमर्श किया गया। 26 जनवरी को कृष्णा नगर कॉलोनी स्थित गुरुद्वारा मंदिर चौक में सुबह 10:30 बजे झंडोतोलन किया जाएगा। इस समारोह में समाज के मुखी, संस्था के संरक्षक गण, गुरुद्वारा एवं मंदिर कमेटी, गुरु नानक भवन कमेटी, गुरु नानक बाल मंदिर स्कूल कमेटी, गुरुनानक सेवक जत्था, पंजाबी युवा मंच,स्त्री सत्संग सभा,माता गुजरी जत्था, मां भवानी ज्योत मंडल समेत अन्य संस्थाओं के सदस्य भी शामिल होंगे। बैठक का संचालन संस्था के सचिन मुकेश बजाज ने किया।

## झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा की बैठक आयोजित

# कई कार्यक्रम तय, प्रस्ताव भी पारित




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

रांची : रविवार को रांची के रेडियम रोड़ स्थित होटल आलोका के सभागार में झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा की कोर कमिटि की बैठक आयोजित की गयी। यह बैठक आगे की रणनीति, कार्यक्रम, नगर निगम/निकाय चुनाव एवं सदस्यता और संगठन विस्तार के लिए रखी गयी थी। बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु ने किया। बैठक में विचार-विमर्श के बाद सर्वसम्मति से तय किया गया कि अब आगामी 23 फरवरी को पतरातू डैम में ही कार्यकर्ता प्रशिक्षण शिविर सह मिलन समारोह का आयोजन किया जायेगा। उसके पूर्व 9 फरवरी को खूंटी में केंद्रीय समिति की विस्तारित बैठक का आयोजन किया जायेगा। इस बैठक की तैयारी की जवाबदेही खूंटी जिला प्रभारी राजन चौधरी, केंद्रीय महासचिव कपिल प्रसाद साहु एवं संगठन महासचिव कृष्णा साहु को दी गयी है। यह भी तय किया गया कि संगठन विस्तार और सदस्यता बढ़ाने के लिए सभी पदाधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में कार्यक्रम आयोजित करेंगे और केंद्रीय नेताओं को आमंत्रित करेंगे।

## रांची स्थित पहाड़ी मंदिर में भव्य कार्यक्रम करने का लिया गया निर्णय



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

रांची : रांची स्थित पहाड़ी मंदिर में हर दिन दोपहर में बाबा का श्रृंगार किया जाता है। पहाड़ी मंदिर दैनिक दोपहर श्रृंगार परिवार की ओर से 22 जनवरी 2025 को बाबा का महारुद्राभिषेक 151 लीटर दूध से मुख्य मंदिर में किया जाएगा। प्रातः काल 10:00 बजे से दोपहर 1:00 तक इस कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा तत्पश्चात 1:00 बजे से बाबा का भव्य श्रृंगार एवं भजन के साथ 56 भोग एवं महाआरती का आयोजन किया जाएगा एवं ढाई बजे से 56 भोग एवं महाप्रसाद का वितरण दर्शनार्थियों एवं सनातन प्रेमियों के बीच किया जाएगा इस कार्यक्रम में मुख्य पुजारी के रूप में कबीर दास पिंटू जी उपलब्ध रहेंगे। इस आयोजन को सफल बनाने में श्री पहाड़ी मंदिर दैनिक दोपहर श्रृंगार परिवार के पंकज गुप्ता ,आशुतोष कुमार गुप्ता, रामनाथ साहू ,जितेंद्र बरनवाल, अमित व्यास सहित अन्य सदस्य अपना योगदान दे रहे हैं।

## विभिन्न महाविद्यालय से कई छात्र एनएसयूआई में हुए शामिल, ग्रहण की सदस्यता



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

रांची : रविवार को एनएसयूआई रांची जिला प्रभारी मुशर्रफ हुसैन के नेतृत्व में रांची के विभिन्न महाविद्यालय से कई छात्र एनएसयूआई में शामिल हुए और सदस्यता ग्रहण की, आर्यन सिंह और आर्यन कुमार का स्वागत माला एवं एनएसयूआई पट्टा पहना कर किया। मौके पर उपस्थित कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश जी ने सभी को सदस्यता देते हुए कहा कि आज देश में लड़ाई विचारधारा की है, और अब इस देश का छात्र युवा ही तय करेगा कि वो किसके साथ है। छात्रहितों के लिए एकजुट होकर संघर्ष करने की बात कही। वहीं, छात्रों को संबोधित करते हुए पूर्व प्रदेश अध्यक्ष, वरिष्ठ कांग्रेसी आलोक दुबे जी ने कहा कि छात्र युवा इस देश की नींव है, एनएसयूआइ का उद्देश्य है छात्र छात्राओं को छात्र सेवा में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित करना। प्रदेश उपाध्यक्ष अमन अहमद ने कहा कि छात्र संगठनों में शामिल होने से छात्रों को नेतृत्व क्षमता विकसित करने, समूह चर्चा करने, और सामाजिक-राजनीतिक मुद्दों पर बातचीत करने का मौका मिलता है। छात्र संगठनों में शामिल होने से छात्रों को अपने शैक्षणिक अनुभवों को बेहतर बनाने में भी मदद मिलती है और छात्रों को अन्य छात्रों की मदद करने का मौका मिलता है। मंच का संचालन एनएसयूआई प्रदेश कार्यालय प्रभारी सह प्रदेश सचिव हुसैन जी ने किया और कहा कि आप सभी नए साथीयों का एनएसयूआई परिवार में हार्दिक हार्दिक स्वागत है अभिनंदन है। मौके पर मुख्य रूप से उपस्थित कांग्रेस प्रदेश कार्यालय प्रभारी अभिलाष साहू जी एवं रांची महानगर कांग्रेस अध्यक्ष अल्पसंख्यक हुसैन खान जी, प्रदेश सचिव पवन कुमार, सरफराज अहमद थे। सदस्यता ग्रहण करने वालों में आर्यन सिंह, आर्यन कुमार, सम्राट कुमार झा, दिव्यांग तिर्की, दिव्यंग गौरव, प्रियांशु शेखर, विक्की प्रताप, आदिल खान, राज खान, सुमन कुमार, आदित्य प्रभात, रौनक सिंह, आयुष विश्वकर्मा, सोपनिल सूरज, आदित सोनी, मयंक राज, सुभरकर राज, धीरज, अंकित, हितिक आदि छात्र शामिल थे।

## शिव शक्ति एवं हनुमत प्रतिष्ठा महायज्ञ समारोह का आयोजन



हेहल : वृंदावन नगर (मुरला पहाड़) में नवनिर्मित शिव शक्ति एवं हनुमत मंदिर प्राण प्रतिष्ठा हेतु समारोह का आयोजन मुहल्ला वासियों द्वारा किया गया है। आहूत यज्ञ निर्विघ्न सम्पन्न हो, हेतु देवताओं के आवाह्न हेतु कलशयात्रा निकाला गया। कलशयात्रा में मुख्य अतिथि कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश,पूर्व डिप्टी मेयर अजयनाथ सहदेव उपस्थित रहे।कार्यक्रम के मुख्य संरक्षक प्रसिद्ध समाजसेवी बबन कुमार ने कहा कि मुहल्ला में मंदिर बनने से धर्म प्रेमी सज्जनों खासकर महिलाओं और बुजुर्गों को पूजापाठ भजकीर्तन करने में काफी सहूलियत होगी। मुहल्ले में मंदिर नही होने से यहां के लोगो को काफी दूर पहाड़ी मंदिर या अन्य मंदिरों में पूजापाठ और ध्यान कीर्तन करने जाना पड़ता था।हिन्दू धर्म मे मंदिर की काफी महता है और हिन्दू खासकर महिलाएं मंदिर को अपने जीवन मे सबसे ज्यादा महत्व देते है।

## हरमू हाउसिंग कॉलोनी में लगाया गया स्वास्थ्य जांच शिविर

- आंख, कान, दांत सहित जेनरल रोगों की हुई जांच डॉक्टर ने दिया परामर्श

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

रांची : झारखंड स्वास्थ्य मिशन, रांची,आशा महिला समिति हरमू एवं रांची सिटीजन फोरम के संयुक्त तत्वावधान में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन हरमू हाउसिंग कॉलोनी स्थित मनोकामना पूर्ति छठ घाट के समीप ज्ञान रश्मि हाई स्कूल, हरमू रांची में किया गया। इस स्वास्थ्य जांच शिविर में 200 लोगों का निःशुल्क ब्लड प्रेशर, शुगर,जेनरल रोग जांच,नेत्र रोग जांच,हियरिंग (कान)जांच,एवं दांत जांच किया गया। इस मिशन का लक्ष्य है कि शहर से लेकर गांव तक सभी जगहों पर निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर एवम रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाए। ताकि कोई भी व्यक्ति स्वास्थ्य लाभ से वंचित न रहे।इस कार्यक्रम के सफल आयोजन में झारखंड स्वास्थ्य



मिशन,रांची के अध्यक्ष संतोष सोनी, रांची सिटीजन फोरम के अध्यक्ष दीपेश निराला, उपाध्यक्ष उमा शंकर सिंह, सचिव रेणुका तिवारी, सह सचिव हरीश नागपाल और एस मृदुला, कोषाध्यक्ष विनोद बेगवानी, राजेंद्र कुमार, जितेंद्र कुमार सिंह एवं आशा महिला समिति हरमू के अध्यक्ष सुमित्रा किस्कू, आशा देवी, ब्रतती मिश्रा,निशा, बेबी कुमारी, ममता देवी, उर्मिला देवी,बालमति कुमारी, सोमरी देवी, सविता कुमारी, अंकिता कुमारी, उर्शिला कुमारी, रतनी उराइन,किरण मिश्रा, इलिसबा तिर्की, बिंदु कच्छप का योगदान रहा।

## हर हर महादेव के उद्घोष के साथ रवाना हुई कुम्भ स्पेशल ट्रेन

# 144 साल के बाद सनातनियों को मिला यह सौभाग्य : संजय सेठ



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

रांची : रेलवे ने रांची से उत्तर प्रदेश के प्रयागराज महाकुंभ जाने के लिए रविवार से स्पेशल ट्रेन संख्या 08067 की शुरूआत की है। रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने रांची रेलवे स्टेशन से टूंडला के लिए महाकुंभ स्पेशल ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। महाकुंभ स्पेशल ट्रेन को हरी झंडी दिखाने से पहले रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने प्रयागराज जाने वाले श्रद्धालुओं का तिलक लगाकर स्वागत किया। उन्होंने उनसे झारखंड की सुख-समृद्धि के लिए भगवान से आशीर्वाद मांगने का भी आग्रह किया। साथ ही श्रद्धालुओं से अपील की कि महाकुंभ में डुबकी लगाने के बाद वे मां गंगा से राज्य के विकास के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के और अधिक शक्तिशाली और दीघार्यु होने का आशीर्वाद मांगें। उन्होंने महाकुंभ के सुखद संयोग और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के कुशल नेतृत्व की भी सराहना की। राज्यसभा सदस्य दीपक प्रकाश ने महाकुंभ के लिए रांची से स्पेशल ट्रेन चलाने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार जताया। इस दौरान राज्यसभा सदस्य महुआ माजी, रांची विधानसभा क्षेत्र के विधायक सीपी सिंह और हटिया डीआरएम जसमीत बिंद्रारांची सहित कई अन्य लोग मौजूद थे। उल्लेखनीय है रांची के सांसद और रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने प्रयागराज महाकुंभ मेले के लिए रांची रेल मंडल से ट्रेन का परिचालन करने को लेकर केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात कर उनसे चर्चा की थी। साथ ही उनसे आग्रह किया था कि कुंभ ट्रेनों का परिचालन रांची के रूट से किया जाए। इससे रांची, रामगढ़, खूंटी, हजारीबाग, लोहरदगा, गुमला, सिमडेगा, कोडरमा, चतरा, लातेहार, पुरुलिया, जमशेदपुर और सरायकेला-खरसावां सहित कई जिलों के लोग कुंभ की यात्रा कर सकेंगे।

## युवा आजसू के प्रमुख पदाधिकारियों ने सामूहिक रूप से पार्टी से दिया इस्तीफा

रांची : युवा आजसू के कई प्रमुख पदाधिकारियों ने सामूहिक रूप से पार्टी से त्यागपत्र दे दिया है। इनमें प्रदेश संयोजक गौतम सिंह, रांची जिला सह प्रभारी नीरज वर्मा, नीतीश सिंह, रांची महानगर संयोजक अभिषेक शुक्ला, रोहित चौधरी, विशाल यादव सहित सैकड़ों पदाधिकारी शामिल हैं। इन सभी ने पार्टी सुप्रीमो को अपना इस्तीफा भेज दिया है। प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए युवा नेता नीरज वर्मा ने कहा कि बीते एक दशक से उन्होंने संघर्ष, सेवा और समर्पण के साथ पार्टी की विचारधारा और सिद्धांतों को आगे बढ़ाने का कार्य किया। लेकिन हाल के दिनों में पार्टी के भीतर पनपी साजिशों और समर्पित कार्यकर्ताओं की अनदेखी ने उन्हें यह कठोर निर्णय लेने पर विवश कर दिया। उन्होंने कहा, पार्टी, जो कभी युवाओं के नेतृत्व और संघर्ष के लिए जानी जाती थी, अब बाहरी भीतरी, अगड़ा पिछड़ा जैसे विद्वेषों में उलझ चुकी है। संगठन के भीतर कुछ चुनिंदा लोगों के द्वारा गुटबाजी को बढ़ावा दिया जा रहा है, और आंदोलनकारियों के परिवारों के साथ साजिश के तहत अपमानजनक व्यवहार किया जा रहा है। नीरज वर्मा ने झारखंड आंदोलनकारी स्व. कमल किशोर भगत की पत्नी नीरू शांति भगत के साथ हुई सांगठनिक अभद्रता और सोशल मीडिया पर हुए अपमान को घोर निंदनीय बताया।

## सीपीआई ने किया कांके डैम के पास कार्यकर्ता मिलन सह भोज का कार्यक्रम



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

रांची : सीपीआई द्वारा कांके डैम के पास कार्यकर्ता मिलन सह भोज का कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसे मुख्य रूप से जिला सचिव अजय सिंह,एटक का राज्य महासचिव अशोक यादव, ओम प्रकाश सिंह,बिनोद मिश्रा ज्योति कुमार गोरेलाल पासवान,ज्योतिष सिंह सतीश केशरी के नेतृत्व में बड़ी संख्या में मजदूरों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण किया,पार्टी के जिला मंत्री ने लाल पट्टा पहनाकर सभी मजदूरों को पार्टी में शामिल कराया।सभा को संबोधित करते हुए जिला सचिव अजय सिंह ने कहा कि वक्त का तकाजा है कि देश में मजदूरों और किसानों की एकता देश के आम आवाम के लिए जरूरी है,देश में कॉरपोरेट समर्थक सरकार काबिज है जो मजदूरों और किसानों के हक और अधिकार के साथ खिलवाड़ कर रही हैं।श्रम कानूनों में लगातार परिवर्तन कर मजदूरों के हक अधिकारों को छिनने का कार्य कर रही ।कॉन्ट्रैक्ट पर बहाली और मजदूरों का शोषण हो रहा है।इसलिए मजदूर और किसानों को एकजुट होकर अपने हक कि लड़ाई लड़नी होगी। अशोक यादव ने कहा कि मजदूरों को अपनी लडाई लड़ने के लिए लालझंडे को मजबूत करना है। तभी हम संवैधानिक मूल्यों को बचा पाएंगे।

## एक झलक

### गणतंत्र दिवस पर झंडोत्तोलन के सम्बन्ध में दी गयी जानकारी

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में बैठक आयोजित कर आगामी 26 जनवरी 2025 को गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर प्रखंड अंतर्गत अवस्थित कार्यालय, संस्थान, एवं विद्यालय में झंडोतोलन किये जाने को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी के द्वारा समय सारिणी की प्रेस विज्ञप्ति जारी की गई। प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार 26 जनवरी के दिन गांधी स्मारक में प्रात: 9 बजे, प्रखंड सह अंचल कार्यालय में प्रात: 9:10 मिनट में, प्रखंड संसाधन केंद्र में प्रात: 9:30 मिनट में, प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी कार्यालय में प्रात: 9:35 मिनट में, पल्स टू उच्च विद्यालय विष्णुगढ़ में प्रात: 9:40 में, सामुदायिक स्वास्थ केंद्र में प्रात: 9:45 में, चेडरा पंचायत भवन में प्रात: 9:50 में, वन क्षेत्र पदाधिकारी कार्यालय में प्रात: 9:55 में, विष्णुगढ़ थाना परिसर में प्रात: 10:10 में, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय विष्णुगढ़ में प्रात: 10:25 में, झारखंड शांति निकेतन विद्यालय विष्णुगढ़ में प्रात: 10:30 में, आदर्श डीएवी पब्लिक स्कूल में प्रात: 10:35 में, विष्णुगढ़ इंटर महाविद्यालय में प्रात: 10:40 में, टेकलाल महतो डिग्री महाविद्यालय में प्रात: 11:00 बजे और बिरहोर कॉलोनी, बिलंडी एवम चलंगा में प्रात: 11:10 में झंडोतोलन करना सुनिश्चित किया गया है। साथ ही कार्यालय द्वारा सभी को सूचित किया गया कि ससमय पर उपस्थित होकर इस राष्ट्रीय त्योहार को मिलकर मनायें।

### गोविंदपुर शिव मंदिर प्रांगण में आम सभा अंतु पंडित की हुई बैठक

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ प्रखंड के पंचायत गोविन्दपुर में शिव मंदिर प्रांगण में रविवार को एक आम सभा अंतु पंडित की अध्यक्षता में की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि गोविंदपुर पंचायत में एक भव्य यज्ञ का आयोजन आगामी चैत मास (अप्रैल) में किया जाएगा। इस यज्ञ को बेहतर ढंग से संचालित हेतु अगला बैठक 09 फरवरी रविवार को रखा गया है। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि सोमर महतो, पूर्व मुखिया तिलक साव, उपमुखिया मूरत महतो, हरेंद्र प्रसाद महतो, उमेश सिंह, विजय कुमार, विनोद साव, गणेश महतो, कौलेश्वर महतो, तिलेश्वर साव, टूकन सर, दशरथ महतो, सोनू साव, सीटन पंडित, मोहन रजक, संजय महतो, प्रयाग महतो, डेगलाल महतो, बालेश्वर सिंह, भुनेश्वर सिंह, भानु देवी, सीता देवी, बबिता देवी, मिना देवी समेत सैकड़ों की संख्या में लोग शामिल रहे।

### पेड़-पौधा को सुरक्षा प्रदान करना हमारा दायित्व

**हजारीबाग :** झारखंड विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वधान मे जिला विधिक सेवा प्राधिकार हजारीबाग की ओर से बैनरतले 90 दिवसीय डोर टू डोर कार्यक्रम का आयोजन बरही प्रखण्ड मे किया गया। जिसका मॉनिटरिंग डी एल एस ए सचिव गौरव खुराना के द्वारा किया जा रहा है। कार्यक्रम में पीएलवी विकाश कुमार पांडेय, दीपक कुमार, पंकज कुमार, ब्रह्मदेव पांडेय, सिकंदर कुमार, सुनील वर्मा, निर्मल राम के द्वारा लोगों को वन संरक्षण अधिनियम से संबंधित जानकारी दिया गया तथा लोगों को यह भी बताया गया कि वन संरक्षण अधिनियम एक ऐसा कानून है जिसका उद्देश्य वनों की रक्षा एवं संरक्षण करना है। वनों की कटाई को रोकने के लिए यह कानून लागू किया गया था जिससे कि हमारे वन संसाधनों को स्थाई प्रबंधन को बढ़ावा मिल सके। इसलिए वनों का सुरक्षित रखना हमारा दायित्व है। कार्यक्रम के दौरान लोगों को जिला विधिक सेवा प्राधिकार से संबंधित जानकारी भी दिया गया। साथ ही साथ यह भी बताया गया कि आपसी छोटे छोटे विवादों मे डी एल एस ए के माध्यम से बातचीत कर विवाद को निपटाया जा सकता है। डी एल एस ए एक ऐसी जगह है जहां त्वरित एवं नि:शुल्क कार्य किया जाता है,जहां से प्रत्येक दिन दोनों पक्षों मे समन्वय बनाते हुए विवाद को समाप्त किया जा रहा है,तथा आवश्यकता पड़ने पर नि:शुल्क अधिवक्ता भी उपलब्ध कराया जाता है।

# परीक्षाफल सह पुरस्कार वितरण समारोह का भव्य आयोजन

**आयोजन**

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** प्रखंड के एम्बिशन पब्लिक स्कूल में शनिवार को अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वाधान में भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का परीक्षाफल सह पुरस्कार सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया है। कार्यक्रम का शुभारंभ दीपप्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम के तत्पश्चात अतिथियों के स्वागत में एंबिशन पब्लिक स्कूल एवं बाल विकास विद्यालय के छात्राओं ने स्वागत नृत्य प्रस्तुत किया। जिसका संचालन विद्यालय के संस्कृत एवं हिंदी शिक्षक सुशांत कुमार पाठक शक्ति ने किया। इस सम्मान समारोह में कक्षा वार जिले में प्रथम, द्वितीय, तृतीय और टॉप टेन आने वाले छात्र छात्राओं को भारतीय संस्कृति मंच के तत्वाधान में प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित कर पुरस्कार सह मेडल, ट्रॉफी और प्रशस्ति पत्र इत्यादि देकर पुरस्कृत किया गया। जिसमें उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल के हजारीबाग जिले के विष्णुगढ़ प्रखंड में कक्षा पांच से इंटरमीडिएट तक के लगभग जिले में प्रथम 10वे स्थान में आने वाले कुल 67 विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। जिसमें एम्बिशन पब्लिक स्कूल के राजमोहन कुमार और आदर्श डीएवी पब्लिक स्कूल के सृष्टि शाह जिले में प्रथम स्थान हासिल किये, वहीं, द्वितीय स्थान में बाल विकास विद्यालय के हिमांशु राज और पल्स टू उच्च विद्यालय विष्णुगढ़ से आर्यन कुमार, जबकि तृतीय स्थान पर पल्स टू उच्च विद्यालय विष्णुगढ़ के विशाल कुमार रहे। इस परीक्षाफल सह पुरस्कार वितरण समारोह के सफल आयोजन हेतु एंबिशन पब्लिक स्कूल और गायत्री परिवार ने अहम भूमिका निभाई। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि शांतिकुंज




प्रतिनिधि नरेंद्र विद्यार्थी ने भारतीय संस्कृति के बारे बताते हुए कहा कि भगवान की परिभाषा एवं सनातन धर्म का उल्लेख करते हुए बताया कि जो हमें जीवन दे, वहीं, भगवान है। भगवान सदैव परोपकार के लिए होता है, धर्म के स्थापना के लिए होती है, सनातन धर्म सभी धर्म से उत्तम है, यह युग युगांतर से चलता आ रहा है। अपनी संस्कृति और सभ्यता को अक्षुण्ण बनाये रखने के लिए हम सभी को वैदिक परंपरा अनुसार दैनिक कर्म करना चाहिए। उन्होंने शिक्षा और ज्ञान में अंतर स्पष्ट करते हुए कहा कि मैंकाले के अनुसार आज की शिक्षण पद्धति हो गई है, बच्चों में शिक्षा का विकास हो रहा है, परंतु संस्कार गौण हो रहे हैं। संस्कार और संस्कृति को बचाने के लिए एवं आत्मिक चेतना के विकास हेतु हमें अपने बच्चों को भारतीय वैदिक परंपरा अनुसार अपने बच्चों को ज्ञान देना आवश्यक है। इसके साथ-साथ हजारीबाग जिला समन्वयक केशवनंद ने सभी विद्यार्थियों के हौसला अफजाई करते हुए कहा कि आप सभी विद्यार्थी अपने जीवन में अच्छे संस्कारों के साथ-साथ अध्यात्म को भी अपनाये क्योंकि जिस व्यक्ति के जीवन में अध्यात्म हो और आदर्श महापुरुषों के प्रेरक जीवन चरित्र, उनके संघर्ष की कहानिया व उनके त्याग व साहस का स्वाध्याय हो तो उसे भीतर से सकारात्मक ऊर्जा का बल प्राप्त होता हैं। शिक्षक गुलाब महतो ने कहा कि व्यक्ति के जीवन में कई तरह के पड़ाव आते रहते हैं। कभी सुख, कभी दु:ख, विपदाएं, परेशानियाँ, कठिनाईयां आदि का सामना करते करते सकारात्मक ऊर्जा नहीं मिलने के कारण व्यक्ति थक जाता हैं, हार जाता हैं, टूट जाता हैं। परन्तु जिस व्यक्ति के जीवन में अध्यात्म हो और आदर्श महापुरुषों के प्रेरक जीवन चरित्र, उनके संघर्ष की कहानियां व उनके त्याग व साहस का स्वाध्याय हो तो वह अपने आपको कमजोर नहीं बल्कि मजबूत महसूस करता हैं। अध्यात्म में वो शक्ति हैं जो हारे हुए जीवन को जित में बदल देता हैं। जो व्यक्ति अपने जीवन में अध्यात्म को अपना लेता हैं, वो जीवन में कभी संसार की कैसी भी स्थिति-परिस्थिति में कभी हार नहीं सकता, वो जीत जाता हैं। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अतिथि गायत्री परिवार के मुख्य ट्रस्टी बीड्ढकेड्ढ विश्वकर्मा, प्रथम मुख्य ट्रस्टी डूंगरमल जैन, सहायक ट्रस्टी पुरण साहू, जिला संयोजक रविन्द्र कुमार, उपजिला संयोजक लक्ष्मण कुमार, गायत्री परिवार के बृजकिशोर सिंहा, सेवानिवृत शिक्षक वीरेंद्र उपाध्याय, भैया धनंजय कुमार,पल्स टू उच्च विद्यालय बरकट्ठा के शिक्षक गुलाब महतो, समाजसेवी सुनैना दुबे, रामजन्म राय, एम्बिशन पब्लिक स्कूल के निदेशक विवेक कुमार, प्रधानाध्यापक राजेश कुमार मंडल, परीक्षा नियंत्रक अमन कुमार, आदर्श डीएवी पब्लिक स्कूल के प्राचार्य दिगविजय नारायण सिंह, विवेकानंद सेवा आश्रम के संचालक यशवंत मिश्रा, देवेंद्र नाथ गुप्ता, महादेव महतो, बबीता, अनूप बरनवाल, नकुल महतो, उत्क्रमित मध्य विद्यालय बरहमोरिया के प्रधानाध्यापक प्रदीप महतो, पवन प्रताप सिंह, पारसनाथ सिंह, बजरंग दल संयोजक वरुण कुमार, ब्रजेश सिंह, सिकन्दर अली, माही पटेल, ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल के संचालक डूमरचंद महतो, आदर्श पब्लिक स्कूल के संचालक डीलेश्वर महतो, लखन प्रसाद, ब्यूटीफ्लावर चिल्ड्रन पब्लिक स्कूल के संचालक मुकेश कुमार, सुष्मिता प्रिया, बाल विकास विद्यालय के प्राचार्य बसंत कुमार महतो, बाल विकास विद्यालय के संरक्षक नवल किशोर, न्यू सरस्वती शिशु मंदिर के प्राचार्य संतोष कुमार, राजेंद्र मेमोरियल पब्लिक स्कूल के संचालक विकास कुमार, छोटीनाथ गोस्वामी, सुमन कुमारी, स्नेहा वर्मा, संजना मिश्रा, रूपाली देवी, दीपक वर्मा, उषा, मानसी, राजू महतो, सुशील कुमार, सुबोध, शशि सुमन, रोशन कुमार, अजीत कुमार, रवि कुमार, महावीर साहू, महादेव महतो, सुरेश कुमार महतो समेत विभिन्न विद्यालयों से पहुंचे हजारों की संख्या में शिक्षक, विद्यार्थी व अभिभावक उपस्थित रहे।

## श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल बचपन से ही यूपीएससी और पीसीएस की तैयारी का अनोखा मॉडल, बच्चों को कराता है तैयारी

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बरही :** प्रखंड अंतर्गत देवचंदा मोड़ स्थितश्रीदस इंटरनेशनल स्कूल शिक्षा के क्षेत्र में एक अनोखा उदाहरण पेश कर रहा है। यह विद्यालय न केवल सिलेबस आधारित शिक्षा प्रदान कर रहा है, बल्कि बच्चों के नैतिक विकास और उनके उज्ज्वल भविष्य की नींव रखने पर भी पूरा ध्यान दे रहा है। श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल शिक्षा के क्षेत्र में एक नई परिभाषा गढ़ रहा है। यह स्कूल न केवल बच्चों के अकादमिक विकास पर जोर दे रहा है, बल्कि उनके नैतिक और तकनीकी कौशल को भी मजबूत करने का काम कर रहा है। विद्यालय की ये पहल निश्चित रूप से बच्चों के भविष्य को उज्ज्वल बनाने में सहायक होगी।

**एलएलबी शिक्षा व नैतिक विकास पर फोकस**

श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल में बच्चों को एलएलबी (कानूनी अध्ययन)



की शिक्षा दी जा रही है, जो अपने आप में एक अनूठी पहल है। विद्यालय प्रबंधन का मानना है कि प्रारंभिक अवस्था से ही बच्चों को कानूनी शिक्षा प्रदान करना न केवल उन्हें अधिक जागरूक बनायेगा, बल्कि उनके नैतिक और सामाजिक विकास में भी मदद करेगा।

विद्यालय बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ जीएस की जानकारी भी प्रदान कर रहा है। इसका उद्देश्य है बचपन से ही बच्चों में यूपीएससी और एसपीएससी जैसी प्रतिष्ठित प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी की नींव रखना। छात्रों को विशिष्ट अध्ययन सामग्री के माध्यम से शिक्षा दी जाती है, जिससे वे इन परीक्षाओं की प्रारंभिक तैयारी को समझ सकें।

**रोबोटिक्स और विजुअल क्लासेस : तकनीकी युग की ओर कदम**

इस सत्र से श्रीदस स्कूल में रोबोटिक्स क्लासेस की शुरूआत की जा रही है। यह बच्चों को तकनीकी शिक्षा में दक्ष बनाने और उनकी रुचि बढ़ाने की दिशा में एक सराहनीय कदम है। इसके साथ ही, विजुअल क्लासेस के माध्यम से बच्चों को पढ़ाई कराई जाती है, जिससे उनकी सीखने की प्रक्रिया और अधिक प्रभावी और रोचक हो जाती है। विद्यालय के प्राचार्य रोहित सिंह का कहना है कि हमारा मुख्य उद्देश्य बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना और उन्हें नैतिकता, तकनीकी कौशल और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए तैयार करना है। उपप्राचार्य राकेश कुमार का मानना है कि विद्यालय में शिक्षा के नए-नए तरीकों को अपनाकर बच्चों को सर्वांगीण विकास का अवसर दिया जा रहा है।

## जरूरतमंदों के बीच अब तक 1200 कम्बलों का किया वितरण

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग :** ठंड के कहर को कम करने और जरूरतमंदों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से हजारीबाग यूथ विंग द्वारा चलाया जा रहा शीतकालीन राहत अभियान अपने नए मुकाम पर पहुंच चुका है। दिसंबर के प्रथम सप्ताह से प्रारंभ हुए इस अभियान के तहत अब तक 1200 से अधिक कंबलों का वितरण किया जा चुका है। संस्था ने रविवार को मंडई खुर्द मुक्तिधाम के समीप जरूरतमंदों को कंबल वितरित कर उनकी मदद की। संस्था न केवल रविवार को आयोजित विशेष कार्यक्रमों के माध्यम से जरूरतमंदों तक पहुंच रही है, बल्कि रात्रि के समय चौक-चौराहों, सार्वजनिक स्थलों और सड़कों पर खुले आसमान के नीचे सो रहे लोगों के बीच जाकर राहत सामग्री प्रदान कर रही है। हर बार नए जोश और उत्साह के साथ हजारीबाग यूथ



विंग अपने इस अभियान को निरंतर आगे बढ़ा रही है। संस्था के संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन ने इस अभियान को लेकर कहा की हजारीबाग यूथ विंग का यह प्रयास सिर्फ जरूरतमंदों को राहत देने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह एक बड़ी सामाजिक जिम्मेदारी का निर्वहन भी है। हम मानते हैं कि मानवता की सबसे बड़ी सेवा जरूरतमंदों की मदद करना है। संस्था के सभी सदस्यों ने जिस तरह से इस अभियान में योगदान दिया है, वह प्रशंसनीय है। हमारा लक्ष्य है कि कोई भी व्यक्ति ठंड से पीड़ित न रहे और हम इस दिशा में सतत प्रयास कर रहे हैं। अध्यक्ष करण जायसवाल ने कहा की हमारे इस अभियान का उद्देश्य न केवल कंबल वितरित करना है, बल्कि समाज में एक संदेश देना भी है कि हर व्यक्ति अपने आसपास के जरूरतमंद लोगों की मदद के लिए कदम बढ़ाए। ठंड के कारण जो लोग सड़क पर सोने को मजबूर हैं, उनके लिए यह कंबल एक छोटी सी राहत है, लेकिन हमारे लिए यह मानवता की सेवा का सबसे बड़ा काम है। मैं सभी सदस्यों का धन्यवाद करता हूं, जिन्होंने इस अभियान को सफल बनाने में सहयोग किया। हमारा प्रयास है कि आने वाले दिनों में इस अभियान को और भी बड़े स्तर पर पहुंचाया जाए और हजारीबाग के हर जरूरतमंद तक मदद पहुंच सके। इस अभियान को सफलतापूर्वक संचालन करने में कार्यक्रम प्रमुख के रूप में कार्यकारणी सदस्य अभिषेक कुमार पांडे ने अपनी अहम भूमिका निभाई। उन्होंने कार्यक्रम के आयोजन कुशलता से किया। संस्था के अन्य सदस्यों ने भी उनके प्रयासों की सराहना की। संरक्षक और अध्यक्ष ने अभिषेक कुमार पांडे को उनकी सक्रियता, नेतृत्व क्षमता और समर्पण के लिए बधाई दिया। हजारीबाग यूथ विंग ने घोषणा की आने वाले दिनों में यह अभियान और व्यापक स्तर पर चलाया जाएगा। संस्था ने ठंड के मौसम में और भी अधिक जरूरतमंदों तक पहुंचने का लक्ष्य रखा है। संस्था के सदस्य इस बात पर सहमत हैं कि यह अभियान केवल राहत प्रदान करने का नहीं, बल्कि समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का भी एक प्रयास है।

## विधानसभा स्तरीय कार्यक्रम भामाशाह स्कूल से बाबा भीमराव अम्बेडकर स्टैच्यु तक होना सुनिश्चित



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**पदमा :** प्रखंड अंतर्गत रोमी पंचायत भवन प्रांगण में झारखंड कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के निर्देशानुसार संविधान सभा कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष गौतम कुमार मेहता व संचालन गौतम चंद्रवंशी ने किया। कार्यक्रम में संविधान के बारे में और बाबा भीमराव अम्बेडकर के जीवन पर प्रकाश डाला गया साथ ही साथ यह निर्णय लिया गया की सोमवार को बाबा भीमराव अंबेडकर सम्मान मार्च विधानसभा स्तरीय कार्यक्रम बरही भामाशाह स्कूल से बाबा भीमराव अम्बेडकर स्टैचू तक होना सुनिश्चित किया गया है जिसमें झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे। इसमें पदमा प्रखंड के सैकड़ों कार्यकर्त्ता बाबा भीमराव अम्बेडकर सम्मान मार्च में भाग लेंगे। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष गौतम कुमार मेहता गौतम चंद्रवंशी चुन्नू कुमार विजय रविदास दिलीप रविदास कारण ओझा अजय कुमार सतीश कुमार उपेंद्र कुमार राजा कुमार आदि लोगों उपस्थित थे।

## बरकट्ठा सोहराय मिलन समारोह में शामिल हुए शिक्षा मंत्री

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बरकट्ठा :** भारत जगत मांझी परगना महल के द्वारा आयोजित सोहराय मिलन समारोह में शिक्षा मंत्री शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता रामजी बेसरा और संचालन मनोज मुर्मू ने किया। समारोह में मुख्य अतिथि शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन, विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव, झामुमो नेता संजीव वेदिया उपस्थित थे। सोहराय मिलन समारोह में भारत जगत मांझी परगना महल के सदस्यों ने अतिथियों को चादर देकर सम्मानित किया। लोगों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि सोहराय झारखंड संस्कृति की पहचान है। झारखंड में आदिवासियों के झारखंडी संस्कृति को देखने विदेश से भी आते हैं। देश में भी झारखंडी संस्कृति की झलक लोग देखना



चाहते हैं। शिक्षा मंत्री ने कहा कि देश की आजादी का पर्व गणतंत्र और स्वतंत्रता दिवस में शामिल हों। उन्होंने कहा कि शिक्षा की गुणवत्ता के लिए सरकार काम कर रही है। हेमंत सरकार सभी क्षेत्र में विकास के लिए सरकार धरातल पर उतर चुकी है। मंइयां सम्मान योजना का महिलाओं के साथ किये गए वादे को सरकार पूरी कर रही है। पूरे आदिवासी, मूलवासी मिलकर सरकार को मजबूत बनाया है तो राज्य भी मजबूत होगा। पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव ने कहा कि हेमंत सोरेन की दूसरी बार के सरकार के बरकट्ठा में पहली बार शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन आयी है। झारखंड में गरीब, मजलूमों की सरकार बनी है। हेमंत सोरेन ने मंइयां सम्मान योजना लाकर महिलाओं को सम्मान दिया है। इस योजना का पूरे देश में हेमंत मॉडल लागू होगा। उन्होंने कहा शिक्षा मंत्री ने डिग्री कॉलेज बरकट्ठा में पठन पाठन शुरू कराया। गोहाल में भी पोलटेक्निक इंजीनियरिंग कॉलेज को शुरू कराया। उन्होंने जयनगर में डिग्री कॉलेज स्थापना की बात शिक्षा मंत्री से की। सूर्यकुंड का अपेक्षित विकास करने की मांग की।

## अफीम की खेती के खिलाफ लगातार अभियान

**चौपारण :** रविवार को चौपारण थाना क्षेत्र के जगोडीह जंगल में पुअनि अनुपम प्रकाश, थाना प्रभारी, चौपारण, थाना के सशस्त्र बल तथा वन विभाग के पदाधिकारी एवं कर्मियों के साथ संयुक्त छापेमारी कर लगभग 05 एकड़ वन भूमि पर लगे अवैध अफीम पोस्ता की खेती को नष्ट किया गया। इस संदर्भ में कांड दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई की जा रही है। अफीम की खेती के खिलाफ जिले भर में निरंतर अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस की इस कार्रवाई से तस्करों के मंसूबों को बड़ा झटका लगा है। एसपी अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि चौपारण के आस पास

## हाइड्रोजन है भविष्य का ईंधन : डॉ. आशीष

**हजारीबाग :** विनोबा भावे यूनिवर्सिटी के अंतर्गत यूनिवर्सिटी कॉलेज आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में आयोजित छह दिवसीय फैकेल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का शनिवार देर शाम को समापन हुआ। यह कार्यक्रम एआइसीटीइ ट्रेनिंग एंड लर्निंग, अटल (ATAL) के तहत प्रायोजित था। यह कार्यक्रम प्रोडक्शन, स्टोरेज, यूटिलाइजेशन ऑफ हाइड्रोजन फ्यूल एवं नेशनल ग्रीन मिशन ऑफ हाइड्रोजन के विषय पर आयोजित किया गया। इस फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम में भारत के विभिन्न विश्वविद्यालयों से कुल 41 प्रतिभागियों ने भाग लिए। बतौर संसाधन व्यक्ति इसमें देश और विदेश से ख्याति प्राप्त प्राध्यपको ने अपना व्याख्यान दिया। डॉ० रमेश जीरागल, प्राध्यापक, कॉलेज आफ इंजीनियरिंग विजयपुर, प्रो० डी.बी लाटा, सेंट्रल यूनिवर्सिटी ऑफ झारखंड, डॉ० सुभाष लहाने, कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग पुणे, प्रो० बी.एस सालवी, महाराणा प्रताप यूनिवर्सिटी आफ एग्रीकल्चर एंड टेक्नोलॉजी उदयपुर, डॉ० संतोष कुमार, हरकोर्ट बटलर यूनिवर्सिटी उत्तर प्रदेश, प्रो० गजेंद्र प्रसाद सिंह, सेंट्रल यूनिवर्सिटी ऑफ झारखंड, डॉ० नजरुल हसन, कोंकुक यूनिवर्सिटी, सोल, साउथ कोरिया, डॉ० एस. अंबारसु, नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी राउरकेला, अपेक्स इनोवेशन प्राइवेट लिमिटेड सांगली, प्रो० टी.एस हर्षा, ओपन यूनिवर्सिटी कर्नाटक और डॉ० वी.एन दुर्गा, सरला बिरला यूनिवर्सिटी रांची ने इस विषय पर अपने-अपने विचार रखें। समापन समारोह को बतौर मुख्य अतिथि विनोबा भावे विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ सादिक रज्जाक ने संबोधित किया।

## जयप्रकाश भाई पटेल ने किया वन भोज सह समीक्षा बैठक

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**चरही :** चुरचू प्रखंड अंतर्गत लारा नदी के समीप झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री सह मांडू विधान सभा के पूर्व विधायक जयप्रकाश भाई पटेल के द्वारा आयोजित,वनभोज सह समीक्षा बैठक में सम्मिलित हुए, हजारीबाग जिला के मुखिया संघ उपाध्यक्ष सह चुरचू प्रखंड मुखिया संघ अध्यक्ष सह बहेरा पंचायत मुखिया देवकी महतो, इस दौरान लोगों को संबोधित करते हुए मुखिया देवकी महतो ने कहा कि, एक छोटी सी बात से हम लोगों को चिंता करने की कोई बात नहीं है, हम सभी ने अपने-अपने दायित्व को बाखूबी निभाए है और मैं आशा और विश्वास के साथ यह बात कहना चाहता हूं कि,



आने वाला समय में भी इस दायित्व को बढ़ावा देते हुए इससे बेहतर करने का काम करेंगे, आपको बताते चले की पूर्व विधायक जयप्रकाश भाई पटेल ने वन भोज में सम्मिलित होने से पहले चुरचू बाजार स्थित डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के प्रतिमा पे मलार्पण करने के बाद, अपने ग्रामीण जनता के साथ संविधान बचाओ के नारे के तहत कुछ दूर पैदल भी चले, मौके पूर्व विधायक जयप्रकाश भाई पटेल, चुरचू प्रखंड प्रमुख निरंजन प्रसाद नायक, मुखिया देवकी महतो, इंदिरा पंचायत मुखिया प्रतिनिधि दशरथ महतो, चुरचू पंचायत मुखिया प्रतिनिधि सहदेव किस्कु, अंगों पंचायत मुखिया प्रतिनिधि, चुरचू प्रखंड पूर्व उप प्रमुख चौलेश्वर महतो, चरही पंचायत उप मुखिया सह पूर्व विधायक प्रतिनिधि अभिजीत सिंह, पूर्व जिला सचिव नीलकंठ महते, महादेव महतो, रामेश्वर महतो, मुमताज अंसारी, मुन्तजिर आलम, जासो देवी, सुषमा कुमारी, सीता देवी, चुरामन महतो, सुखदेव प्रसाद यादव, सहित सैकडों की संख्या में ग्रामीण जनता उपस्थित थे।

## न जान देंगे न जमीन देंगे : संयुक्त किसान मोर्चा

**हजारीबाग :** हजारीबाग के हुदुआ में जमीन बचाओ संघर्ष समिति के बैनर तले हजारीबाग चतरा जिले के शिवपुर कठौतिया रेलवे लाइन, टंडवा एनटीपीसी, भारतमाला ग्रीन एक्सप्रेस वे, पकरी बरवाडी केरेडारी चट्टी बरियातू बादाम गोंदलपूरा सहित क्षेत्र के दर्जनों कॉल ब्लॉक एवं जबरिया जमीन अधिग्रहण सैकड़ों संघर्षशील किसान एकजुट हुए। सभा की अध्यक्षता किसान सभा के प्रदेश सचिव अर्जुन कुमार, संघर्ष समिति के संयोजक डॉ मिथिलेश दांगी ने किया। कई दलों और किसान संगठनों के नेताओं ने भाग लिया। वक्ताओं ने कहा केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार दोनों किसान विरोधी रवैया अपना रही है। बरसों से किसान आंदोलन कर रहें हैं लेकिन सरकार किसी को सुन नहीं रही है जबरिया भूमि अधिग्रहण की कोशिश सरकार कर रही है।

## भाजपा मंडल अध्यक्ष ने की प्रेस वार्ता, आरोप को बताया निराधार



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ भाजपा पश्चिमी मण्डल अध्यक्ष किशोर कुमार मण्डल ने शनिवार को बीपी मेमोरियल पब्लिक स्कूल में एक प्रेस वार्ता आयोजित की। जिसमे बताया गया कि मेरे अपने ऊपर लगाए गए आरोप बेबुनियाद और निराधार हैं। बताते हैं कि विष्णुगढ़ अंचल अधिकारी नित्यानंद दास की शिकायत पर मण्डल अध्यक्ष किशोर कुमार मण्डल के विरुद्ध विष्णुगढ़ थाना में थाना कांड संख्या 3/2025 धारा 115(2)126(2)121, 132 ,352, 351(2) & इल्लर एससी/एसटी एक्ट धारा 3,(एल)आर 3(1)(एस) के तहत मामला दर्ज किया गया है। मण्डल अध्यक्ष ने कहा कि हमने न तो किसी के साथ मारपीट की है और न ही गाली गलौज किया। आरोपों को खंडन करते हुए कहा कि एक लाचार व्यक्ति के एलपीसी निर्गत करने की दरख्वास्त की। लाचार व्यक्ति की बेटी की शादी के बाबत जमीन बेचने को लेकर एलपीसी निर्गत करने की बात कही थी। अंचल कर्मी द्वारा एलपीसी निर्गत करने में आनाकानी कर रहे थे। इसी सम्बन्ध में बातचीत हुई। हमने अंचल कर्मी के गाल पर हाथ फेरा है मारपीट नही की। इसी बात को लेकर अंचल अधिकारी मुझे बुलाकर बेइज्जत किया। उन्होंने यह भी कहा कि प्रखण्ड मुख्यालय स्थित विधायक कक्ष के उद्घाटन के दिन से अंचल कर्मियों का व्यवहार अजीब लग रहा था जिसका शिकार हुए। इस मामले को लेकर मण्डल अध्यक्ष ने शीघ्र आंदोलन करने की बात कही। इस संबध में अंचल अधिकारी नित्यानंद दास से संपर्क करने पर कहा कि मंडल अध्यक्ष किशोर कुमार मंडल के द्वारा, मेरे कर्मियों पर लगाए गए आरोप निराधार हैं। मौके पर भाजपा के सुनील मिश्रा, दीपू भाई, शम्भूनाथ पांडेय, अनूप कसेरा, प्रभु विश्वकर्मा, सुशील मण्डल, पूर्वी मण्डल अध्यक्ष सुखदेव रजवार, महादेव मण्डल, रजित यादव, शिबू सोरेन, आजसू के प्रखण्ड अध्यक्ष अजय मण्डल, महादेव देहाती, दीपू अकेला, टाटीझरिया मण्डल अध्यक्ष कैलाशपति सिंह, मिथिलेश पाठक, निर्मल कुमार, सुधीर कुमार, राजू यादव आदि उपस्थित थे।

## मनीष जायसवाल ने जनहित व देशहित से जुड़े उठाये कुल 72 सवाल

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग :** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल की पहली बार में ही देश के सर्वोच्च सदन संसद के तीनों सत्रों में बेमिसाल उपलब्धि रही। उन्होंने तीन सत्रों के 54 दिनों की सदन अवधि में कुल वर्किंग डे 44 में दमदार अपनी सौ फीसदी उपस्थिति दर्ज कराई। इस अनमोल अवधि में अपने हजारीबाग संसदीय क्षेत्र के जनहित से जुड़े कई क्रांतिकारी और कल्याणकारी कुल 72 मुद्दे उठाए और 07 बार उन्हें लोकसभा के पटल बोलने का अवसर प्राप्त हुआ। उन्हें



लोकसभा की तीन प्रमुख समितियों का सदस्य बनाया गया जिसमें प्राक्कलन समिति, कोल तथा माइंस की सलाहकार समिति और उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण संबंधी समिति शामिल है। हजारीबाग जिला मुख्यालय में सांसद सेवा कार्यालय के माध्यम से लोकसभा क्षेत्र में सेवा कार्यों और विकास को नई गति दी। सदन में शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने के साथ ही लगातार लोकसभा क्षेत्र के दौरे और सांसद सेवा कार्यालय के माध्यम से जनता से सीधे जुड़कर उनकी समस्याओं से रूबरू हुए और यथासंभव समस्याओं के निराकरण का भरसक प्रयास किया। उक्त बातों की जानकारी खुद हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने रविवार को हजारीबाग शहर के हुडहूडु चौक स्थित होटल निमंत्रण पैलेस सभागार में एक विशेष प्रेस- वार्ता का आयोजन कर जानकारी देते हुए कहा। साल के अंतिम समय में सांसद मनीष जायसवाल कोई बड़ी जिम्मेवारी मिली। झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 में सारी बाद जिले और रामगढ़ जिले की कुल 6 विधानसभा सीटों पर एनडीए समर्थित प्रत्याशियों को जिताने का पार्टी ने जवाबदेही सौंपा। सांसद मनीष जायसवाल ने अपने कुशल प्रबंधकीय कला, ताबड़तोड़ सघन चुनावी दौरा, एनडीए कार्यकर्ताओं के बीच विशेष समन्वय व सीधा संवाद और मतदाताओं जुड़कर हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के कुल 5 में से 4 विधानसभा और हजारीबाग जिले के कुल 5 में से सभी पांचों विधानसभा सीट पर चैट जी दिलाकर करीब 25 साल बाद एनडीए का शानदार प्रदर्शन कर इतिहास रचने का कार्य किया। जिसकी प्रशंसा संगठन से लेकर जनता के जुबां पर है। हजारीबाग के सांसद सेवा कार्यालय के तर्ज. पर जल्द ही रामगढ़ जिले की जनता के सुलभता के लिए रामगढ़ शहर में ही सांसद सेवा कार्यालय खोला जायेगा।

## झील परिसर में श्रीनिवास डायग्नोस्टिक ने लगाया हेल्थ चेकअप जांच शिविर

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग :** हजारीबाग शहर के झील परिसर में श्रीनिवास डायग्नोस्टिक ने दिन रविवार को हेल्थ चेकअप जांच शिविर का आयोजन किया। इसमें सुगर एवं हीमोग्लोबिन का जांच मुफ्त किया गया। इसमें 44 से अधिक जरूरतमंदों ने सुगर एवं हीमोग्लोबिन का जांच एवं उत्तम स्वास्थ्य का परामर्श प्राप्त किया। साथ ही कई लोगों ने अन्य जांच का परामर्श प्राप्त किया। इस दौरान अन्य जांच पर बाजार से किफायती दर पर उपलब्ध होने से कई जरूरतमंदों ने पंजीकरण कराया। जरूरतमंदों लोगों ने




बताया कि सप्ताहिक छुट्टी रविवार के दिन पब्लिक पलेस में इस प्रकार की जांच से आमजन में काफी राहत पहूंचेगा। गंभीर बिमारियों का पूर्वत जानकारी होने से गंभीर बीमारियों से बचाव एवं राहत मिलेगा। ज्ञात हो कि श्रीनिवास डायग्नोस्टिक रविन्द्र पथ मिशन रोड स्थित मिशन होस्पिटल के परिसर में सेवारत है। जिसमें शरीर पूरा जांच आधुनिक तरीके एवं किफायती दर पर उपलब्ध है।

## एक झलक

### एनएच-19, पुरानी जीटी रोड पर फुटपाथ के पुनर्निर्माण को मिली मंजूरी

**धनबाद** : धनबाद में स्थित फुटपाथ के पुनर्निर्माण को स्वीकृति केंद्र सरकार ने दी है। इसके अलावा दो 6-लेन एलिवेटेड फ्लाईओवर के निर्माण की भी मंजूरी मिली है जिसकी लागत 1130.54 करोड़ रुपये होगी। केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने अपने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर इसकी जानकारी दी है। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने जिस सिक्स-लेन एलिवेटेड फ्लाईओवर को मंजूरी दी है वह झारखंड और पश्चिम बंगाल को जोड़ने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच-19, पुरानी जीटी रोड एनएच-02) का एक हिस्सा है जो वर्तमान में संरेखण निरसा और गोविंदपुर के क्षेत्रों से गुजर रहा है। जिसमें मौजूदा प्रमुख क्रॉस रोड्स के साथ ग्रेड जंक्शन हैं। जिसकी वजह से निरसा में भारी भीड़ होती है। राष्ट्रीय राजमार्ग 19 के बरवाअड्डा-पानागढ़ के पास निरसा और गोविंदपुर क्षेत्र में स्थित मौजूदा है।

### स्थापना दिवस को लेकर झामुमो ने बनायी रणनीति

**कतरास (धनबाद)**: कतरास पचमढ़ी बाजार के सूर्य मंदिर ग्राउंड में रविवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा की बैठक हुई, जिसमें 53 वां स्थापना दिवस मनाने की तैयारी को लेकर तैयारी की गई। पूर्व प्रखंड रतीलाल टुडू ने कहा कि इस बार पार्टी दोबारा सत्ता पर आई है उससे भी बड़ी बात यह है कि इस बार पार्टी की नेत्री सह गांडेय के विधायक कल्पना सोरेन की स्थापना दिवस में उपस्थित रहेगी, इसको लेकर भी महिलाओं की संख्या में भागीदारी होगी। झारखंड मुक्ति मोर्चा की नेत्री प्रेमलता ने बताई की इस बार महिलाएं हर बार की तरह बढ़-चढ़कर हिस्सा लेगी क्योंकि इस बार हमारे झारखंड के माननीय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी ने मंईयां सम्मान योजना में सभी महिलाओं को जोड़ा है इसके साथ-साथ पार्टी को शक्ति प्रदान करने वाली कल्पना सोरेन जी ने भी महिलाओं को पार्टी से जुड़ने के लिए काफी सारी उपाय बताई है। बैठक के बाद रतीलाल टुडू ने युवा नेता मोहम्मद अहसान को माला पहनकर पार्टी में शामिल किया। बैठक में मुख्य रूप से रतीलाल टुडू, रंजीत महतो, आमिर खान, राजेंद्र प्रसाद राजा, प्रेम पाण्डे, प्रदीप कुमार वर्मा, मानिक महतो, अताउर रहमान, मोहम्मद अकरम राजा, रौनक सिंह, पंकज कुमार दिनकर, साजिद अंसारी उपस्थित रहे। आपको बताते चले की ऐसी बैठक 4 जॉन में बांटा गया है जिसमें स्थापना दिवस मनाने को लेकर विचार विमर्श किए जायेंगे।

### लोदना क्षेत्रीय कार्यालय पर राकोमसं का प्रदर्शन 23 को

**अलकडीहा (धनबाद)**: लोदना क्षेत्र के कर्मियों की समस्याओं के समाधान हेतु राकोमस कार्यकर्ताओं की बैठक रविवार को जयरामपुर हुई। बैठक में 23 जनवरी को क्षेत्रीय कार्यालय पर प्रदर्शन करने तथा 28 जनवरी को ट्रांसपोर्टिंग ठप करने का निर्णय लिया गया। अध्यक्षता राम अवतार गोप तथा संचालन क्षेत्रीय सचिव धर्मेंद्र सिंह ने किया। बैठक के बाद धर्मेंद्र सिंह ने पत्रकार वार्ता किया। वार्ता में उन्होंने कहा कि क्षेत्रीय प्रबंधन को कुजामा परियोजना में मैनुअल लोडिंग शुरू कराने, एकीकृत जयरामपुर कोलियरी में उत्पादित कोयला के उठाव को लोडिंग प्वाइंट चालू कर बेरोजगारों को रोजगार देने, लोदना नौ नंबर साइडिंग से कोयले की ग्रेड में हेरा फेरी कर की जा रही कोयला डिस्पैच की जांच कराने, लोदना क्षेत्र में कोयला चोरी एवं अवैध खनन पर रोक लगाने, जयरामपुर कोलियरी के वरीय लिपिक राजीव रंजन चौबे को अविलंब पदोन्नति देने, एंटी एसटी लोडिंग प्वाइंट के असंगठित मजदूरों की सूची का नवीकरण करने सहित 17 सूत्री मांगपत्र देकर समाधान की मांग की गयी है। लेकिन प्रबंधन उनकी मांगो पर वार्ता कर समाधान की दिशा में लगातार टालमटोल कर रही है। प्रबंधन की संघ विरोधी नीति के खिलाफ 23 जनवरी को क्षेत्रीय कार्यालय पर जोरदार प्रदर्शन करने तथा 28 जनवरी को लोदना क्षेत्र में ट्रांसपोर्टिंग ठप किए जाने की रणनीति कि घोषणा किया। कहा कि इसके बाद भी प्रबंधन ने मांगें को नहीं मानी तो कोयला भवन में आहुत 6 फरवरी के प्रदर्शन के बाद अनिश्चितकालीन आंदोलन किया जायेगा।

# राष्ट्रीय सूड़ी समाज का वनभोज सह मिलन समारोह

कार्यक्रम




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद** : राष्ट्रीय सूड़ी समाज ने रविवार को कोलाकुसमा के उत्क्रमित +2 स्कूल परिसर में आयोजित वनभोज सह मिलन समारोह के माध्यम से एकता और सामाजिक समरसता का प्रतीक स्थापित किया। इस कार्यक्रम में गोड्डा के पूर्व सांसद सूरज मंडल, पूर्व विधायक अमित मंडल सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। समारोह का शुभारंभ सुबह 10 बजे शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित कर किया गया। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में समाज की एकता और सामाजिक सद्भाव के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि इन मूल्यों के बिना समाज का विकास संभव नहीं है। राष्ट्रीय सूड़ी समाज के संस्थापक रणबीर भारतीय ने समाज के पूर्वजों के योगदान को याद करते हुए कहा कि हमें अपने समाज के शहीदों को जानने की जरूरत है और बताये गये रास्ते पर चलने की आवश्यकता है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि धनबाद शहर के बीचों बीच तीन करोड़ रुपये की लागत से बनने वाला नया कार्यालय समाज के लिए एक मील का पत्थर साबित होगा। समारोह में विभिन्न प्रकार के व्यंजनों का आनंद लेते हुए लोगों ने आपस में गर्मजोशी से बातचीत की। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों से समारोह में चार चांद लगा दिए। समारोह में राष्ट्रीय संयोजक रणबीर मंडल, झारखंड प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र मंडल, झारखंड प्रदेश युवा मोर्चा कार्यकारी अध्यक्ष डॉक्टर निर्मल मंडल, महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष सोनाली मंडल, अमीन मंडल, महुआ मंडल, कल्पना मंडल, राजू मंडल, प्रकाश मंडल, परितोष मंडल, विकास मंडल, गौतम मंडल, राजा मंडल, भोलानाथ मंडल, अजीत मंडल, बुलू मंडल, सरिता मंडल, पंकज मंडल, अर्जुन मंडल, रोहित मंडल सहित सैकड़ों समाजप्रेमी मौजूद थे।

## कोयलांचल कर्मवीर सम्मान सह मिलन समारोह में समाजसेवा के लिए 30 एनजीओ सम्मानित



**धनबाद** : रविवार को भारतीय संविधान अंगीकार करने के 75 वें उपलक्ष्य में धनबाद जिला परिषद अध्यक्ष शारदा सिंह द्वारा पथ निर्माण विभाग, अतिथि शाला बेकार बांध में आयोजित कोयलांचल कर्मवीर सम्मान सह समारोह में 30 एनजीओ को कार्यक्रम की अध्यक्ष शारदा सिंह ने समाज सेवा के लिए प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन संतोष विकराल व सत्यजीत ने किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि आईआईटी आईएसएम के सुनील कुमार, धनबाद के अंचल अधिकारी, मैं हूं धनबाद की अध्यक्ष पूजा रत्नाकर, मो. सलाउद्दीन, कल्पना झा, प्रवीण कुमार, मनीष मिश्रा, उदयन चटर्जी, राम मनोहर राम मनोहर लोहिया ट्रस्ट के अध्यक्ष कविता मित्रा, रवि रजक योजना एनजीओ, तापस चटर्जी, मो. नईमुद्दीन अंसारी, ए. के. सिंह जीवन, रमेश कुमार, तारा पाठक, पिंकी कुमारी, राधा अग्रवाल समेत अन्य उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय हैकाथॉन में बीआईटी सिन्दरी ने जीती चैंपियनशिप

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**सिन्दरी (धनबाद)** : बीआईटी सिंदरी में प्रोडक्शन और इंडस्ट्रियल इंजीनियरिंग विभाग द्वारा इंस्टीट्यूशन आफ इनोवेशन काउंसिल के सहयोग से आयोजित राष्ट्रीय हैकाथॉन प्रतियोगिता में महत्वपूर्ण चुनौतियों का समाधान और सम-सामयिक विचार प्रस्तुकर बीआईटी सिन्दरी ने चैंपियनशिप जीत लिया। संयोजक इनोवाथान-25 डॉ प्रकाश कुमार ने बताया कि राष्ट्रीय हैकाथॉन प्रतियोगिता के फाइनल में कुल 20 चयनित टीमें भाग ली थी। इनमें बीआईटी सिंदरी की टीम विजनरी गार्जियन ने चैंपियनशिप का खिताब जीत लिया। इस टीम को पुरस्कार स्वरूप 15 हजार रुपये विनर्स मेडल और प्रमाण पत्र दिये गये। बीआईटी सिंदरी की टीम मार्प-एक्स दूसरे स्थान पर रही। इसे 10 हजार रुपये, मेडल और प्रमाण पत्र दिया गया। दुमका




इंजीनियरिंग कालेज की टीम इनोवेटर्स तीसरे स्थान पर रही । इसे 5 हजार रुपए, मेडल और प्रमाण पत्र दिये गये। मेंटर्स च्वाइस एवार्ड रायगढ इंजीनियरिंग कालेज की टीम विजन-एक्स को दिया गया।

बीआईटी सिन्दरी की महिला टीम को भी सराहना मिली। पुरस्कार वितरण समारोह में सेल के ईडी संजीव कुमार सिंह ने कहा कि हैकाथॉन ने युवा नवप्रवर्तकों को अपनी प्रतिभा दिखाने और सार्थक बदलाव लाने का अनूठा मंच प्रदान किया। इस अवसर पर इनोवेशन मैनेजर आईआईटी आईएसएम धनबाद रंजन दास गुप्ता, क्षेत्रीय प्रबंधक टाटा स्टील अनमोल श्रीवास्तव, एम डी गोपाल प्रसाद साह और अध्यक्ष विटसाना दिव्यांशु राज ने भी प्रतिभागियों को रचनात्मक कौशल दिखाने के लिए प्रोत्साहित किया।

## एलआईसी के राष्ट्रीयकरण दिवस पर बीमा कर्मचारी संघ ने बनायी मानव श्रृंखला

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद** : रविवार को बीमा कर्मचारी संघ के धनबाद शाखा के सदस्यों ने रणधीर वर्मा चौक पर मानव श्रृंखला बनाई। अवसर था 70 वें जीवन बीमा व्यवसाय राष्ट्रीयकरण दिवस का। कार्यक्रम में बीमा कर्मचारी संघ, हजारीबाग मंडल के अध्यक्ष हेमंत मिश्रा ने कहा कि 19 जनवरी 1956 को ही जीवन बीमा व्यवसाय के राष्ट्रीयकरण की दिशा में पहला कदम उठाया गया था, जीवन बीमा अध्यादेश की घोषणा के माध्यम से, सभी बीमा कंपनियों के नियंत्रित व्यवसाय का प्रबंधन तत्काल प्रभाव से केंद्र सरकार को सौंप दिया गया था। प्रधान मंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू ने संसद में घोषणा की थी कि जीवन बीमा का राष्ट्रीयकरण समाजवादी समाज की ओर हमारे मार्च में एक महत्वपूर्ण कदम है। वास्तव में यह देश की आत्मनिर्भर




अर्थव्यवस्था के निर्माण के प्रयास में एक ऐतिहासिक क्षण था। 1956 से ही एलआईसी राष्ट्र निर्माण गतिविधियों के लिए भारी निवेश प्रदान करके भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ की हड्डी के रूप में कार्य कर रही है। पूर्व राष्ट्रपति माननीय डॉ अब्दुल कलाम ने सही कहा था कि एलआईसी हर आर्थिक गतिविधि में सरकार की भागीदार रही है। अपने आदर्श वाक्य जनता का पैसा जनता के अनुरूप, एलआईसी ने 31 मार्च 2024 तक बड़े पैमाने पर समुदाय के लाभ के लिए 51 लाख करोड़ रुपये से अधिक का निवेश किया है। इसने अब तक केंद्र और राज्य सरकार की प्रतिभूतियों और आवास, बिजली, सिंचाई, सड़क और पुल, रेलवे आदि के लिए निवेश के रूप में 34,38,020 करोड़ रुपये प्रदान किए हैं। 24 वर्षों से अधिक समय तक 23 निजी कंपनियों के साथ कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करने के बाद भी, एलआईसी 70 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी के साथ आगे बढ़ रही है। हर मिनट एलआई सी 41 पालिसियां बेच रही है और 2 करोड़ से अधिक नई पॉलिसियाँ खरीद रही है। हालाँकि सरकार ने एमएनसी/निजी कंपनियों के लिए दरवाजे खोल दिए हैं, फिर भी इस देश के लोग एल आईसी के पीछे पूरी तरह से खड़े हैं। वित्त की दुनिया में एलआईसी सुई जेनेरिस है, दुनिया में इसके जैसा कुछ भी नहीं है। भारत में जीवन बीमा क्षेत्र में वर्चस्व के साथ, इसकी 92% से अधिक जिलों में अखिल भारतीय उपस्थिति है। दुनिया के लगभग 12 देशों में भी इसकी उपस्थिति है। गारंटीड सरेंडर वैल्यू जिसके कारण एजेंट के कमीशन का पुनर्गठन हुआ, वह विशाल एजेंसी बल और उद्योग के हितों पर प्रतिकूल प्रभाव डालेगा ये सभी गलत प्रस्ताव न केवल उद्योग और उसके कार्यबल के हितों के लिए हानिकारक हैं। हमारे संगठन ने इन प्रस्तावों का तीव्र अभियान चलाकर विरोध करने का फैसला किया है और अगर सरकार अपने संसदीय बहुमत का उपयोग करके इन प्रतिगामी संशोधनों को आगे बढ़ती है तो हड़ताल के माध्यम से विरोध दर्ज कराया जायेगा।

## गुरु शिष्य हस्तशिल्प प्रशिक्षण कार्यक्रम

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**झरिया (धनबाद)** : वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार अन्तर्गत विकास आयुक्त हस्तशिल्प कार्यालय देवघर द्वारा धनबाद ज़िला के सिन्दरी एवं आसपास के क्षेत्रों में 30 महिलाओं के लिए आयोजित होने जा रहे सॉफ्ट टॉयज में गुरु शिष्य हस्तशिल्प प्रशिक्षण कार्यक्रम का चयन साक्षात्कार का आयोजन गायत्री मन्दिर, सिंदरी में किया गया। चयन के लिए सिंदरी एवं आसपास के क्षेत्रों से आई 55 महिलाओं ने साक्षात्कार में भाग लिया, जिसमें से 30 महिलाओं का चयन प्रथम बैच के लिए किया गया है। निःशुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम 22 जनवरी से शुरू होगा, जो प्रतिदिन सुबह 10 बजे से 4:30 बजे तक आयोजित होगी। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जरूरतमंद महिलाओं को



सॉफ्ट टॉयज में प्रशिक्षित कर स्वरोजगार से जोड़ना है, जिससे वे आत्मनिर्भर बनने के अवसर प्राप्त कर सकें। सहायक निदेशक भुवन भास्कर ने बताया कि प्रशिक्षण उपरांत महिलाओं को स्टाइपेंड एवं प्रमाण पत्र दिया जायेगा। प्रशिक्षण का पूरा खर्च वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार वहन करेगी। चयनित महिलाओं को क्रिएटिव डिजाइन, उत्पाद निर्माण और विपणन की विस्तृत जानकारी कोलकाता के प्रशिक्षक द्वारा दी जायेगी। प्रशिक्षण के दौरान ही समूह बनाकर उत्पादन केंद्र स्थापित किया जायेगा। चयन को सहायक निदेशक भुवन भास्कर के अध्यक्षता में प्रशिक्षण अधिकारी विकास कुमार एवं टिंकरहैट फाउंडेशन के प्रतिनिधि सुंदर लाल ने किया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के माध्यम से सिंदरी एवं आसपास के क्षेत्रों की महिलाओं को अपने कौशल को पहचानने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने का एक प्रयास है।

## कर्तव्य के 13वें वार्षिक उत्सव प्रकाश 25 में दिव्यांग बच्चों ने दिखायी प्रतिभा

**धनबाद** : रविवार को नारायणी चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित जगजीवन नगर स्थित दिव्यांग बच्चों की विशेष स्कूल पहला कदम स्कूल के विशेष बच्चों ने आईआईटी आईएसएम के कर्तव्य द्वारा आयोजित 13वें वार्षिक उत्सव प्रकाश में भाग लिया। इन विशेष बच्चों ने झारखंड की लोक कला की सुंदर प्रस्तुति देकर सभी का मन मोह लिया। इस इवेंट में सभी अतिथियों एवं अभिभावकों ने बच्चों की प्रतिभा को सराहा। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विशेष बच्चों की प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करना और समाज में उनकी भागीदारी को बढ़ावा देना था। झारखंड की समृद्ध लोक कला और संस्कृति को इन बच्चों ने अपनी अद्भुत प्रस्तुतियों के माध्यम से मंच पर जीवंत कर दिया। इस आयोजन ने न केवल विशेष बच्चों के आत्मविश्वास को बढ़ाया, बल्कि उनकी क्षमताओं और कला को पहचानने का एक बेहतरीन मंच प्रदान किया।

## मॉक असेस्मेंट टेस्ट में सफल टॉप 10 को किया गया सम्मानित



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**निरसा (धनबाद)** : कैरियर जोन, निरसा ने रविवार को मॉक टेस्ट का परिणाम जारी कर दिया। प्रथम स्थान-बिलकिश प्रवीण, द्वितीय स्थान निशांत मोदक, तृतीय स्थान -अरमोगन अंसारी, चतुर्थ स्थान- पलक कुमारी, पंचम स्थान- नसरीन खातून, छठा स्थान- मुनमुन चक्रवर्ती, सप्तम स्थान-पूजा माजी, सप्तम स्थान-काकोन मंडल, नवम स्थान-मन्मय भट्टाचार्जी, दशम स्थान-सुमित कुमार पांडे ने प्राप्त किया काफल विद्यार्थियों को मेडल, मेमेंटो, सर्टिफिकेट, कॉपी, पेन और किताबें देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि निरसा के अंचल अधिकारी रमेश रविदास थे। उन्होंने बच्चों को प्रोत्साहित कर उनका हौसला बढ़ाया एवं उनका मार्गदर्शन किया ताकि बच्चे भविष्य में और अच्छा काम कर सकें। शिक्षित एवं समझदार व्यक्ति, निरसा क्षेत्र के शिक्षा स्तर से भलीभांति परिचित हैं। यहां के विद्यार्थी माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक में तो अच्छे अंक प्राप्त कर उत्तीर्ण हो जाते हैं, मगर मार्गदर्शन के अभाव से अपने जीवन में सफलता प्राप्त करने में असफल होते हैं। प्रतियोगिता के बिना विद्यार्थी अपना स्व-आकलन कैसे कर सकेंगे। प्रतियोगिता और प्रतिस्पर्धा ही सफल जीवन का आधार है। परन्तु विद्यार्थियों को इस बात का ज्ञान अवश्य होना चाहिये कि प्रतियोगिता हमेशा स्वयं से (अपने आज का बीते हुए कल से ) होनी चाहिए। स्वयं को बेहतर बनाने का प्रयास होना चाहिए। इस समूह का केवल एकमात्र निरसा के अभिभावकों से अनुरोध है कि इस पहल में वे समूह का साथ दें और अपने बच्चों को प्रतियोगिता परीक्षा की ओर अग्रसर करें। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में करियर जोन निरसा संस्था के सक्रिय सदस्य राहुल साहनी, कुमार गौरब, रबिन्द्रनाथ पाण्डेय, माणिक सर, राहुल गोराई, मनीषा कुम्भकार, गौरव कुम्भकार, सुब्रतो कुम्भकार, गोपाल घोष, आदेश पांडे, रानी कुमारी, अचिंतो, इंद्रोनिल, कृष्णा सर, साहिद सर, अफजल सर, मधुसूदन गोराई, आदि का बहुत ही सराहनीय योगदान रहा।

## कोलफील्ड स्कूल के प्रिंसिपल स्व. विश्वनाथ गिरि की पहली पुण्यतिथि पर दी गयी श्रद्धांजलि



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद** : शहर के सरायढेला अंतर्गत कोल फील्ड स्कूल में रविवार को स्वः विश्वनाथ गिरि की पहली पुण्यतिथि मनाई गई। जहां पुण्यतिथि कार्यक्रम में कई लोगों में स्वः विश्वनाथ गिरि के फोटो पर पुष्प अर्पित कर नम आंखों से श्रद्धांजलि दी। वही लोगों श्रद्धांजलि के बाद मौन धारण कर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्राथना किया। मौके पर स्वर्गीय बीएन गिरी के पुत्र नवीन गिरि ने बताया कि कोलफिल्ड स्कूल ऑफ एजुकेशन के संस्थापक तथा धनबाद के जाने-माने शिक्षाविद् बीएन गिरि का निधन पिछले वर्ष हो गया। सत्तर के दशक में धनबाद में मिशनरी स्कूलों से इतर अंग्रेजी माध्यम के स्कूल की शुरूआत करने वाले बीएन गिरि ने हीरापुर पार्क मार्केट के निकट कोलफिल्ड स्कूल ऑफ एजुकेशन की शुरूआत की थी।लंबे समय तक स्कूल इसी स्थान पर चला। बाद में स्कूल को लोहारकुल्ही सरायढेला में शिफ्ट कर दिया गया। पिछले साल उन्होंने अपने लोहारकुल्ही निवास स्थान में अंतिम सांसें ली। खुदिया घाट, गोविंदपुर में उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया था। उनके निधन से धनबाद के शिक्षा जगत को अपूरणीय क्षति हुई है।

## बिना परिवहन चालान अवैध बालू लदा हाइवा व ट्रैक्टर जब्त

**धनबाद** : उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा के निर्देश पर जिले में खनिज संपदा के अवैध खनन, भंडारण एवं परिवहन के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए अनुमंडल पदाधिकारी राजेश कुमार, जिला खनन पदाधिकारी रितेश राज तिग्गा, खान निरीक्षक बिनोद बिहारी प्रमाणिक, बसंत उरांव, विजय करमाली, सुमित प्रसाद एवं आवंटित सशस्त्र बल के साथ संयुक्त रूप से गोविन्दपुर एवं पूर्वी टुण्डी थाना क्षेत्र में जांच अभियान चलाया। इस संबंध में खनन पदाधिकारी ने बताया कि जांच के कम में गोविन्दपुर थाना क्षेत्र के मोहन पेट्रोल पम्प के पास एक बिना नंबर प्लेट के बालू लदा लाल रंग का महिन्द्रा ट्रैक्टर तथा पूर्वी टुण्डी थाना क्षेत्र के पोखरिया चौक के पास एक बालू लदा हाईवा जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर जेएच 10 सी.एम. 3992 को बिना परिवहन चालान का अवैध रूप से बालू का परिवहन करते हुए पाये जाने पर विधिवत जब्त कर संबंधित थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई।

## दीक्षांत समारोह का मारवाड़ी विद्यालय में हुआ आयोजन

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**झरिया (धनबाद)** : मारवाड़ी विद्यालय परिसर में शनिवार को वर्ग दशम के छात्र छात्राओं के लिए दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि मारवाड़ी सम्मेलन अध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल ने कहा कि शिक्षा जीवन पर्यंत चलने वाली प्रक्रिया है। उन्होंने मैट्रिक परीक्षा में शामिल होने वाले सभी दसवीं कक्षा के छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं दी। कहा कि मैट्रिक परीक्षा का बेहतर परिणाम प्राप्त कर छात्र-छात्राएं अपने परिवार एवं विद्यालय का नाम गौरवान्वित करें यही उनकी कामना है। अपने उद्बोधन में संयुक्त सचिव महेश जलूका ने कहा कि सभी छात्र-छात्राएं विद्यालय की धरोहर हैं। हमें



विश्वास है कि मैट्रिक परीक्षा में शानदार परिणाम प्राप्त कर छात्र-छात्राएं अपने जीवन लक्ष्य को प्राप्त करेंगे। उपाध्यक्ष सतनारायण भोजगारिया ने कहा कि छात्रों की पहचान उनके पठन-पाठन के साथ ही अनुशासन से होती है। जीवन में अनुशासन और कठिन परिश्रम से ही सफलता मिलती है। दीक्षांत कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की पूजन अर्चना एवं दीप प्रज्वलन से हुआ। दीप प्रजनन कार्यक्रम में सम्मेलन अध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल, विद्यालय प्रबंध समिति उपाध्यक्ष सत्यनारायण भोजगरिया, संयुक्त सचिव महेश जलूका एवं अनूप लीलहा, कोषाध्यक्ष नरेश अग्रवाल प्रधानाध्यापक मुक्तेश्वर मिश्र शामिल हुए। इस दौरान विद्यालय की छात्र-छात्राओं द्वारा शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। उप प्रधानाध्यापक अध्यापक मनोज रवानी, प्राथमिक विभाग की प्रधानाध्यापिका सपना सिन्हा, विज्ञान शिक्षक संजय भट्ट रेखा पोद्दार ने छात्रों को आशीर्वचन प्रदान किया। कार्यक्रम के दौरान ही मैट्रिक परीक्षा में शामिल सभी छात्र-छात्राओं को मुख्य अतिथि, प्रबंध समिति के सदस्यों व शिक्षक शिक्षिकाओं ने मेमोंटे एवं लेखनी प्रदान कर शुभकामनाएं दी। मौके पर विद्यालय प्रबंध समिति के अनिल खरकिया, अनिल केजरीवाल, गणेश अग्रवाल, अमित अग्रवाल के अलावा शिक्षिका माधवी वर्मा, प्रीति केसरी, सहित सभी शिक्षक शिक्षिकाएं व छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

# अंतर्राष्ट्रीय महाधिवेशन की सफलता पर किन्नरों ने गरीबों को वितरित किया भोजन, कपड़ा व रूपये

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद** : गरीबों को भोजन कराने में हमें बहुत संतुष्टि मिलती है और जजमानों के घरों में खुशियां आए इसके लिए दुआ भी करवाती हूं। ये बात रविवार को अखिल भारतीय किन्नर समाज की प्रदेश अध्यक्ष छम छम देवी ने कही। किन्नरों का धनबाद में हुए अंतरराष्ट्रीय महाअधिवेशन की सफलता के बाद छम छम देवी के द्वारा अपने आवास जामाडोबा झरिया में कुष्ठ रोगियो, विकलांगों और गरीबों को भोजन कराया और कपड़े और राशि का वितरण किया। उन्होंने कहा कि हमारे पूरे झारखंड के किन्नरों की ओर से समस्त धनबाद वासियों, जिला



प्रशासन, मीडिया की महाअधिवेशन की अपार सफलता में अहम भूमिका निभाने के लिए किन्नर समाज हमेशा सभी सहयोगियों का आभारी रहेगा। मौके पर बंसी किन्नर, श्वेता किन्नर, निर्मला किन्नर, काजल किन्नर, राखी किन्नर आदि किन्नर मौजूद थे।

## देवसेना के नेतृत्व में जरूरतमंद लोगों के बीच किया कम्बल वितरण

**धनबाद** : देव सेना की ओर से रविवार को मनईटांड़ बस्ती अंतर्गत वार्ड नंबर 29 में सैकड़ों जरूरतमंदों के बीच कम्बल वितरण किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व समाजसेवी सप्पू महतो ने किया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा नेता सह समाजसेवी कुंभनाथ नाथ सिंह व विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा नेत्री बाबी पांडेय शामिल हुए। वहीं सप्पू महतो ने बताया कि प्रत्येक वर्ष ठंड के दिनों में जरूरतमंदों के बीच कम्बल वितरण का कार्यक्रम किया जाता है एवं सदस्यों के बीच लिट्टी चोखा पार्टी आयोजन किया जाता है।

इस दौरान रवि सोनी व विवेक गुप्ता ने बताया



कि कुम्भनाथ सिंह व लाल बाबू सिंह के नेतृत्व में ही धनबाद का विकास हो सकता है। दोनों की लोकप्रियता को देखते हुए धनबाद के लोग देव सेना से जुड़कर विकास की गंगा बहाने में सहयोग कर रहे हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में विवेक गुप्ता, रवि सोनी, विकेश भगत, ओम सिंह, बड़े महतो, राहुल कुशवाहा आदि।

## सम्पादकीय.....

# युद्ध विराम समझौते का पालन जरूरी

**यह** शांतिपूर्ण विश्व संरचना के लिये सुखद ही है कि करीब डेढ़ वर्ष से जारी इस्त्राइल-हमास संघर्ष खत्म करने के लिये युद्धविराम पर सहमति बन गई है। लेकिन इस एवं ऐसे युद्धों ने ऐसे अनेक ज्वलंत प्रश्न खड़े किये हैं कि जब युद्ध की अन्तिम निष्पत्ति टेबल पर बैठकर समझौता करना ही है तो यह युद्ध के प्रारंभ में ही क्यों नहीं हो जाता? युद्ध भीषणतम तबाही, असंख्य लोगों की जनहानि एवं सर्वनाश का कारण बनता है तो ऐसी तबाही होने ही क्यों दी जाये? खेर देर आये दुरस्त आये, इजराइल और हमास ने बुधवार को युद्ध विराम समझौते के पहले मसौदे पर सहमति जताई, जो संघर्ष को समाप्त करने की दिशा में अब तक का सबसे बड़ा एवं अहम कदम है। अन्य बातों के अलावा, 60-दिवसीय युद्ध विराम प्रक्रिया में दोनों पक्षों के बंधकों को रिहा करना, सहायता बढ़ाना, नष्ट हो चुके फिलिस्तीन का पुनर्निर्माण करना और हमलों को रोकना शामिल होगा। डेढ़ साल से अधिक समय के युद्ध के बाद, युद्ध विराम फिलिस्तीन के लोगों तथा हमास द्वारा बंधक बनाए गए लोगों के लिए बहुत जरूरी राहत है। इसी तरह रूस एवं यूक्रेन के बीच लम्बे समय से चल रहा युद्ध भी समाप्त हो, यह शांतिपूर्ण उन्नत विश्व संरचना के लिये नितांत अपेक्षित है। क्योंकि ऐसे युद्धों से युद्धरत देश ही नहीं, समूची दुनिया पीड़ित, परेशान एवं प्रभावित होती है। इस तरह युद्धरत बने रहना खुद में एक असाधारण और अति-संवेदनशील मामला है, जो समूची दुनिया को विनाश एवं विध्वंस की ओर धकेलने देता है। ऐसे युद्धों में वैसे तो जीत किसी की भी नहीं होती, फिर भी इन युद्धों का होना विजेता एवं विजित दोनों ही राष्ट्रों को सदियों तक पीछे धकेल देता, इससे भौतिक हानि के अतिरिक्त मानवता के अपाहिज और विकलांग होने के साथ बड़ी जनहानि का भी बड़ा कारण बनता है। इस्त्राइल-हमास में पिछले डेढ़ साल से चल रहे युद्ध के विराम को एक अहम कामयाबी माना जा रहा है। भले ही इस समझौते के लिये अमेरिका में सत्ता परिवर्तन के बीच संघर्ष समाप्ति का श्रेय लेने की होड़ हो, लेकिन गाजा के लोग जिस मानवीय त्रासदी से जूझ रहे थे, उन्हें जरूर इससे बड़ी राहत मिलेगी। संयुक्त राष्ट्र के तमाम प्रयासों व मध्यपूर्व के इस्लामिक देशों एवं भारत की बार-बार की गई पहल के बावजूद अब तक शांति वार्ता सिरे न चढ़ सकी थी। जिसकी कीमत करीब पचास हजार लोगों ने अपनी जान देकर चुकायी। इस युद्ध से गाजा के विभिन्न क्षेत्रों में जो तबाही हुई है, उससे उबरने में दशकों लग सकते हैं। निस्संदेह, इस्त्राइल व हमास के बीच युद्ध विराम पर सहमति होना महत्वपूर्ण है, लेकिन जब तक समझौता यथार्थ में लागू होता न नजर आए, तब कुछ भी कहना जल्दबाजी होगी। संघर्ष में वास्तव में हमास के कितने लड़ाके मारे गए यह कहना कठिन है, लेकिन बड़ी संख्या में बच्चों-महिलाओं ने युद्ध में जान गवांई। एक अनुमान के अनुसार गाजा संघर्ष में उपजी मानवीय त्रासदी में करीब बीस लाख लोग विस्थापित हुए हैं। इस्त्राइली हमलों में अस्पताल-स्कूल भी निशाना बने, जिन्हें शरणार्थियों की सुरक्षित पनाहगाह माना जाता है। इस्त्राइल पर अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय में युद्ध अपराध तक के आरोप लगाए गए। बहरहाल, जब लंबे समय के बाद शांति की स्थितियां बन रही हैं तो विश्व समुदाय, शक्तिशाली राष्ट्रों व संयुक्त राष्ट्र का दायित्व बनता है कि समझौते की शर्तों को साफ नियत एवं नीति से क्रियान्वित किया जाये। ताकि मध्यपूर्व में स्थायी शांति एवं अमनचैन की राह मजबूत हो सके। निश्चित रूप से युद्ध शांति का विकल्प नहीं हो सकता। इस संघर्ष की शुरूआत भले हमास ने की हो, लेकिन इसकी सबसे बड़ी कीमत उन लोगों ने चुकाई, जो इसके लिये जिम्मेदार नहीं थे।

## ● किसने क्या कहा



देशवासी मताधिकारों का उपयोग कर लोकतांत्रिक प्रक्रिया को सशक्त करें

**नरेन्द्र मोदी**
**प्रधानमंत्री**

भारत को विकसित बनाने के लिए युवाओं का स्वस्थ रहना आवश्यक



**डॉ. मनसुख मंडाविया**
**केन्द्रीय खेल मंत्री**

# बीते जमाने की बात होती सोशियोट्रॉपी

**विशेष** | डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा

> **एकल** परिवार की संस्कृति समाज में अपना प्रभुत्व जमा चुकी है। परिवार पति-पत्नी और बच्चों तक सीमित होता जा रहा है। जो भावनात्मकता संबंधों को तरोताजा रखती थी वह भावनात्मकता कहीं खो गई है। अवकाश के दिनों का उपयोग दादा-दादी या नाना-नानी के पास गुजारने के स्थान पर कहीं घूमने में जाया होने लगा है। एक समय था जब गांव से यात्रा पर भी जाते थे तो गांव के कई परिवार के लोग उस भ्रमण दल में होते थे। हालात तो यहां तक होने लगे हैं कि घर के बुजुर्ग सदस्य को जिसे साथ की अधिक आवश्यकता है, घर की देखभाल के लिए छोड़ना आज आम होता जा रहा है। खुशी के पल को साझा करने का तरीका भी बदल गया है। जिस तरह की प्राथमिकताएं बदली हैं वह पीपल प्लीजर के स्थान पर सेल्फ प्लेजर होती जा रही है।

**सामाजिक** ताने-बाने में बदलाव को इस तरह से आसानी से समझा जा सकता है कि सोशियोट्रॉपी आज बीते जमाने की बात होती जा रही है। कोरोना के बाद तो हालात में और भी अधिक बदलाव आया है। आज की पीढ़ी में सामाजिकता का स्थान वैयक्तिकता लेती जा रही है। एक समय था जब सामाजिकता को वैयक्तिकता के स्थान पर अधिक तरजीह दी जाती थी। परिवार, मोहल्लों और आसपास कोई ना कोई ऐसे अवश्य मिल जाते थे जो जगत मामा तो कोई जगत काका तो कोई जगत दादा होते थे। छोटा हो या बड़ा, दादी हो या पोती, सास हो या बहू सब उन्हें प्रसिद्ध नाम से ही पुकारते थे। यह था एक तरह का अपनत्व। इस तरह के व्यक्तित्व वाले व्यक्ति सभी के चहेते होते थे तो जान-पहचान हो या ना हो, वे जरूरत के समय पहुंच जाते थे। सुख-दुख खासतौर से मुसीबत के समय ऐसे व्यक्ति आगे रहते थे। हालांकि आज इस तरह के व्यक्तित्व को ढूंढ़ना लगभग असंभव सा है।

दरअसल, हमारी परंपरा व्यष्टि का ना होकर समष्टि की रही है। बच्चों को पहले सामाजिकता का पाठ पढ़ाया जाता था। बच्चे मोहल्ले के सभी घरों को अपना ही घर मानकर चलते थे तो मोहल्ले में रहने वाले किसी का भी बच्चा हो उसे अपने बच्चे जितना ही प्यार और दुलार देते थे। दुख-दर्द में पूरा मोहल्ला साथ हो जाता था। मोहल्ले में किसी घर में मौत हो जाती थी तो पड़ोसी उस परिवार को संभालने और देखभाल की जिम्मेदारी स्वयं अपने हाथ में ले लेते थे। शादी-विवाह में काम बंट जाता था, आज तो कैटरिंग का जमाना आ गया नहीं तो सैकड़ों लोगों को परिवार और मोहल्ले के युवा ही भोजन कराने की जिम्मेदारी निभा लेते थे। हलवाई के काम शुरू करते ही मोहल्ले के लोग बारी-बारी से देखरेख व सहयोग के लिए तैयार रहते थे। आज यह सब बदल गया है। गगनचुंबी इमारतों में कई परिवार रहते हैं और हालात यहां तक हो गए हैं कि एक ही कॉम्पलेक्स या अपार्टमेंट में रहने वाले एक-दूसरे को पहचानते नहीं। ऐसे में आपसी सहयोग और मेल-मिलाप की बात करना बेमानी होगा।

सोशियोट्रापी मनोविज्ञान में प्रयोग होता है। इसे सकारात्मक और नकारात्मक दोनों ही अर्थों में लिया जाता है। दूसरों को खुश रखने की खुशी में अपने खुशी को भूल जाना वाली मनोस्थिति को भी सोशियोट्रापी के रूप में देखा जाता है। यही कारण है कि इस एकांगिग अर्थ को लेने के चक्कर में सोशियोट्रोपी मानसिकता वाले लोगों के अवसादग्रस्त, तनाव पीड़ित और हमेशा चिंतित रहने की मनोदशा को साइड इफेक्ट के रूप में देखा जाता है। जबकि सोशियोट्रापी यहीं तक सीमित नहीं है। दूसरे के दुख-दर्द में भागीदार होना, आवश्यकता के समय निःस्वार्थ सहयोग व सहायता करना, दूसरे की परेशानी को समझना और उसे दूर करने में यथासंभव सहयोग करना यह सोशियोट्रापी का ही एक रूप है। हमारी परंपरा में जो व्यक्ति केवल अपने आप के बारे में सोचता है उसे एकलखोर या स्वार्थी कहा जाता रहा है। हमारी परंपरा वसुधैव कुटुम्बकम की रही है। हमारी परंपरा में दूसरे की उन्नति देखकर प्रसन्न होने की भावना रही है। खुशी के मौके पर मिठाई बांटना खुशी में सभी को भागीदार बनाना है। इसी तरह से जरूरत के समय खड़े हो जाना जरूरतमंद के लिए संबल होता है।

देखा जाए तो बदलते सामाजिक ताना-बाना से सबकुछ बदल कर रख दिया है। एकल परिवार की संस्कृति समाज में अपना प्रभुत्व जमा चुकी है। परिवार पति-पत्नी और बच्चों तक सीमित होता जा रहा है। जो भावनात्मकता संबंधों को तरोताजा रखती थी वह भावनात्मकता कहीं खो गई है। अवकाश के दिनों का उपयोग दादा-दादी या नाना-नानी के पास गुजारने के स्थान पर कहीं घूमने में जाया होने लगा है। एक समय था जब गांव से यात्रा पर भी जाते थे तो गांव के कई परिवार के लोग उस भ्रमण दल में होते थे। हालात तो यहां तक होने लगे हैं कि घर के बुजुर्ग सदस्य को जिसे साथ की अधिक आवश्यकता है, घर की देखभाल के लिए छोड़ना आज आम होता जा रहा है। खुशी के पल को साझा करने का तरीका भी बदल गया है। जिस तरह की प्राथमिकताएं बदली हैं वह पीपल प्लीजर के स्थान पर सेल्फ प्लेजर होती जा रही है।

दरअसल सामाजिकता के जो मायने एक समय होते थे उसमें कोई क्या कहेगा महत्वपूर्ण होता था, सामाजिक प्रतिक्रिया का बड़ा भय होता था, आज हालात यह है कि मां-बाप क्या कहेंगे इसकी भी परवाह नहीं रही है। दरअसल न्यूक्लियर फैमेली के यह साइड इफैक्ट है जो लोगों को सोशियोट्रापी से दूर ले जाते हैं। पाश्चात्य देशों द्वारा अब इसकी अहमियत सामने आने लगी है। ब्रिटेन में पिछले दिनों एक अध्ययन में सामने आया है कि अब बच्चों का जब भी मौका मिलता है परिवार यानी दादा-दादी या नाना-नानी का साथ जरूरी माना जाने लगा है। क्योंकि सामाजिक ताना-बाना में बिखराव के कारण ही आज की पीढ़ी रिश्तों की अहमियत भूलती जा रही है। दादा-दादी या नाना-नानी में से एक तो पराया होता जा रहा है। जब खास रिश्तों के ही यह हालात होते जा रहे हैं, परिवार के मायने ही बदलते जा रहे हैं तो फिर अड़ोस-पड़ोस, मोहल्ले या शहर-गांव के रिश्तों की बात करना ही बेमानी होगा।

# भारत में महिला कानून में बदलाव की जरूरत

**गौरतलब** | रहीम खान

> **क्योंकि** महिलाओं संबंधी कोई भी बात ये जाने और समझे बिना नहीं की जा सकती कि उनकी भूमिका और स्थिति समाज में कैसी है । मेरा इस संबंध में दृष्टिकोण है कि महिलाओं की अवस्था हमारे देश समाज में दोयज दर्ज की है । प्राचीन काल से ही स्त्री भोग्य रूप से अवलोकित एवं अधिग्रहित की गई है परन्तु बदलते परिवेश में सामाजिक और देश व्यापी परिवर्तनों ने महिलाओं की भागीदारी पारिवारिक स्तर से बढ़कर कार्यालयों, प्रतिष्ठान एवं कामोवेश हर एक स्तर में एक समान होने लगी है ।

**भारत** में वर्तमान समय में महिलाएं प्रगति के पथ पर पुरूष के साथ कंधे से कंधा मिलकर निरंतर जमीन से लेकर आसमान तक अपनी सफलता की कहानी लिख रही है । यह स्थिति हमारे समाज में बदलाव का सबसे बड़ा प्रमाण है । इसके पश्चात भी देश में महिला शिक्षा की स्थिति कमजोर है । ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाएं आज भी अत्याचार शोषण और रूढिवादी परम्पराओं में जकड़ी हुई है । शहर में यह स्थिति ग्रामीण क्षेत्र की अपेक्ष कम है । भारतीय संविधान में महिलाओं की सुरक्षा के लिये अनेक प्रकार के कानून बने है किंतु महिला उत्पीडन और उसमें बने आरोपी की स्थिति को देखते हुए लगता है कि यह कानून उतने कारगर नहीं है जितने समझा जाता है । दहेज प्रथा, भ्रूण हत्या, रेप के मामलों में अनेक बार आरोपी आसानी से बच निकलत है। इन्ही सब विषमताओं पर वरिष्ठ अधिवक्ता दीप्ती पौरिया से जब चर्चा की गई तो उनका कहना था कि माना हमारे देश में महिलाओं के लिए नैतिक रूप से वृहद कानून बनाये गये है लेकिन इन कानूनों का व्यवहारिक स्वरूप प्रभावी नहीं है । कानून प्रक्रिया का मोहताज है जो कि ऐसा होना चाहिए जिसमें दूरगामी विचारों की कार्यवाहियों हो और जो प्रभावितों को बिना किसी मनोवैज्ञानिक दवाब भय के अपना पक्ष रखने को उत्साहित करें । गौर तलब बात यह है कि वर्तमान महिला संबंधी कानून से कमोवेश समस्या अत्याचार कुछ दब सकते है लेकिन उनका निदान कम नहीं हो सकता । समुचित और प्रभावी कानून न होने के कारण महिलाएं न्याया पाने में खुद को असहाय पाती है, कुछ ही केस को छोड़कर । उच्चतम न्यायालय द्वारा इस संबंध में दिशा निर्देश दिये जाते है कुछ कदम उठाये जाते है पर वह पर्याप्त नहीं है । आवश्यकता है महिलाओं के प्रति सिर्फ नैतिकता ही नहीं सवेदनशीलता अपनाकर सभी कानून का गंभीर तरह से विश्लेषण कर इसे व्यापक ही नहीं व्यवहारिक भी बनाया जाय । समस्त पहलुओं को उजागर कर एक प्रभावी कानून का निर्माण किया जाय । चूंकि तमाम अत्याचारों अपराधों का समाधान न्याय व्यवस्था के द्वारा ही हो सकता है । कानून को सरकारी राजपत्र कागजों से बाहर निकलकर हर एक के पहुंच में लाना जरूरी है । भारत में महिलाओं के प्रति अत्याचार और उनके कानूनी उपचार की बात जानना चाहते है तो सबसे पहले हमें हमारे देश में महिलाओं की स्थिति का ज्ञान होना अति आवश्यक है और वह भी प्राचीन समय से लेकर वर्तमान समय तक के संदर्भ में ।

## आज का इतिहास

- 1265 को संसद की पहली बैठक इंग्लैंड में हुई।
- अमेरिकी मामलों को सुलझाने के लिए स्पेन में 1503 में व्यापार बोर्ड का गठन हुआ।
- कलकत्ता में 1817 में हिन्दू कॉलेज की स्थापना।
- बोलीविया, पेरु की संयुक्त सेनाओं को 1839 में चिली ने पराजित किया।
- डच राजा विलियम द्वितीय की ताजपोशी 1840 में हुई।
- प्रथम अफीम युद्ध में चीन ने हांगकांग को 1841 में ब्रिटेन के हवाले किया।
- इंडोनेशियाई द्वीप सेलेब्स के वाटमपोन पर 1860 में डच सेना ने जीत हासिल किया।
- 'पर्ल हार्बर' को अमेरिकी सीनेट ने 1887 में नौसैनिक अड्डा बनाने की अनुमति दी।
- दुनिया में सबसे पहले बासकेट बॉल का खेल 1892 को आज ही के दिन खेला गया था।
- अमेरिका में नागरिक स्वतंत्रता संघ की 1920 में स्थापना।
- जापान और सोवियत संघ के बीच 1925 में सहयोग समझौता हुआ।
- 1942 में आज ही के दिन जापान ने बर्मा पर आक्रमण किया।
- अमेरिकी राष्ट्रपति हैरी ट्रूमैन ने 1949 में अपनी चार सूत्री कार्यक्रम की घोषणा की।
- दक्षिण अमेरिकी देश सूरीनाम नीदरलैंड से 1950 में स्वतंत्र हुआ।
- मिस्र के शहर स्वेज नगर एवं इस्मायलिया पर 1952 में ब्रिटेन की सेना ने कब्जा किया।
- 1957 में पोलैंड में संसदीय चुनाव वामपंथी नेता गोलुल्का ने जीता।
- भारत के पहले परमाणु रिएक्टर 'अप्सरा' का 1957 को आज ही के दिन ट्रॉम्बे में उद्घाटन किया गया।
- 1957 में भारत द्वारा आर्थिक प्रतिबन्ध लगाये जाने के बाद दक्षिण अफ्रीका ने भारतीय जहाजों को अपने यहां सुविधाएं नहीं देने की घोषणा की।
- 'जॉन एफ केनेडी' ने 1961 में अमेरिका के 35 वें राष्ट्रपति पद की शपथ ली।

## अंकजाल - 7795

*खाली स्थानों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर दाएँ से बाएँ एवं ऊपर से नीचे जोड़ना है जिसका सही उत्तर मटमैले रंग के खानों में दिया गया है।*



*अंकजाल 7794 का हल*



Jagrutidaur.com, Bangalore

## धर्मराज युधिष्ठिर ने निभाया था भ्रातृ धर्म

**गहन** वन से तृषार्त पाण्डव गुजर रहे थे। पानी की तलाश में वे इधर-उधर घूम ही रहे थे कि अकस्मात उन्हें एक सरोवर दिखाई दिया। भीम, अर्जुन, नकुल और सहदेव जल पीने के पूर्व ही मृत्यु का ग्रास बन गए। कारण यह था कि एक यक्ष ने उनसे प्रश्न किए थे, किंतु उन्होंने उस ओर ध्यान नहीं दिया और बिना जवाब दिए ही पानी पीने लगे। लेकिन वे यक्ष का कोपभाजन बने और उन्हें मृत्यु प्राप्त हुई। इतने में युधिष्ठिर आए और पानी पीने की कोशिश करने लगे। उनसे भी यक्ष ने प्रश्न किए, जिनके युधिष्ठिर ने समुचित उत्तर दे दिए। तब यक्ष ने प्रसन्न होकर कहा, तुम जल पीने के अधिकारी हो। मेरी इच्छा है कि तुम्हारे चारों भ्राताओं में से किसी एक को जीवन दान दूं। बोलो, मैं किसे पुनर्जीवित करूं? प्रश्न बड़ा ही विचित्र था और साथ ही कठिन भी, क्योंकि युधिष्ठिर को चारों भाई एक समान प्रिय थे, तथापि एक क्षण भी सोचे बिना वे बोले, यक्षश्रेष्ठ आप नकुल को ही जीवन दान दें। यक्ष हंस पड़ा और बोला, धर्मराज, कौरवों से युद्ध में भीम की गदा और अर्जुन का गांडीव बड़ा ही उपयोगी सिद्ध होगा। इन दो सगे भाइयों को छोड़कर नकुल का जीवन क्यों चाहते हो। धर्मराज बोले, यक्षश्रेष्ठ हम पांचों भ्राता ही माताओं के स्नेह चिह्न हैं। माता पुंती के पुत्रों से मैं शेष हूं, किंतु माद्री मां के तो दोनों ही पुत्र मर चुके हैं। अतः यदि एक के ही जीवन का प्रश्न है, तो माद्री मां के नकुल का ही पुनर्जीवन इष्ट है।

## सुविचार

भूल करने में पाप तो है ही, परन्तु उसे छिपाने में उससे भी बड़ा पाप है।

**महात्मा गांधी**

मनुष्य अपने जन्म से नहीं, बल्कि अपने कर्म से महान बनता है।

**चाणक्य**

## राशिफल

| | |
|---|---|
| **मेष** महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। | **तुला** जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। बचते-बचते कलह विवाद का डर रहेगा। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। |
| **वृष** स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। | **वृश्चिक** मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। |
| **मिथुन** संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। व्यापार में प्रगति होगी। | **धनु** व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। |
| **कर्क** व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। सच्चाई का सहारा लें कार्यसिद्धि होगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। | **मकर** शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार मिलेंगे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। |
| **सिंह** कार्यक्षेत्र में आगे बढने में रुकावट का एहसास होगा। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। | **कुंभ** किसी से कहा सुनी न हो यही ध्यान रहे। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। |
| **कन्या** मध्याह्न से ही आशाएं बलवती होंगी। महत्त्वपूर्ण कार्यों को आज ही निपटा लें उसके बाद समय व्ययकारी सिद्ध होगा। | **मीन** संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। सब्र का फल मीठा होता है। अतः धैर्य रखें व अच्छे समय इन्तजार करें। |

# मुफ्त की रेवड़ियों का लोकतंत्र : केजरीवाल की 'फ्रीडम सेल'

प्रो. आरके जैन

**दिल्ली** के पूर्व मुख्यमंत्री व आप पार्टी प्रमुख अरविंद केजरीवाल की राजनीति अब राजनीति के रंगमंच पर एक अनोखे नाटक की शक्ल अख्तियार कर चुकी है। उनके 'मुफ्त की रेवड़ियां' मॉडल ने देश की सियासी धड़कनों को कुछ इस तरह तेज कर दिया है, मानो चुनावी मौसम में राजनीतिक गलियारों में कोई नया मसाला परोसा गया हो। ताजा घोषणाओं में किरायेदारों के लिए मुफ्त बिजली और पानी का प्रावधान किया गया है, जो आम आदमी की जेब को राहत देने वाला कदम नजर आता है। इस मुफ्तखोरी के लोकतांत्रिक उत्सव में, जहां जनता को सुविधाओं की मिठास परोसी जा रही है, वहीं यह सवाल अब भी अनुत्तरित है—इस खर्च का असली भार कौन उठाएगा? कहीं ऐसा तो नहीं कि यह 'मुफ्त' की मिठास, अर्थव्यवस्था के भविष्य को खट्टा बना दे? आज का लोकतंत्र, विशेषकर भारत में, एक नए प्रकार के 'रेवड़ी स्टार्टअप' की अवधारणा पर आधारित हो चुका है। केजरीवाल का मुफ्त सेवा मॉडल अब राजनीति को नीतियों और विचारधाराओं के बजाय एक खतरनाक प्रतिस्पर्धा में बदल चुका है—'कौन कितनी ज्यादा मुफ्त रेवड़ियां बांट सकता है।' बिजली, पानी, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी बुनियादी सेवाओं के बाद, अब किरायेदारों के लिए मुफ्त बिजली-पानी की गारंटी ने इस खेल को एक नया मोड़ दे दिया है। अब अगला कदम शायद 'मुफ्त वाई-फाई', 'मुफ्त ससुराल योजना' या फिर 'नो-वर्क जॉब गारंटी' हो सकता है। राजनीति का यह नया रंग समाज में एक अस्वाभाविक मानसिकता को जन्म दे रहा है, जहां हर व्यक्ति बस यही सोच रहा है—'आखिर और कौन सी मुफ्त सुविधा मुझे मिल सकती है?' यह दृश्य न केवल लोकतंत्र के असली उद्देश्य से दूर जा रहा है, बल्कि आने वाले समय में इसका असर हमारे सामाजिक ढांचे पर भी दिखाई देगा। दिल्ली जैसे महानगर में, जहां हर दूसरा व्यक्ति किरायेदार है, इस घोषणा ने एक अनकहे तनाव को जन्म दे दिया है, जो मकान मालिकों और किरायेदारों के बीच बढ़ता जा रहा है। मकान मालिक अब चिंतित होंगे कि किरायेदार मुफ्त सेवाओं का लाभ उठाकर और भी निश्चिंत हो जाएंगे, जबकि किरायेदार इसे अपनी 'मुफ्त छत' समझने में बिलकुल भी संकोच नहीं करेंगे। सवाल यह उठता है कि क्या यह राजनीति समाज को और भी ज्यादा खंडित करने का नया हथियार बन चुकी है? किरायेदारों के लिए यह घोषणा किसी सोने की चिड़िया के जैसे तोहफे से कम नहीं, वहीं मकान मालिक इसे एक नए बोझ और जिम्मेदारी के रूप में देख रहे हैं। भारत में अब चुनाव नीतियों और योजनाओं के बजाय मुफ्त सेवाओं के वादों के इर्द-गिर्द घूमने लगे हैं। यह सोचने वाली बात है कि जब सरकारें इन मुफ्त सेवाओं के लिए धन जुटाती हैं, तो इसका स्रोत आखिर है कहां से? अगर इस धन का सही इस्तेमाल शिक्षा, स्वास्थ्य और बुनियादी ढांचे के लिए किया जाए, तो समाज का व्यापक विकास संभव है। लेकिन 'रेवड़ी बाजार' की इस राजनीति ने दीर्घकालिक विकास और सशक्त भविष्य को पीछे धकेल दिया है। मुफ्त चीजें हमेशा आकर्षित करती हैं, क्योंकि ये हमारी मेहनत और जिम्मेदारी को कम करने का लुभावना रास्ता दिखाती हैं। लेकिन यह सोच दीर्घकालिक विकास की राह में गंभीर अड़चन डाल देती है। जब समाज मुफ्त सेवाओं का आदी हो जाता है, तो उसकी उत्पादकता और आत्मनिर्भरता पर गहरा असर पड़ता है।

# असली इमरजेंसी और नकली इमरजेंसी

**गौरतलब** | राकेश अचल

> **जिन** परिस्थितियों में देश में पहली बार इमरजेंसी लगाईं गयी थी उन दिनों के हालात आज के हालत जैसे ही थे। जैसे आज नरेंद्र मोदी की सरकार पर आरोप लगाए जा रहे हैं ठीक वैसे ही आरोप इंदिरा गांधी की सरकार पर लगाए जा रहे थे। गुजरात में सरकार के खिलाफ छात्रों का नवनिर्माण आंदोलन चल रहा था। बिहार में जयप्रकाश नारायण का आंदोलन चल रहा था। 1974 में जॉर्ज फर्नांडिस के नेतृत्व में रेलवे हड़ताल चल रही थी।

**कंगना** रनौत की बहुचर्चित फिल्म इमरजेंसी बॉक्स आफिस पर हिट होती है या फ्लाप ये कहना अभी कठिन है क्योंकि ; इमरजेंसी की ओपननिंग से कोई भी अनुमान लगना कठिन है। इमरजेंसी ने दर्शकों को फिलहाल दो दिन तो अपनी और आकर्षित कर ये संकेत दिए हैं कि इमरजेंसी आज भी कौतूहल का विषय है और किंचित लोकप्रिय भी। सिनेप्लेक्स में फिल्म देखने वाली आज की पीढ़ी ने सचमुच की इमरजेंसी नहीं देखी, इसलिए उसे भाजपा संसद कंगना रनौत की इमरजेंसी में स्वाभाविक दिलचस्पी है। देश में आजादी के बाद पहली और फिलहाल अंतिम बार इमरजेंसी यानि आपातकाल 50 साल पहले लगा था। उस समय कांग्रेस का शासन था और प्रधानमंत्री के पद पर श्रीमती इंद्रा गाँधी आसीन थीं। इमरजेंसी लागू होने के बाद विपक्षी नेताओं को चुन-चुन कर गिरफ्तार किया गया और उन्हें जेल में डाल दिया गया था। आज की इमरजेंसी रजतपट की इमरजेंसी है। इसके जरिये तत्कालीन प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी को एक खलनायिका के रूप में प्रस्तुत करना और इसके जरिये दिल्ली जीतने की एक अतृप्त अभिलाषा को पूरा करना है। चुनाव जितने के लिए इमरजेंसी की तर्ज पर पहले भी अनेक फिल्में बन चुकीं हैं। असली इमरजेंसी 25 जून, 1975 को घोषित की गयी थी, इंदिरा गांधी के नेतृत्व वाली सरकार की सिफारिश पर तत्कालीन राष्ट्रपति फखरुद्दीन अली अहमद ने आपातकाल लगाए जाने पर अपनी मुहर लगाई थी। ये इमरजेंसी 21 मार्च, 1977 तक देशभर में लागू रही। स्वतंत्र भारत के इतिहास में ये 21 महीने काफी विवादास्पद रहे। इन 21 महीनों में जो कुछ भी हुआ। सत्ता दल अभी भी कांग्रेस को समय-समय पर कोसते रहते हैं। संयोग से इन पंक्तियों का लेखक यानि मै समझदार हो चुका था, लेकिन कानून की दृष्टि में नाबालिग था इसलिए औरों की तरह जेल नहीं गया।उन दिनों दूरदर्शन नहीं था केवल रेडियो था इसलिए देश में इमरजेंसी लगाए जाने की घोषणा तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने रेडियो के माध्यम से की थी। 26 जून, 1975 की सुबह इंदिरा गांधी ने ऑल इंडिया रेडियो पर कहा, राष्ट्रपति ने देश में इमरजेंसी की घोषणा कर दी है। इसमें घबराने की कोई बात नहीं है।

मुझे अच्छी तरह से याद है कि आपातकाल की घोषणा किए जाने के कुछ ही समय पहले ही सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाई कोर्ट के उस फैसले पर सशर्त रोक लगा दी, जिसमें लोकसभा के लिए उनके चुनाव को अमान्य घोषित किया गया था। इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को संसदीय कार्यवाही से दूर रहने को भी कहा था। वैसे इमरजेंसी से पहले इंदिरा गांधी के नेतृत्व वाली कांग्रेस ने 1971 के लोकसभा चुनावों में शानदार जीत हासिल की थी। तत्कालीन 521 सदस्यीय संसद में कांग्रेस ने 352 सीटें जीती थीं। दिसंबर 1971 में बांग्लादेश को पाकिस्तान के युद्ध से आजाद कराकर इंदिरा गांधी आयरन लेडी के नाम से जानी जा रही थीं।

स्वामित्व दिग्विजय सिंह के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक आलोक कुमार सिन्हा द्वारा एवी पब्लिशर, 220 माखिजा हाउस, ओल्ड एचबी रोड, नियर कोकर बाजार, कोकर, रांची, 834001 से प्रकाशित एवं शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची 835222 से मुद्रित। आर.एन.आई.सं : JHAHIN2009/32423, **प्रबंध सम्पादक** : नागेंद्र नारायण सिंह, **सम्पादक (झारखंड)** : विष्णु शंकर उपाध्याय* । दूरभाष 0651-3501612, 8825197097, 9431343365, 9431191443 *इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरवी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## एक झलक

### डाल्टनगंज के युवक की सऊदी अरब में मौत

**मेदिनीनगर** : मजदूरी करने के सिलसिले में सउदी अरब गए डालटनगंज के युवक की मौत हो गयी। घटना के 24 घंटे से ज्यादा समय बीत जाने के बाद भी उसका शव लाने की दिशा में कोई पहल नहीं हो पायी है। इसे देखते हुए। मृतक की पत्नी एवं परिवार के अन्य सदस्यों ने केन्द्र एवं झारखंड सरकार से गुहार लगायी है। बताते चलें कि डालटनगंज के मुस्लिमनगर में रहने वाले 29 वर्षीय सद्दाम हुसैन की 17 जनवरी को मौत हो गयी है। सोये अवस्था में उन्हें मूल पाया गया। 22 जुलाई 2024को सद्दाम मजदूरी करने के सिलसिले में सउदी अरब गया हुआ था। सद्दाम की शादी पांच साल पहले हुई थी। उसके तीन छोटे-छोटे बच्चे हैं। घटना की सूचना मिलने के बाद से पत्नी समेत अन्य परिजनों का रो रोकर बुरा हाल बना हुआ है। पत्नी का कहना है कि अपने शौहर का अंतिम बार चेहरा देखने की इच्छा है। उसकी डेडबॉडी किसी तरह डालटनगंज मगवाा दी जाए। उन्होंने जिला प्रशासन, झारखंड के साथ केन्द्र सरकार से इस संबंध में पहल करने की गुहार लगायी घटना की जानकारी मिलने के बाद कांग्रेस पार्टी के पूर्व मंत्री श्री त्रिपाठी, सद्दाम हुसैन के परिजनों मुलाकात किया और जल्द से जल्द बॉडी लाने का भरोसा दिया।

### जंगल से लकड़ी तस्करी करते पकड़े गये आरोपी को भेजा गया जेल

**महुआडांड़/कटेहर** : महुआडांड़ थाना क्षेत्र के सोहर पाठ जंगल में पुलिस और वन विभाग की संयुक्त टीम ने अभियान चलाकर लकड़ी तस्करी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की। इस दौरान टीम ने जावेद अंसारी, पिता कयूम अंसारी, ग्राम लुरगुमी निवासी को गिरफ्तार किया। उसके पास से पांच पीस चौखट पटरा और एक मोटरसाइकिल बरामद की गयी। अभियान का नेतृत्व महुआडांड़ थाना प्रभारी अवनीश कुमार और वनपाल कुंवर गंझू ने किया। आरोपी को गिरफ्तार कर सुबह जेल भेज दिया गया।वहीं पुलिस और वन विभाग की इस कार्रवाई को लेकर स्थानीय लोगों ने सराहना की है। यह अभियान जंगल में हो रही अवैध कटाई और तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए चलाया गया था।

### इग्नू जन जन का विश्वविद्यालय है : क्षेत्रीय उप निदेशक

**लोहरदगा** : बलदेव साहु महाविद्यालय में इग्नू अभिप्रेरणा की बैठक रविवार को हुई। मौके पर इग्नू के क्षेत्रीय उप निदेशक डॉ मोती राम उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि इग्नू जन जन का विश्वविद्यालय है। उन्होंने कहा की विश्व का सबसे बड़ा विश्वविद्यालय इग्नू है यहां के शिक्षार्थी विभिन्न जगह से आते हैं चाहे वह गृहिणी हो, नौकरी पेशा हो, व्यापार करने वाले हो, चाहे छात्र हो सभी के लिए इग्नू में पढ़ने की व्यवस्था भारत सरकार के जरिये की गई है। उन्होंने विस्तार से इग्नू के बारे में छात्रों को जानकारी दी नामांकन से लेकर असाइनमेंट बनाने के तरीके परीक्षा फॉर्म भरने री रजिस्ट्रेशन कराने परीक्षा फॉर्म भरने किसी प्रकार की कोई त्रुटि रहने पर सारी जानकारी इग्नू के वेबसाइट पर उपलब्ध है। उन्होंने छात्रों को बताया कि इग्नू तीन भागों में विभक्त है। पहला स्टडी सेंटर दूसरा रीजनल सेंटर और तीसरा मुख्य कार्यालय दिल्ली छात्र तीनों से संपर्क स्थापित कर अपना कैरियर को बेहतर बना सकते हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ शर्मा ने की उन्होंने कहा की छात्रों को लगातार मेहनत करने की जरूरत है तभी छात्र अपनी सफलता को प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा बेहतर करने वालों की स्थिति भी बेहतर होती है। विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रोफेसर शंभू प्रसाद उपस्थित थे। उन्होंने कहा इग्नू स्टडी सेंटर में कम संसाधन के जरिये छात्र बेहतर परिणाम दिखा सकते हैं। मौके पर विधार्थी और शिक्षक मौजूद थे।

### भंडारा के साथ महायज्ञ का अनुष्ठान हुआ सम्पन्न

**हुसैनाबाद** : हुसैनाबाद अनुमंडल मैदान स्थित मां तारा शक्ति दुर्गा मंदिर में मां दुर्गा की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर पांच दिवसीय महायज्ञ पांचवें दिन माता को भोग लगा कर भंडारा के साथ संपन्न हो गया। अंतिम दिन माता की प्राणप्रतिष्ठा के उपरांत बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने दर्शन व पूजन किया। यज्ञ एवं प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान आचार्य भैरोनाथ जी महाराज के नेतृत्व में संपन्न कराया गया।

## लातेहार में विधिक सशक्तीकरण शिविर का आयोजन

# हजारों लोगों को मिला योजनाओं का लाभ

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार** : झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार (झालसा) रांची के निदेशानुसार लातेहार जिला के सभी प्रखंडों में विधिक सशक्तिकरण शिविर का आयोजन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, मनोज कुमार सिंह और उपायुक्त-सह-उपाध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, उत्कर्ष गुप्ता के नेतृत्व में किया गया।शिविर में विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाकर लाभुकों को सरकारी योजनाओं का लाभ प्रदान किया गया। इसके साथ ही सैकड़ों लोगों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश मनोज कुमार सिंह ने कहा कि जिला के हर व्यक्ति को योजनाओं का लाभ पहुंचाना हमारा मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने आम जनता से अपील की कि वे अपने मौलिक अधिकारों का उपयोग करें। उन्होंने बताया कि जिले में सभी थाना क्षेत्रों, प्रखंडों और पंचायतों में कानूनी सहायता केंद्र स्थापित किए गए हैं, जहां पारा लीगल वॉलंटियर्स की तैनाती की गई है।श्री सिंह ने यातायात नियमों और अन्य कानूनों के पालन की अपील की और अभिभावकों से बच्चों की पढ़ाई पर विशेष ध्यान देने को कहा। उन्होंने लोक अदालत और नालसा की योजनाओं की जानकारी देते हुए छोटे विवादों को लोक अदालत में निपटाने की अपील की। इस शिविर में प्रधानमंत्री आवास योजना, कंबल, जॉब कार्ड, हरा राशन कार्ड, दिव्यांगों के लिए ट्राइसाइकिल, छड़ी, कृषि यंत्र, पशुपालन किट, बीज, पेंशन स्वीकृति पत्र, दाखिल-खारिज स्वीकृति पत्र जैसे कई लाभ प्रदान किए गए। स्कूली छात्राओं को गुरुजी क्रेडिट कार्ड और साइकिल का भी वितरण किया गया। लातेहार प्रखंड के कार्यक्रम का नेतृत्व प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश मनोज कुमार सिंह ने किया। अन्य प्रखंडों में जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश, सिविल जज, एसडीजेएम और अन्य न्यायिक अधिकारियों ने कार्यक्रम का संचालन किया।



## चौकीदार दफादारों के रिक्त पदों पर की गयी अवैध नियुक्ति तत्काल रद्द की जाये : कृष्ण दयाल सिंह

**गुमला** : प्रदेश अध्यक्ष कृष्ण दयाल सिंह ने बताया कि झारखण्ड चौकीदार संवर्ग नियमावली 2015 की कंडिका 2( 9) में प्रावधान है कि 'बीट' से अभिप्रेत है एक चौकीदार का कार्यक्षेत्र जिसमें 100 से120 आवासीय घरों का समूह होगा ।कंडिका 4 में प्रावधान है कि नियुक्ति एवं प्रोन्नति हेतु राज्य सरकार द्वारा समय समय पर निर्धारित जिला स्तरीय आरक्षण लागू होगा और कंडिका 5 ( 5) में प्रावधान है कि अभ्यर्थी को संबंधित बीट का स्थायी निवासी होना अनिवार्य होगा। सिंह ने बताया कि झारखंड चौकीदार संवर्ग नियमावली 2015 में उल्लेखित उक्त प्रावधानों का अनुपालन गुमला जिला के चौकीदार पद पर नियुक्ति में नहीं हुआ है। चौकीदारों के रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु निकला गया विज्ञापन से पहले या बाद में100 से 120 आवासीय घरों पर बीट सृजित नहीं किया गया है। सफल अभ्यर्थियों को जिस बीट में चौकीदार के पद पर नियुक्त किया गया है उस बीट के स्थायी निवासी नहीं हैं ।एक बीट में एक ही चौकीदार नियुक्त होंगे , लेकिन एक बीट में 01 से ज्यादा 3_4 चौकीदारों को नियुक्त किया गया है। एक बीट ( पुराना) के अलावे नया बीट किसी जिला में नहीं बना है और ना ही एक बीट से ज्यादा पद और बल झारखंड कैबिनेट से स्वीकृत है तो एक बीट में एक से ज्यादा 3_4 चौकीदारों को कैसे नियुक्त कर दिया गया है? बीट के बाहर से चौकीदार के पद पर नियुक्ति करने से भारत की सबसे पुरानी प्रशासनिक व्यवस्था चौकीदारी व्यवस्था झारखंड से समाप्त हो जाएगी।

## कतरास क्षेत्र में फाउंडेशन ने गरीबों में बांटी सिलाई मशीन : मुमताज अली



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गुमला** : इंडियन नेशनल फाउंडेशन के चीफ मुमताज अली के द्वारा कतरास सीजुआ, छाता बांध गुही बांध डुंमरा में गरीब मजबूर कमजोर लोगों के विच सिलाई मशीन विकलांग साइकिल बुजुर्ग लोगों को चश्मा गरीब बच्चों को स्कूल किताब कलम बैग ड्रेस बांटा गया। मुमताज अली ने कहा कि झारखंड के कई जिलों में यह कार्यक्रम फाउंडेशन के जानिब से चलाया जा रहा है और गरीबों लाचारो बेसहारों की मदद और इंसानी खिदमत का सिलसिला मै लगातार चलाता रहूंगा। धनबाद जिले के कतरास बाघमारा क्षेत्र में यह सामग्री सहायता वितरण किया गया इसके बाद गिरिडीह देवघर जिले में यह कार्यक्रम चलाया जाएगा मुमताज अली ने कहा कि हमारा मकसद गरीबों कमजोरो का आंसू पोछना है उनके हक और इंसाफ की लड़ाई लड़ना है सरकार की गहरी नींद में सोए हुए अधिकारी और मंत्री को जगाना है भ्रष्टाचार और रिश्वतखोरी खोरी से आम इंसानों को निजात दिलाना है अंजाम चाहे जो भी हो हम जुल्म और जालिम के खिलाफ इंकलाब की आवाज बुलंद करते रहेंगे।

## गणतंत्र दिवस के पूर्व दिवस पर संविधान दिवस मनाना है : विनय लाल



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गुमला** : गुमला पर्यटन भवन के परिसर में भाजपा जिला गुमला के जिला अध्यक्ष सहित जिला महामंत्री सभी मण्डल के अध्यक्ष, सभी मोर्चा के जिला अध्यक्ष की संयुक्त बैठक की अध्यक्षता करते हुए यह बातें कही इसके अलावे जिला अध्यक्ष ने सभी को अपने अपने मण्डल में आगामी 26 जनवरी के पूर्व दिन को सभी मंडलों के दलित बस्ती में बड़े जोर-शोर से संविधान गौरव दिवस मनाने का निर्देश दिया, उन्होंने यह भी बताया कि पूरे देश में विपक्षी दलों ने भाजपा पर संविधान बदल देने का झूठा नैरेटिव फैलाने का काम किया। जबकि कांग्रेस ने ही जबतक वह सत्ता में रहा कभी भी अम्बेडकर जी को भारत रत्न नहीं दिया, और जब जब सत्ता में रहे वो संविधान को अनेकों बार संसोधन कर बाबा साहेब अंबेडकर का अपमान करते रहे। बैठक को पूर्व जिला अध्यक्ष अनुपचन्द्र अधिकारी ने अपने सबोधन में कांग्रेस पर 90 बार चुनी हुई राज्य सरकारों को बर्खास्त कर संविधान की धज्जियां उड़ाने का आरोप लगाया,वरिष्ठ नेता विनोद कुमार ने सदस्यता अभियान को सभी मंडलों को आगामी 30 जनवरी तक समय पर अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहण करते हुए पूरा कर लेना है, प्रत्येक मंडलों को अपने अपने मंडलों के सभी बूथों से सभी सदस्य को सदस्य बनना है, और जो भी कार्यकर्ता 50 सदस्य बनाया लेगा वही सक्रिय सदस्य कहलायेगा और प्रत्येक बूथ से कम से कम दो दो सक्रिय सदस्य कहलायेगा।

## श्री वैष्णव दुर्गा मंदिर समिति के उपाध्यक्ष मो. शफीक की पत्नी का निधन, शहर में शोक की लहर

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार** : शहर के प्रतिष्ठित श्री वैष्णव दुर्गा मंदिर समिति के प्रथम उपाध्यक्ष और अधिसूचित क्षेत्र समिति (एनएसी) लातेहार के सेवानिवृत्त वरीय लिपिक स्व शफीक की पत्नी का निधन हो गया। उन्हें चटनाही स्थित कब्रिस्तान में सुपुर्द-ए-खाक किया गया।उनके निधन पर श्री वैष्णव दुर्गा मंदिर समिति के पदाधिकारियों और सदस्यों ने गहरा शोक व्यक्त किया है। शोक प्रकट करने वालों में संरक्षक बद्री साहू, महेंद्र प्रसाद गुप्ता, अभिनंदन प्रसाद, अनिल कुमार साहू, अमरेश प्रसाद गुप्ता, विनोद कुमार साहू, त्रिभुवन पांडेय, सुरेंद्र प्रसाद शौंडिक, सुभाष प्रसाद, भोला प्रसाद और अजीत कुमार सिन्हा शामिल हैं। इसके अलावा, समिति के अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता (भोला), उपाध्यक्ष शशिभूषण पांडेय, कन्हाई प्रसाद अग्रवाल, बद्री प्रसाद, सचिव आशीष टैगोर, सह सचिव रविंद्र प्रसाद प्रजापति और रंजीत कुमार, कोषाध्यक्ष राजू रंजन सिंह, उमेश प्रसाद गुप्ता, ओम प्रकाश गुप्ता, राजीव कुमार, संजय प्रसाद, संतोष प्रसाद, उज्जवल साहू (छोटू), सतीश कुमार, दीपक विश्वकर्मा, संतोष दुबे, पंकज प्रसाद, प्रदीप प्रसाद और आकाश कुमार जायसवाल ने भी गहरा दुख प्रकट किया। सचिव आशीष टैगोर ने दिवंगत शफीक के पुत्र शकील अख्तर से मुलाकात कर सांत्वना दी और परिवार को इस कठिन समय में धैर्य रखने का संदेश दिया।

## उर्दू शिक्षक संघ का शिक्षक समागम आयोजित, उर्दू के हक की लड़ाई जारी रखने का आह्वान

# उर्दू के हुकूक के लिए सभी को आगे आना पड़ेगा : अमीन अहमद

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गुमला** : झारखंड राज्य उर्दू शिक्षक संघ का राज्य स्तरीय शिक्षक समागम सह मिलन समारोह डिमना झील में संपन्न हुआ। जिसमें राज्य के विभिन्न जिला के शिक्षक प्रतिनिधि शामिल हुए। रांची, गुमला, लोहरदगा, बोकारो, पूर्वी सिंहभूम, सरायकेला खरसावां, पश्चिमी सिंहभूम आदि जिला से आये संघ के पदाधिकारी शिक्षक समागम में शामिल हुए। और अपनी बातें और विचार रखें। पूर्वी सिंहभूम एवं सरायकेला-खरसावां जिला के संयुक्त तत्वाधान में शिक्षक समागम सह मिलन समारोह का सफल आयोजन डिमना झील, जमशेदपुर में किया गया। मुख्य अतिथि केंद्रीय महासचिव अमीन अहमद थे तथा केंद्रीय अध्यक्ष अब्दुल माजिद खान की अध्यक्षता में समागम हुआ। रांची से केंद्रीय महासचिव अमीन अहमद, केंद्रीय प्रवक्ता शहजाद अनवर, अध्यक्ष अब्दुल माजिद खान, उपाध्यक्ष साबिर अहमद, खजांची मकसूद जफर हादी, लोहरदगा जिला के अध्यक्ष एनामुल हक, सचिव तौहीद आलम, उपाध्यक्ष शहादत हुसैन, अली रजा अंसारी एवं आलमीन अंसारी, गुमला के जिला अध्यक्ष सरवर आलम एवं शमीम खान, बोकारो से जिला अध्यक्ष मुफीद आलम, सचिव शहनवाज अंसारी एवं मो जिलानी, सरायकेला से अध्यक्ष गुलाम अहमद, उपाध्यक्ष अब्दुल गफ्फार अंसारी एवं सचिव रुबी तरन्नुम एवं पूर्वी सिंहभूम के संरक्षक साजिद अंसारी, अध्यक्ष मोहम्मद शहाबुद्दीन अंसारी, उपाध्यक्ष एजाज अख्तर, फैय्याज आलम, मो सलीम, मोजाहिद निसार, अरशद आलम अंसारी, खुर्शीद अहमद, सरवर आलम अंसारी, महबूब आलम, मतीन अंसारी, शाहीद एकबाल, आलमगीर आलम, मो एहतेशाम, नुरुल हसन, जफरूल हसन, इस्तियाक अहमद, शमीम अहमद, अफसर अली, इलियास अहमद, अफताब आलम, इकराम आलम, कैसर आलम अंसारी, नौशाद आलम, प्रो जावेद अख्तर मुख्य रूप से शामिल हुए।



# जिले के सभी प्रखंडो में 24 जनवरी के बीच लगाया जायेगा स्वास्थ्य मेला

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**मेदिनीनगर** : स्वास्थ्य विभाग की ओर से जिले के सभी प्रखंडो में 'प्रखंड स्वास्थ्य मेला' 2025 के तहत 20 जनवरी से 24 जनवरी के बीच एक दिवसीय प्रखंड स्वास्थ्य मेला आयोजित किया जायेगा।इस मेले में आमजनों का स्वास्थ्य संबंधित विभिन्न समस्याओं का जांच व इलाज किया जायेगा साथ ही स्वास्थ्य संबंधी योजनाओं, कार्यक्रमों यथा आयुष्मान कार्ड, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, आभा कार्ड बनाने के साथ साथ सामान्य चिकित्सा, मातृ स्वास्थ्य, बाल स्वास्थ्य, टीकाकरण, मोतियाबिंद जांच, ईएनटी, दंत, चर्मरोग, कुष्ठ, टीबी, मलेरिया, अंधापन, कैंसर, आयुर्वेद, युनानी, होमियोपैथी, योगा आदि की सुविधा उपलब्ध करायी जाएगी।इस मेले में किसी प्रकार की कठिनाई होने पर डीसी पलामू के फेसबुक एकाउंट व एक्स पर शिकायत दर्ज की जा सकती है।



**इस दिन यहां लगेगा मेला, उपायुक्त ने आमजनों से स्वास्थ्य मेले में पहुंच कर लाभान्वित होने की अपील की है**

**प्रखंड** स्वास्थ्य मेला 2025 के तहत 20 जनवरी को नौडीहा बाजार प्रखंड कार्यालय परिसर, मोहम्मदगंज के पीएचसी अधौरा कैंपस,21 जनवरी को पीएचसी नवा बाजार परिसर व हैदरनगर के इमामनगर बरेवा पंचायत सचिवालय, वहीं 22 जनवरी को चैनपुर अंतर्गत पीएचसी पथरा फील्ड, छत्तरपुर के एसडीएच कैंपस,सतबरवा के दुलसुलमा पंचायत भवन,हुसैनाबाद के एसडीएच कैंपस,पांडु के सीएचसी परिसर व पिपरा के आम पिपरा कैंपस में मेला का आयोजन किया जाएगा। इस तरह 23 जनवरी को तरहसी के आर.के पब्लिक स्कूल, उंटारी रोड के सीएचसी उंटारी परिसर, पाटन प्रखंड के सीएचसी परिसर व पांकी ब्लॉक के रणभरी हाई स्कूल में मेला का आयोजन किया जायेगा।

## लातेहार में श्री शनि देव मंदिर के वार्षिकोत्सव का कलश यात्रा से हुआ शुभारम्भ



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार** : शहर के प्राचीन शिव मंदिर परिसर स्थित श्री शनि देव मंदिर के पांचवें वार्षिकोत्सव का शुभारंभ रविवार को भव्य कलश यात्रा से हुआ। यह यात्रा मंदिर परिसर से निकलकर शहर के मुख्य पथ, काली मंदिर मोड़, मानस पथ और बाइपास चौक होते हुए चटनाही स्थित औरंगा नदी के छठ घाट पहुंची। घाट पर वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ श्रद्धालुओं ने कलश में पवित्र जल भरा। मुख्य यजमान पंकज पांडेय सपत्नीक इस आयोजन में शामिल हुए जबकि पंडित अनिल मिश्रा व दिलीप शुक्ला ने मंत्रोच्चारण किया। श्रद्धालुओं ने 'जय शनिदेव' के जयघोष के साथ पूरे जोश और आस्था के साथ भाग लिया।

## जन विश्वास की रक्षा राजनीतिक जीवन का लक्ष्य : मनोज सिंह

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**मेदिनीनगर** : मेदिनीनगर नगर निगम के भावी मेयर प्रत्याशी मनोज सिंह डोर टू डोर कैंपनिंग कर सेवा कार्य कर रहे हैं। इस बार का अभियान कंबल वितरण का हैं। निगम क्षेत्र के 35 वार्ड में दस हजार कंबल वितरण का लक्ष्य रखा गया हैं। रविवार को इस अभियान के तहत भावी मेयर प्रत्याशी मनोज सिंह वार्ड नंबर एक के सिंगरा, पुलिस लाइन रोड़, सुदना के अघोर आश्रम रोड, पटेल नगर, बैक कॉलोनी, निमिंया आदि इलाकों में भ्रमण कर कंबल का वितरण किया। मौके पर श्री सिंह ने कहा कि राजनीति को वह सेवा का मिशन मनाते हैं। सेवा के मिशन को लेकर हीं वह राजनीति में आये हैं। जनता के आशीर्वाद से पद पर रहने के वक्त भी, और उसके बाद भी जनता की सेवा में पूरी सक्रियता के साथ लगे हैं। जनता के प्रति अपनापन का भाव हैं। इसलिए वह अपनों के बीच रहते हैं। सामर्थय के अनुसार सेवा भाव के कार्य को आगें बढ़ाते हैं, ताकि इसके माध्यम से वह लोग से मिलते जुलते रहे, जिससे आप हमारे और हम आपके की भाव मजबूत हों सके। जनता की उम्मीद को वह कभी टूटने नहीं देंगे, जन विश्वास की रक्षा हीं उनके राजनीतिक जीवन का लक्ष्य हैं। मौके पर रोहित, जुगनू, अमित सिंह, रोशन सिंह, यशवंत सिंह, लवकुमार राम, अंतूल सिंह, रणजीत राम, केश्वर राम सहित कई लोग उपस्थित थे।



**अब तक तीन हजार कम्बल का हो चुका है वितरण**

**इस** अभियान के तहत अब तक तीन हजार से अधिक कंबल का वितरण हों चूका हैं। इसे लेकर टीम मनोज सिंह द्वारा कोई तामझाम नहीं किया जाता हैं। भावी मेयर प्रत्याशी मनोज सिंह भ्रमण पर निकलते हैं।

## जिला प्रशासन ने सिरा सीता राजकीय मेला, जतरा स्थल का किया निरीक्षण

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गुमला** : जिला प्रशासन गुमला ने आगामी सिरा सीता राजकीय मेला ,जतरा के आयोजन की तैयारियों का जायजा लेने हेतु सिरा सीता (सिरसी-ता नाले) स्थल का निरीक्षण किया। उल्लेखनीय है कि गुमला जिले के डुमरी प्रखंड अंतर्गत अकासी पंचायत में स्थित सिरा सीता को पर्यटन, कला, संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग द्वारा राजकीय मेला,जतरा का दर्जा दिया गया है। इस मेला का आयोजन 5 एवं 6 फरवरी 2025 को किया जायेगा, जिसमें देश-विदेश से लाखों श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। उप विकास आयुक्त, गुमला की अध्यक्षता में आयोजित इस निरीक्षण में प्रशासनिक अधिकारियों ने मेला स्थल पर मूलभूत सुविधाओं, विधि-व्यवस्था, एवं सुरक्षा व्यवस्था की रूपरेखा तैयार की। श्रद्धालुओं के सुगम आवागमन, पेयजल, स्वच्छता, चिकित्सा सेवाएं, और यातायात प्रबंधन के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया।



## राष्ट्रीय बालिका दिवस पर सतबरवा में जागरूकता समारोह का आयोजन

# राष्ट्रीय बालिका दिवस का विषय 'उज्ज्वल भविष्य के लिए लड़कियों को सशक्त बनाना'

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**मेदिनीनगर** : राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर रविवार को सतबरवा प्रखंड अंतर्गत धवादीह सीएमटीसी में एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम उमंग परियोजना के अंतर्गत झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी और पीसीआई इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ।इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य किशोरियों और माताओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना था। इस वर्ष राष्ट्रीय बालिका दिवस का विषय 'उज्ज्वल भविष्य के लिए लड़कियों को सशक्त बनाना' था जो इस बात पर जोर देता है कि लड़कियों को समान अवसर दिये जायें ताकि वे एक संतोषजनक जीवन जी सकें और अपने भविष्य को आकार दे सकें।इस संदर्भ में उमंग परियोजना की भूमिका और उद्देश्यों पर विस्तार से जानकारी पीसीआई इंडिया की प्रतिनिधि सुमन कुमारी ने दी।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जेएसएलपीएस की जिला कार्यक्रम प्रबंधक अनीता केरकेट्टा ने कहा कि सरकार द्वारा घोषित इस वर्ष के विषय पर गंभीरता से विचार करने की आवश्यकता है। उन्होंने किशोरियों को सोशल मीडिया के विवेकपूर्ण उपयोग और शिक्षा एवं विवाह से जुड़े निर्णय सोच-समझकर लेने की सलाह दी। जिला परिषद प्रतिनिधि सुधा देवी ने किशोरियों से आग्रह किया कि वे इस कार्यक्रम में सीखी गई बातों को अपने जीवन में अमल में लाएं। नई संस्कृति सोसाइटी के प्रतिनिधि अजीत पाठक ने राष्ट्रीय बालिका दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए हेल्पलाइन नंबर 1098 की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बाल विवाह को रोकने का संकल्प लें और अपने समाज में इसे रोकने का प्रयास करें।



**रंगोली और स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन**

**कार्यक्रम** की शुरूआत दीप प्रज्वलन से हुई। इसके बाद माँ-बेटी की साझेदारी को उजागर करने के लिए रंगोली प्रतियोगिताका आयोजन किया गया जिसमें प्रथम पुरस्कार आकांक्षा कुमारी,द्वितीय पुरस्कार रेखा कुमारी और तृतीय पुरस्कार साक्षी कुमारी को दिया गया। इसके अतिरिक्त स्लोगन लेखन प्रतियोगिता में भी बालिकाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इसमें प्रथम स्थान आकांक्षा कुमारी, द्वितीय स्थान हर्षिता पाठक और तृतीय स्थान सृष्टि सिंह को प्राप्त हुआ। इस अवसर पर जेएसएलपीएस की जिला कार्यक्रम प्रबंधक, धवादीह मुखिया रिंकी देवी, जिला परिषद प्रतिनिधि सुधा देवी, यूनिसेफ-क्रर के जिला प्रतिनिधि डॉ. तबरेज,नई संस्कृति सोसाइटी के प्रतिनिधि अजीत पाठक, सामाजिक कार्यकर्ता चंदा झा, प्रदान के जिला प्रतिनिधि ओमप्रकाश कुमार समेत अन्य मौजूद थे।

# स्टूडियो मालिक हत्याकांड का खुलासा, 03 गिरफ्तार

## बेटे ने दी थी 65,000 रुपये की सुपारी

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**चांडिल :** चांडिल थाना क्षेत्र के कल्पना स्टूडियो के मालिक दिलीप गोराई की हत्या के मामले में पुलिस ने बड़ा खुलासा किया है। जांच में पता चला कि दिलीप गोराई की हत्या की साजिश उनके छोटे बेटे राकेश गोराई ने रची थी। राकेश ने 65,000 रुपये की सुपारी देकर हत्या करवाने की साजिश रची। पुलिस की जांच में खुलासा हुआ कि राकेश गोराई ने अपने रिश्ते के भांजे सुमित सोलंकी को 65,000 रुपये देकर अपने पिता की हत्या की योजना बनाई थी। सुमित ने अपने सहयोगी कैलाश कर्मकार के साथ मिलकर 13 जनवरी को चांडिल के कल्पना स्टूडियो में घुसकर दिलीप गोराई को गोली मारी थी। घायल दिलीप गोराई को इलाज के लिए टाटा मेन हॉस्पिटल (टीएमएच) ले जाया गया था। यहां पर उनकी मौत हो गई। पुलिस ने तकनीकी और मानवीय खुफिया जानकारी के आधार पर हत्या में शामिल तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने राकेश गोराई (30) ( मृतक दिलीप गोराई का छोटा बेटा), सुमित सोलंकी (19) और सुपारी किलर और कैलाश कर्मकार (19 वर्ष) को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

**हथियार की बरामदगी के लिए छापेमारी**

**घटना** में प्रयुक्त हीरो स्प्लेंडर प्लस बाइक नंबर जेएच 05 बीपी-5975 तथा घटना के दौरान अभियुक्तों द्वारा पहने गए कपड़े बरामद किये गए हैं। पुलिस ने बताया कि घटना में प्रयुक्त पिस्तौल की बरामदगी और अन्य सहयोगियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है। इस मामले का खुलासा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अरविंद कुमार सिन्हा के नेतृत्व में गठित विशेष टीम ने किया। छापेमारी और जांच में कई थाना प्रभारियों ने सहयोग किया।



**इनकी बनी थी टीम**

**पुलिस** टीम में अरविंद कुमार सिन्हा, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, चांडिल, अजय कुमार, पुलिस निरीक्षक, चांडिल, दिलसन बिरुवा, थाना प्रभारी, चांडिल, संतन कुमार तिवारी, थाना प्रभारी, नीमडीह, बजरंग कुमार महतो, थाना प्रभारी, चौका, विक्रमादित्य पांडेय, थाना प्रभारी, ईचागढ़, आलम चांद महतो, थाना प्रभारी, तिरुलडीह, असलम अंसारी, कपाली ओपी, सुमित तिर्की, कपाली ओपी, अमित कुमार, चांडिल थाना और सहुल कुमार भारती आदि शामिल थे।

## एक झलक

### गिरिडीह एसपी ने खोरीमहुआ अनुमंडल क्षेत्र में की रात्रि गश्त

**गिरिडीह :** पुलिस अधीक्षक डॉ विमल कुमार लगातार शहर की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा रहे हैं। इसी क्रम में उन्होंने शनिवार की रात खोरीमहुआ अनुमंडल क्षेत्र में गश्त की। इस दौरान देर रात उन्होंने धनवार थाने का औचक निरीक्षण किया। साथ ही सड़कों पर मिलने वाले लोगों से पूछताछ भी की। इसके बाद एसपी गिरिडीह-जमुआ पथ पर निकल पड़े। रास्ते में पड़ने वाले हिरोडीह थाने का भी निरीक्षण किया। उन्होंने काफी समय मंडरो बाजार और कोदबरी चौक पर बिताया। इस दौरान उन्होंने हीरोडीह थाना क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर हीरोडीह पुलिस से आवश्यक जानकारी ली। गश्त के दौरान एसपी ने देर रात ही देवरी के कई इलाकों का भी निरीक्षण किया। गश्ती के दौरान मिलने वाले पुलिस अधिकारियों को कई निर्देश भी दिये।

### उर्स मेला को लेकर शांति समिति की बैठक सम्पन्न

**झरिया (धनबाद) :** उर्स मेला को लेकर बोरागढ़ ओपी में रविवार को शांति समिति कमेटी की बैठक हुई बैठक की अध्यक्षता झरिया थाना इंस्पेक्टर शशि रंजन कुमार ने किया। इस दौरान उर्स मेले के इंतजामिया कमेटी के सदस्यों सहित क्षेत्र के प्रबुद्ध लोग उपस्थित थे। इस दौरान इंस्पेक्टर शशि रंजन कुमार ने कहा कि मेले की विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल के तैनाती के साथ सीसीटीवी कैमरे मेला कमेटी के वॉलिंटियर एम्बुलेंस सहित अन्य सुरक्षा के व्यवस्था ठोस रहेगी, मेला में शरारत करने वाले पर स्थानीय लोग पुलिस के साथ निगाह बनाए रखेंगे जिससे मेले में आने वाले लोगों को कोई कठिनाई नहीं हो। वहीं समिति के लोगों ने इस दौरान पूर्व के भांति सड़क मार्ग की व्यवस्था बने रहने पर अपनी सहमति जताई। इस दौरान बोरगढ़ ओपी प्रभारी निरंजन कुमार ने कहा कि वॉलिंटियर के पहचान पत्र पर फोटो क्रम संख्या नाम एवं मोबाइल नंबर का होना अनिवार्य रहेगा, जिसकी सूची बोरागढ़ पुलिस के पास भी रहेगी, उर्स मेला 21 फरवरी से 28 फरवरी तक चलेगी। मौके पर पूर्व पार्षद शैलेंद्र कुमार सिंह, अमर सिंह, उपेंद्र सिंह, शशि सिंह, नौशाद अली, अजहर अली, राहुल कुमार, सरिता देवी, राजू सिंह, नसरुद्दीन शाह, कुंदन सिंह, कमल खान, आनंद कुमार सिंह, जाहिद अंसारी, गोरेलाल भुइया, अब्दुल करीम अंसारी, भूपेश सिंह, इमरान अंसारी आदि थे।

### 13 एकड़ में लगी अफीम की खेती को किया विनष्ट

**पश्चिमी सिंहभूम :** पश्चिमी सिंहभूम पुलिस ने अफीम की खेती के खिलाफ पिछले एक माह से भी ज्यादा समय से मोर्चा खोले हुए है। यह अभियान लगातार जारी है। शनिवार को जिले में कुल 13 एकड़ जमीन पर लगे खेती को विनष्ट कर दिया गया। इसके पहले लोगों को इस खेती के लिए सचेत किया गया था। अफीम की खेती विनष्ट करने का अभियान बदगांव थाना क्षेत्र के कारू और बिरदा में चलाया गया। यहां पर करीब 7 एकड़ जमीन पर लगे अफीम को विनष्ट किया गया। पुलिस की ओर से हेसालकुटी, कुदाहातु और बुरुनलिता में ग्रामीणों को जागरूक भी किया गया। इसके बाद और 6 एकड़ में लगे अफीम को लोगों ने स्वेच्छा से विनष्ट किया। पश्चिमी सिंहभूम पुलिस का कहना है कि अभी लोगों को जागरूक भी किया जा रहा है।

# गोलमुरी में केनरा बैंक के अधिकारियों पर 12 करोड़ की धोखाधड़ी का एफआईआर

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**जमशेदपुर :** बदलते समय के साथ जहां एक तरफ फजीर्वाड़ा करना आसान हो गया है वहीं इसका खुलासा भी समय रहते ही पुलिस कर देती है। कुछ इसी तरह के फजीर्वाड़े का एक मामला गोलमुरी थाने में दर्ज कराया गया है। यह मामला मानगो परमेश्वर कॉलोनी के रहने वाले ट्रांसपोर्टर मंजीत सिंह की ओर से गोलमुरी थाने में दर्ज कराया गया है। मामले में उन्होंने केनरा बैंक के अधिकारियों व अन्य लोगों को आरोपी बनाया है।




**कोर्ट के आदेश से दर्ज हुआ मामला**

**यह** मामला पहले थाने तक पहुंचा हुआ था, लेकिन मामला दर्ज नहीं होने के कारण अब कोर्ट में शिकायतवाद के बाद कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने थाने में मामला दर्ज किया है। वादी मंजीत सिंह की ओर से मामले में कहा गया है कि फर्जी हस्ताक्षर कर-के उनके बैंक के खाते से 12 करोड़ रुपये की अवैध निकासी कर ली गयी है।

**इनको बनाया गया है आरोपी**

**पूरे** मामले में वादी मंजीत सिंह की ओर से सीतारामडेरा न्यू बाराद्वारी के रहने वाले भाई रविंद्र सिंह, भालुबासा निवासी तरजीत सिंह, गोलमुरी केनरा बैंक के अधिकारियों में रंजना सरकार, अभय सिंह, सुधाकर झा, बेनुर तिग्गा, रविकांत झा, डीएस ईचागुद्दु, कंचन मिश्रा, साई कृष्णा और शिव शंकर को आरोपी बनाया गया है।

**छह साल पुराना है मामला**

**घटना** के बारे में बताया गया है कि जनवरी 2017 से लेकर दिसंबर 2023 के बीच की है। इस बीच ही बैंक के खाते से फर्जी तरीके से 12 करोड़ रुपये की निकासी की गई है। मामला दर्ज होते ही गोलमुरी पुलिस सतर्क हो गई और जांच भी शुरू कर दी है।

### राजद का जिलास्तरीय सदस्यता अभियान सह वनभोज कार्यक्रम

**चतरा :** राष्ट्रीय जनता दल चतरा जिला इकाई के जरिये जिला स्तरीय सदस्यता अभियान चलाया गया। रविवार को हंटरगंज प्रखंड क्षेत्र के जोरी स्थित औद्योगिक प्रशिक्षण भवन परिसर में आयोजित जिलास्तरीय वनभोज कार्यक्रम सह सदस्यता अभियान कार्यक्रम में राज्य के पूर्व मंत्री सत्यानन्द भोगता मुख्य अतिथि शामिल हुए। बैठक में राजद महिला प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष रश्मि प्रकाश, चिकित्सा प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष डॉ अरुण कुमार एवं राजद प्रदेश मुख्य प्रवक्ता डॉ मनोज कुमार बतौर विशिष्ट अतिथि शामिल हुए। कार्यक्रम में सभी गणमान्यों ने सदस्यता अभियान को लेकर अपने अपने विचार रखे। साथ ही सभी ने एक दूसरे को नववर्ष की बधाई और हार्दिक शुभकामनाएं दी।

# मॉडर्न पब्लिक स्कूल में जरूरतमंदों के बीच गर्म कपड़े वितरित

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कोडरमा :** झुमरी तिलैया स्थित मॉडर्न पब्लिक स्कूल में सामाजिक सेवा कार्यक्रम के तहत जरूरतमंदों के बीच गर्म कपड़ों का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय की निदेशिका संगीता शर्मा और प्राचार्य शैलेन्द्र कुमार के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम में निदेशिका संगीता शर्मा ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए सेवा और करुणा के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि समाज के जरूरतमंद वर्ग की सहायता करना हमारा नैतिक दायित्व है। वहीं प्राचार्य शैलेन्द्र कुमार ने भी अपने संबोधन में इस तरह के कार्यों को छात्रों के लिए एक प्रेरणास्रोत बताया। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों में सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित करना है। इस कार्यक्रम में जरुरतमंदो को कंबल, स्वेटर, जैकेट आदि गर्म कपड़े वितरित किये गये। इस अवसर पर छात्रों ने भी अपनी सहभागिता दिखाई और इस कार्य को सफल बनाने में योगदान दिया।




# कोडरमा जिला क्रिकेट एसोसिएशन ने चंद्रवंशी सत्यम ज्योति को किया सम्मानित



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**झुमरीतिलैया :** झारखंड क्रिकेट एसोसिएशन के द्वारा आयोजित अंडर 14 इंटर डिस्ट्रिक क्रिकेट टूनामेंट में कोडरमा जिला उप विजेता होने पर कोडरमा जिला क्रिकेट एसोसिएशन के द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में कोडरमा महावीर मोहल्ला निवासी चंद्रवंशी सत्यम ज्योति को मुख्य अतिथि एस डी पी ओ महोदय, जिला सचिव दिनेश सिंह , उपाध्यक्ष अनिल सिंह, कोषाध्यक्ष मनोज कुमार सहाय (पिकू भैया) के द्वारा पुरुस्कार प्रदान किया गया। इस अवसर पर चंद्रवंशी सत्यम ज्योति को अखिल भारतवर्षीय चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा झारखंड प्रदेश महामंत्री चंद्रवंशी दीपक कुमार नवीन, जिला अध्यक्ष प्रवीण रवानी,महा सचिव अभिषेक चंद्रवंशी , कोषाध्यक्ष मनोहर कुमार, पवन चंद्रवंशी, प्रभात राम ,महेश राम, चंद्रवंशी विकास मंच के संरक्षक रामेश्वर राम रवानी, जय प्रकाश राम, बिरेंद्र राम, उमेश राम, प्रवीण चंद्रा, सीता राम भगत जी, ओम प्रकाश राम, महेंद्र राम, राजेंद्र वर्मा, उपेंद्र वर्मा, सुरेंद्र भारती, रंजीत राम, रवि राम, अनिल राम, मुकेश राम ,प्रेम राम, अरुण राम संतोष चंद्रवंशी, दिवाकर राम, दीपक सिंह, मनोज राम, विजय राम , दादा दादी, चाचा चाची, आदि सैकड़ों लोगों ने हार्दिक शुभकामनाएं।

### संसदीय समिति एससी, एसटी कल्याण व ओबीसी का राज्य स्तरीय प्रांतीय सम्मेलन रांची में सम्पन्न

# धनबाद के विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी हुए शामिल

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद/ रांची :** धनबाद/ संसदीय समिति एस सी/एस टी कल्याण की बैठक रांची स्थित होटल रेडीसन ब्लु में आयोजित की गई। इस कल्याण समिति की अध्ययन दौरा में आल इंडिया एस सी /एस टी /ओ बी सी इम्प्लोयी कौंसिल (सी आई एल) के महासचिव बृज किशोर राम, (बीसीसीएल )के महासचिव कृष्णा पासवान, कुसुंडा के क्षेत्रीय अध्यक्ष जगदीश हरि, कोषाध्यक्ष रंजीत पासवान तथा बी सी सी एल के कार्यकारणी अध्यक्ष अरविन्द कुमार, गणेश भुइयाँ (पी बी एरिया ), सागर हरि( एरिया - 3 )ने बैठक में उपस्थित होकर मुख्य बिंदुओं पर समिति से वार्ता कर कर्मचारियों की वर्तमान स्थिति से अवगत कराया। इस मौके पर बीसीसीएल के डीपी मुरली कृष्ण रमैया,जी एम (पी ) कुमार मनोज, सुरेन्द्र भूषण (प्रबंधक प्रशासन ), डी. के. भगत (मुख्य प्रबंधक एस सी/ एस टी सेल ) आदि मौजूद थे।



# क्रशर प्लांट कटिंग को रोकने के साथ विस्थापित संघर्ष समिति ने विधायक से की मुलाकात



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**भवनाथपुर :** भवनाथपुर विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत एशिया की सबसे बड़ी क्रशर प्लांट कटिंग को रोकने के साथ विस्थापित संघर्ष समिति के द्वारा सभी 8 मांगो को लेकर JLKM के नेता शिवपारस बियार जी के नेतृत्व में झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष सह डुमरी विधायक टाईगर जयराम महतो जी से उनके आवास पर औपचारिक मुलाकात किया गया। जिसके फलस्वरूप विधायक जी ने सभी JLKM अधिकारी पदाधिकारी गण एवं विस्थापित परिवार भवनाथपुर गढ़वा को आश्वासन दिया कि आने वाले विधान सभा सत्र में इस मामले को गंभीरता से रखने काम करेंगे। साथ ही बोकारो चीफ सेक्रेटरी जी को लिखित रूप से अवगत कराने का काम करेंगे। तथा वार्ता भी करेंगे इसके साथ जल्द ही विस्थापित संघर्ष समिति जो अनिश्चितकालीन धरना पर बैठे हुए हैं। उन से वार्ता करेंगे। इस मौके पर पलामू जिला अध्यक्ष दिलीप मेहता जी, वरीय उपाध्यक्ष गढ़वा जयप्रकाश पासवान, प्रमंडलीय महासचिव सोनू पटेल ,महासचिव गढ़वा बिकास कुमार सह सचिव पंकज कुमार उपाध्यक्ष अजय यादव कांडी प्रखंड अध्यक्ष नीतीश कुमार पटेल नवनीत पटेल आदि लोग मौजूद थे।

# महाकुम्भ यात्रा 2025 एक दिव्य अनुभव : योगी प्रदीप सुमन

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कोडरमा :** महाकुंभ यात्रा 2025 को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। यह 6 दिन की यात्रा पावन त्रिवेणी संगम पर डुबकी लगाने का अद्भुत अनुभव लेकर आई, जिसे प्रत्येक श्रद्धालु ने अपने जीवन का सबसे भाग्यशाली पल माना। संगम में स्नान करने का पुण्य कर्म, जो कई जन्मों का फल है, इस यात्रा का मुख्य आकर्षण रहा। योग क्रांतिकारी जोड़ी, योगाचार्य सुषमा सुमन और योगी प्रदीप कुमार सुमन ने इस महाकुंभ के महत्व पर प्रकाश डाला। योगाचार्य सुषमा सुमन ने बताया कि संस्कृत में 'कुंभ' का अर्थ घड़ा है, जो अमृत की रक्षा से जुड़ा हुआ है। यह महाकुंभ 144 वर्षों के बाद आयोजित हो रहा है, जो इसके महत्व को और बढ़ाता है। प्रयागराज महाकुंभ मेला, जो 12 साल में एक बार लगता है, में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा उत्कृष्ट व्यवस्थाएं की गई हैं। सफाई, बिजली, पानी और शौचालयों की सुविधाओं पर विशेष ध्यान दिया गया है। श्रद्धालुओं के लिए सुरक्षा की समुचित व्यवस्था की गई है, जिससे यहां का माहौल स्वर्गिक प्रतीत हो रहा है। भोजन के लिए हजारों लंगर, भजन-कीर्तन और गीता-रामचरितमानस का प्रवचन हर आश्रम में हो रहा है। इस अद्भुत वातावरण में हर हिंदू को त्रिवेणी संगम में डुबकी लगाने का अवसर अवश्य लेना चाहिए। योगी प्रदीप कुमार सुमन ने संकल्प लिया कि वे एक समय भोजन करेंगे और समाज की सेवा करते रहेंगे, ताकि हिंदू सनातन धर्म को और मजबूत किया जा सके। उन्होंने यह भी कहा कि जो श्रद्धालु महाकुंभ नहीं जा पाएंगे, उन्हें निशुल्क गंगाजल उपलब्ध कराया जाएगा। महाकुंभ यात्रा 2025 ने सभी को एक साथ लाने और धार्मिकता का अनुभव कराने का कार्य किया है।



# पलामू मेडिकल कॉलेज की सदर एसडीओ ने की जांच, शराब और गांजा बरामद

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**पलामू :** पलामू में स्थित मेदिनीनाराय मेडिकल कॉलेज में प्रशासन ने शनिवार रात छापेमारी की। इस कार्रवाई से मेडिकल के स्टूडेंट आक्रोशित हो गए और घंटों प्रदर्शन किया। सदर एसडीओ सुलोचना मीणा पुलिस बल के साथ पोखराहा में मेडिकल कॉलेज पहुंचीं। उन्होंने गर्ल्स और बॉयज हॉस्टल को खंगाला। इस दौरान हॉस्टल के कमरे से आपत्ति जनक सामान बरामद हुए। रविवार दोपहर तीन बजे एसडीओ ने कहा कि मेडिकल कॉलेज में विधि व्यवस्था और नशेबाजी को लेकर जानकारी मिली थी। इसके बाद दंडाधिकारी की मौजूदगी में मेडिकल कॉलेज को खंगाला गया। मेडिकल के स्टूडेंट ने जांच में सहयोग नहीं किया। कई कमरों को अंदर से बंद कर दिया गया, जिसे खुलवाने पर भी नहीं खोला गया। जांच के दौरान छात्रों के कमरे से नशीले पदार्थ मिले हैं। गांजा और शराब के बोतल बरामद हुए हैं। लड़कों के कमरे से लड़कियों के कपड़े मिले हैं। मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल का कहना है कि विद्यार्थियों पर अब तक कोई रोक टोक नहीं था। उन्होंने कड़ाई की है तो विद्यार्थी उन पर बेबुनियाद आरोप लगा रहे हैं। इस कार्रवाई से आक्रोशित विद्यार्थियों ने प्रिंसिपल को घेर कर हंगामा किया।



### सेक्रेड हार्ट स्कूल बना इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट का चैंपियन

# कोडरमा जिला क्रिकेट एसोसिएशन खिलाड़ियों को बेहतर मंच दे रहा है : एसडीपीओ

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कोडरमा :** कोडरमा जिला क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में खेले जा रहे इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मैच सेक्रेड हार्ट स्कूल झुमरी तलैया और आदर्श प्लस टू उच्च विद्यालय मधवाटांड़ के बीच रविवार को चंदवारा स्थित पुलिस लाइन मैदान में सम्पन्न हुआ। फाइनल मैच के पारितोषिक वितरण समारोह को संबोधित करते हुए कोडरमा एसडीपीओ अनिल कुमार सिंह ने कहा कि जिला क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा उपलब्ध कराए गए बेहतर मंच का खिलाड़ी भरपूर फायदा उठा रहे हैं। कोडरमा के खिलाड़ियों ने अपनी पहचान के बल पर राज्य स्तर पर अपनी धमक दिखाई है। इस जिले में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। उन्होंने कोडरमा जिला क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा किए जा रहे हैं प्रयास की सराहना की। समारोह को संबोधित करते हुए समाज सेवी और व्यवसायी पप्पू सोनी तथा बार एसोसिएशन के अध्यक्ष जगदीश लाल सलूजा ने कहा की इस इस प्रकार के मंच से शहरी क्षेत्र के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्र के खिलाड़ियों को भी आगे आने का अवसर प्राप्त होता है । ऐसे ही मंच से खिलाड़ी क्रिकेट के क्षेत्र में बहुत आगे तक जा सकते हैं। जिला क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा वर्षों से खिलाड़ियों के के लिए ज्यादा से ज्यादा सुविधा मुहैया कराने का भरसक प्रयास किया जाता रहा है।



**सेक्रेड हर्ट स्कूल ने आदर्श प्लस टू उच्च विद्यालय मधवाटांड़ को 27 रन से हराया**

**टॉस** जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए सेक्रेट हार्ट स्कूल ने 30 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 125 रन बनाए। जिसमें रजनीश में 26 रन, विशाल ने 22 रन और सोनू ने 21 रन का योगदान दिया। गेंदबाजी करते हुए आदर्श प्लस टू उच्च विद्यालय मधवाटांड़ की ओर से अमीश ने 4 विकेट, बंटी ने दो विकेट और पंकज ने एक विकेट लिए। बाद में बल्लेबाजी करने उतरी मधवाटांड़ की टीम 23.2 ओवर में 98 रन पर ढेर हो गई । जिसमें प्रवीण ने 26 रन, और अमिस ने 12 रन का योगदान दिया। गेंदबाजी करते हुए सेक्रेड हार्ट स्कूल की ओर से अभिनव ने चार विकेट और सोनू तथा अर्पित ने दो-दो विकेट लिए। बेहतर खेल के लिए अभिनव कुमार को मैन ऑफ द मैच दिया गया। मैच की शुरूआत समाज सेवी पप्पू सोनी और अनिल पांडे ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर व टॉस कर किया । मैच में अंपायर सुरेंद्र प्रसाद और अजय राणा तथा स्कोर सत्यम कुमार थे।

**समारोह में जिला क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा किया गया भव्य पारितोषिक वितरण**

**कोडरमा** के स्टेट प्लेयर अभय कुमार सिंह और सृष्टि कुमारी तथा लेवल वन ट्रेनर का सर्टिफिकेट प्राप्त अभिराज गौतम को सम्मानित किया गया। वहीं अंडर 14 टीम के खिलाड़ियों को फाइनल खेलने के लिए पुरस्कृत किया गया। इमर्जिंग प्लेयर का खिताब जेपीएस स्कूल के प्रिंस कुमार, मैन ऑफ द सीरीज विशाल कुमार को बेस्ट बैट्समैन रजनीश कुमार को और बेस्ट बॉलर का खिताब विशाल कुमार को दिया गया।

## एक झलक

### पिछले 36 घंटों में पांच लोगों की संदिग्ध हालात में मौत

**पटना** : बिहार के पश्चिम चंपारण जिले में पांच लोगों की संदिग्ध हालात में मौत हो गयी है। यह आंकड़ा पिछले 36 घंटे का है। यह घटना जिले के लौरिया थाना क्षेत्र के मठिया गांव की है। बताया जा रहा है कि लौरिया थाना के मठिया गांव में 36 घंटे में एक-एक कर पांच लोगों की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतकों में मठिया पंचायत के वार्ड छह निवासी मनीष चौधरी (30), सुरेश चौधरी (50), नेयाज साह (35), वार्ड चार निवासी प्रदीप कुमार गुप्ता (30) और वार्ड 9 निवासी शिव राम (58) हैं। सभी ने एक साथ कुछ खाया-पीया था। सभी मृतकों का अंतिम संस्कार कर दिया गया है।स्वास्थ्य विभाग की टीम मृतकों के परिजनों से बात कर जानकारी जुटा रही है। पता लगाया जा रहा है कि मौत से पहले उनमें कौन से लक्षण दिखे थे।प्रशासनिक अधिकारी मौत के सही कारणों का पता लगाने के लिए अभी पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रहे हैं। मामले में पुलिस की जांच भी चल रही है। मेडिकल टीम को सभी प्रभावित लोगों की जांच कराने का निर्देश दिया गया है।

### बुद्धिजीवियों ने शैक्षणिक अराजकता व प्रतिभा पलायन पर जतायी चिंता

**पूर्वी चंपारण** : जन सुराज विचार मंच के बैनर तले रविवार बलुआ स्थित जीनियस पब्लिक स्कूल में बिहार में शैक्षणिक अराजकता,पलायन और बेरोजगारी की समस्याओं पर एक संगोष्ठी का आयोजन रविवार को किया गया। बैठक में जिले भर से आए बुद्धिजीवियों, शिक्षाविदों और सामाजिक कार्यकताओं ने भाग लिया। संगोष्ठी की अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार व विचार मंच के जिला प्रमुख विनोद कुमार सिंह ने की। बैठक को संबोधित करते हुए विचार मंच के प्रमुख बिनोद कुमार सिंह ने बिहार की वर्तमान शिक्षा व्यवस्था पर प्रहार करते हुए कहा कि जब तक प्रदेश कि शिक्षा व्यवस्था में परिवर्तन नहीं होगा, तब तक बिहार के युवा बेरोजगारी का दंश झेलते रहेंगे।

### राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित दिव्यांग विनय भूषण प्रसाद पंजियार का निधन

**सहरसा** : स्थानीय डीबी रोड निवासी राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित कोसी क्षत्रीय विकलांग,विधवा,वृद्ध कल्याण समिति संस्थापक सह अध्यक्ष 70 वर्षीय विनय भूषण प्रसाद पंजियार का हृदयाघात से निधन हो गया। वे अपने पीछे तीन पुत्री, नाती, नतनी सहित छह भाई छोड़ गए। उसका दाह संस्कार सुल्तानगंज घाट पर किया गया। संस्थान के विद्यालय प्रबंधन समिति सभी सदस्यों ने उनके निधन पर शोक जताते कहा कि जिले के दिव्यांगों की उन्होंने लड़ाई लड़ी। क्षेत्र में प्रथम एनजीओ बनाकर दिव्यांगों को अधिकार वो हक दिलाने का आजीवन कार्य करते रहे। विद्यालय प्राचार्य जयंती कुमारी ने इसे व्यक्तिगत क्षति के साथ दिव्यांगों के लिए अपूरणीय क्षति बताया।उनके निधन से कोसी क्षेत्र के दिव्यांगजनों में शोक व्याप्त है।

### पूर्णिया बना माउंटेन बाइक प्रतियोगिता का स्टेट चैंपियन

**पूर्णिया** : छठां स्टेट माउंटेन बाइक प्रतियोगिता में लड़कों के उपलब्धि के साथ पूर्णिया स्टेट चैंपियन बन गया। यूथ बालक की श्रेणी में अंशुमान झा ने अपने अनुभव और मेहनत के बल पर कड़ी स्पर्धा में गोल्ड मेडल हासिल की। इस प्रतियोगिता में यश ने सब जूनियर में गोल्ड और सीनियर श्रेणी में अंकित तिर्की ने गोल्ड मेडल जीतकर धमाका किया और सब को चौंकाया।इधर प्रणव ने सिल्वर मेडल जीतकर पूर्णिया को चैंपियन बना दिया। इस उपलब्धि के लिए जिला पदाधिकारी एवं जिला खेल पदाधिकारी के सहयोग के लिए जिला साइकिलिंग संघ के तरफ से धन्यवाद ज्ञापित किया गया है। साइकिलिंग टीम के पदाधिकारी ने कहा है कि जिला पदाधिकारी के द्वारा लगातार सहयोग हम सभी को मिलता रहा और हमारे बच्चे रण में जीतते रहे। जलालगढ़ के स्कूल टीचर अनामिका और विभिन्न विद्यालय के खेल शिक्षक और प्रधानाध्यापक के द्वारा भी बच्चो की उपस्थिति हेतु सहयोग किया गया। साइकलिंग एसोसिएशन के अधिकारियों ने कहा है कि पूर्णिया को स्टेट चैंपियन का हीरो बनने वाले खिलाड़ियों को पर पूर्णिया आने पर सम्मानित किया जाएगा।

# सुजीत सिन्हा गैंग के दो बदमाश गिरफ्तार



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : जिले की ओरमांझी थाना पुलिस ने सुजीत सिन्हा गैंग के दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से एक टैब, दो मोबाइल, एक पैकेट डायरी और एक बैग बरामद किए गए हैं। ग्रामीण एसपी सुमित अग्रवाल ने रविवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि गिरफ्तार आरोपितों में विक्की वर्मा और आयुष राज शामिल हैं। एसपी ने बताया कि 22 नवंबर, 2024 में ओरमांझी थाना क्षेत्र में दो बदमाश अपाची बाइक पर सवार होकर आये और फायरिंग की। इस दौरान संजीव जायसवाल के साथ काम कर रहे जावेद अंसारी और आजाद अंसारी को एक-एक गोली लगी थी। संजीव जायसवाल ने बताया था कि संगठित गिरोह सुजीत सिन्हा के सदस्यों ने उनसे लेवी मांगी थी और लेवी नहीं देने पर फायरिंग की गई। एसपी ने बताया कि वारदात के बाद एसआईटी टीम का गठन किया गया। टीम ने एटीएस और रांची जिले की तकनीकी शाखा की मदद से गिरोह के एक आरोपित जिशान शेख उर्फ रिक्की खान को पूर्व में गिरफ्तार किया था। टीम ने अनुंसधान के दौरान एक अपराधी विक्की वर्मा को छत्तीसगढ़ (रायपुर) के गंज थाना क्षेत्र से और एक अपराधी आयुष राज उर्फ छोटू को विकास गोलचक्कर (शालीमार नर्सरी) के पास से गिरफ्तार किया है।

## मारवाड़ी युवा मंच समर्पण शाखा ने लगाया स्वास्थ्य जांच शिविर




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच के 40 वे स्थापना दिवस को वृहत रूप से मनाने का निर्णय लिया गया है। इस अवसर पर झारखंड प्रांत द्वारा सात दिवसीय कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। समर्पण शाखा ने सात दिवसीय कार्यक्रम में पांचवें दिन निःशुल्क स्वास्थ जांच शिविर का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम डॉक्टर लाल पैथलैब के सौजन्य से लगाया गया। शिविर में काफी लोगों ने बी पी, शुगर की जांच करायी। इसमें अध्यक्ष विनीता सिंघानिया, सचिव शुभा अग्रवाल, कोमल झुनझुनावाला, स्मिता अग्रवाल, चंद्रकला, पूजा अग्रवाल एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे। यह जानकारी मीडिया प्रभारी सरिता बथवाल ने दी।

## नीतीश 22 को करेंगे प्रगति यात्रा की शुरुआत



**एजेंसी**

**फारबिसगंज/अररिया:** सुंदरनाथ धाम का धार्मिक व सांस्कृतिक महत्व काफी पुराना है। बिहार कभी सबसे अमीर और विविध जातीयता का केंद्र था। चाहे रामायण हो, महाभारत हो, या बौद्ध धर्म, इन सभी की बिहार की समृद्ध संस्कृति के निर्माण में एक महत्वपूर्ण भूमिका रही है। बिहार में आज भी बौद्ध काल और महाभारत काल के मंदिर मौजूद हैं, जो अत्यंत लोकप्रिय हैं। आज हम आपको महाभारत काल के एक ऐसे ही मंदिर के बारे में बताने जा रहे हैं, जिससे दो देशों के लोगों की आस्था जुड़ी हुई है। हम बात कर रहे हैं अररिया के सुंदरनाथ धाम शिव मंदिर की, जो अररिया जिले के कुसार्काटा प्रखंड की डुमरी पंचायत में स्थित है। इस मंदिर में रोजाना भारी संख्या में नेपाली श्रद्धालुओं के साथ भारतीय लोग भी जलाभिषेक करने पहुंचते हैं वही, आगामी 22 जनवरी को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का अररिया जिला के कुसाकांटा प्रखंड में स्थित ऐतिहासिक शिव मंदिर सुंदरनाथ धाम में आगमन होने जा रहा है और मुख्यमंत्री अररिया में अपनी प्रगति यात्रा की शुरूआत यही पूजा अर्चना कर-के करेंगे। बता दें की महाभारत काल से जुड़े इस मंदिर का काफी विशेष महत्व भी है, जहां कभी पांडवों को अज्ञातवास मिला था और अज्ञातवास में पांडव और माता कुंती नेपाल के राजा विराट के यहां रुके थे और उन्होंने इसी मंदिर में जलाभिषेक कर शिव की आराधना की थी। महाभारत में भी इस बात के प्रमाण मौजूद हैं कि पांडवों का अज्ञातवास राजा विराट के इन्हीं क्षेत्र में गुजारा था इसलिए यह मंदिर अपने आप में एक इतिहास है। सुंदरी नाथ धाम से एक और इतिहास जुड़ा हुआ है कि सन् 1935 के पहले इस मंदिर पर नागा साधुओं का कब्जा हुआ करता था, लेकिन धीरे धीरे स्थानीय लोगों ने नागा साधुओं से मंदिर को मुक्त कराकर अपने कब्जे में ले लिया और इसमें भव्यता लाना शुरू किया। इसके पहले यह मंदिर फूस की झोपड़ी में था। इस मंदिर से एक और इतिहास जुड़ा हुआ है कि सैकड़ों साल पहले अपने भ्रमण काल के दौरान आदि गुरु शंकराचार्य भी इस धर्मस्थल से होकर यात्रा कर चुके हैं।

## ग्लोबल ट्राइबल क्वीन ऑफ अर्थ अभिजल कंडुलना को किया सम्मानित

**खूंटी** : ग्लोबल ट्राइबल क्वीन ऑफ इंडिया तथा ग्लोबल ट्राइबल क्वीन ऑफ अर्थ का खिताब जितने वाली रनिया प्रखंड की बलंकेल निवासी अभिजल कंडुलना को रविवार को तोरपा में सम्मानित किया गया। विधायक सुदीप गुड़िया, एसडीपीओ क्रिस्टोफर केरकेट्टा तथा जिला बीस सूत्री कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति के उपाध्यक्ष जुबैर अहमद ने उसे शॉल ओढ़ाकर तथा मोमेंटो देकर सम्मानित किया। मौके पर विधायक ने कहा कि अभिजल ने अपने संघर्ष से जो मुकाम हासिल किया है, वह आदिवासी लड़कियों के लिए रोल मॉडल है। उन्होंने कहा उन्हें आगे बढ़ने के लिए जो भी मदद की जरूरत होगी, वे करेंगे। मौके पर तोरपा के एसडीपीओ क्रिस्टोफर केरकेट्टा ने कहा कि ईमानदारी से प्रयास करने से सफलता जरूर मिलती है। अभिजल की सफलता से आज की युवा पीढ़ी को सीख लेने की जरूरत है।

## सद्गुरु कृपा अपना घर आश्रम में अन्नपूर्णा भंडारा सेवा

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट द्वारा संचालित पुंदाग मे श्री कृष्ण प्रणामी मंगल राधिका सदानंद सेवाधाम मे स्थित सदगुरु कृपा अपना घर आश्रम (सत्य-प्रेम सभागार)में आज प्रभु जी का एवं उनकी सेवा करने वाले सेवा साथियों का अन्नापूर्णा भंडारा सुरेंद्र बडजात्या एवं किरण देवी बड़जात्या के सानिध्य में उनके भतीजे श्रेयांस बड़जात्या पुत्रवधु प्रियंका बडजात्या, नम्रता जालान के द्वारा संचालित किया गया। अपना घर आश्रम मे मानसिक रूप से कमजोर एवं निराश्रित और दिव्यांग प्रभु जी की सेवा की जाती है यहां उन्हें आश्रय दिया गया है तथा भोजन, इलाज की निःशुल्क व्यवस्था की गई है। अभी इस अपना घर में 32 जरूरतमंदों की सेवा की जा रही है। उक्त जानकारी देते हुए अपना घर आश्रम के प्रवक्ता संजय सर्राफ ने बताया कि आज के अन्नपूर्णा भंडारे में आश्रम के उपाध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल, डुंगरमल अग्रवाल, निर्मल जालान, विजय अग्रवाल, सुरेश भगत, पूरणमल सर्राफ,सुरेश चौधरी,ओम प्रकाश सरावगी, शिव भगवान अग्रवाल, विशाल जालान,पवन पोद्दार,संतोष देवी अग्रवाल, संजय सर्राफ, श्रवण सिंघानिया, आदि उपस्थित थे।



## श्री कृष्ण प्रणामी मंगल राधिका सदानंद सेवा धाम के श्री राधा-कृष्ण मंदिर में श्रद्धालुओं का लगा रहा तांता



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : रविवार को पुंदाग मे श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट द्वारा संचालित श्री कृष्ण प्रणामी मंगल राधिका सदानंद सेवा धाम मे भारी संख्या में श्रद्धालु दर्शन करने पहुंचे। ट्रस्ट के प्रवक्ता संजय सर्राफ ने बताया की 10 हजार से भी ज्यादा श्रद्धालुओं ने सेवा धाम में बने भगवान श्री राधा- कृष्ण मंदिर के दर्शन किए। दिन-भर श्री कृष्ण प्रणामी मंगल राधिका सदानंद सेवा धाम परिसर में स्थापित श्री राधा कृष्ण मंदिर दरबार हॉल मे श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। मंदिर परिसर मे दोपहर मे 2 घंटे तक भक्तगणो ने पूरे भक्तिभाव से भजन-कीर्तन कर पूरे वातावरण को भक्तिमय एवं कृष्णमय बना दिया। तथा दरबार मे सुमधुर भक्ति भजनों में खूब झूमे। दरबार के शीश महल में विराजमान भगवान श्री राधा -कृष्ण मंदिर, श्रीमद् भागवत गीता ग्रंथ, भगवान का वस्त्र, मोर मुकुट, मुरली की पूजा अर्चना किया जा रहा है। दरबार में श्री कृष्ण की जन्म से लेकर महाभारत तक की झांकियां मुख्य आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। सेवा- धाम मे झारखंड के विभिन्न जिलों एवं दूसरे राज्यों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं।

## ममता देवी को महिला, बाल विकास समिति व सरकारी आश्वासन समिति की सदस्य बनने पर दी गयी बधाई

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**दुलमी (रामगढ़)** : रामगढ़ विधायक ममता देवी को झारखंड विधानसभा की महिला एवं बाल विकास समिति और सरकारी आश्वासन समिति का सदस्य नियुक्त किया गया है। यह न केवल दुलमी प्रखंड बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है। उपरोक्त बातें दुलमी प्रखंड बीस सूत्री कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति के अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने कही। उन्होंने विधायक ममता देवी को इस महत्वपूर्ण नियुक्ति पर हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि उनकी यह नियुक्ति क्षेत्र के विकास और जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में सहायक सिद्ध होगी। उन्होंने उम्मीद जताई कि ममता



देवी अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी निष्ठा और प्रतिबद्धता के साथ करेंगी, जिससे महिला और बाल विकास से जुड़े मुद्दों को प्राथमिकता के आधार पर समाधान मिलेगा। सुधीर मंगलेश ने कहा कि ममता देवी की यह नियुक्ति प्रखंड के लोगों के लिए प्रेरणादायक है और इससे महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में ठोस कदम उठाए जाएंगे। बीस सूत्री अध्यक्ष ने ममता देवी को शुभकामनाएँ देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की और उम्मीद जताई कि वे अपने कार्यकाल में क्षेत्र के विकास के लिए समर्पित रहेंगी। बधाई देने वाले पुर्व प्रमुख सुरेन्द्र करमाली, पुर्व जिला पार्षद राजू महतो, प्रखंड कॉंग्रेस अध्यक्ष प्रकाश करमाली, उतम कुमार, इकबाल अंसारी, युगल किशोर महतो, महताब राही, अल्ताफ अंसारी, इमाम अंसारी, छुटु गंझू, क्युमुदीन अंसारी, छोटन कुमार, महेंद्र ओहदार, परमानद सिंह, रितेश कुमार, तौफिक अंसारी, हेमंत कुमार, राजुकमार, हेमलाल महतो, लिलेश्वर महतो, प्रदीप भोक्ता, प्रेम मुंड़ा, प्यारी मुंडा, बाबू राम महतो शामिल हैं।

## हलहलिया में तीन दिवसीय श्री गुरु गोविंद सिंहजी जयन्ती समारोह का हुआ समापन

**एजेंसी**

**अररिया** : सिमराहा थाना क्षेत्र के हलहलिया में श्री अकालसर साहेब खाशहलहलिया गुरुद्वारा में तीन दिवसीय जयंती समारोह धूमधाम से रविवार को संपन्न हुआ। अखंड पाठ और शब्द कीर्तन के साथ रविवार को जयंती समारोह का समापन हुआ। समापन के दिन अरदास के बाद विशेष रूप से बाहर से आए हुए श्रद्धालुओं और ग्रामीणों के लिए लंगर की व्यवस्था की गई। कार्यक्रम के आयोजक संजय सिंह ज्ञानी, नारायण सिंह ज्ञानी, डॉ. शिवनारायण यादव, सचिदानंद सिंह, अमलानंद सिंह, कृष्णा सिंह, शंकर सिंह, प्रमोद सिंह,परमेश्वर सिंह के अलावे पंचायत के मुखिया अशोक कुमार यादव समेत कई लोग इस आयोजन को सफल बनाने में शामिल हुए।

इस अवसर पर वक्ताओं ने श्री गुरू गोविंद सिंह जी के जीवन और उनके योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि गुरू गोविंद सिंह जी सिर्फ एक महान योद्धा नहीं बल्कि एक सच्चे और धर्मप्रेमी गुरु थे, जिनकी शिक्षाएं आज भी हम सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं। वक्ताओं ने यह भी बताया कि गुरू गोविंद सिंह जी की शिक्षा ने हमें सिखाया कि सच्चाई और धर्म के मार्ग पर चलकर ही हम अपने जीवन को सार्थक बना सकते हैं। गुरू गोविंद सिंह जी की जयंती को मनाकर श्रद्धालुओं ने उनके उपदेशों और विचारों को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लिया।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को सुना



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रामगढ़** : भारतीय जनता पार्टी रामगढ़ कैंट वार्ड नंबर 6 के बुथ अध्यक्षों द्वारा मन की बात कार्यक्रम का आयोजन ब्लॉक चौक स्थित ओम मार्केट परिसर में दिन के 11 बजे किया गया। मन की बात कार्यक्रम की 118 वीं कड़ी में आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों से अपने विचार साझा करते हुए महाकुंभ के अद्भुत आयोजन का उल्लेख किया वहीं अंतरिक्ष में हमारे वैज्ञानिकों की उपलब्धियों का भी जिक्र किया। प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को होने वाली मन कि बात कार्यक्रम इस बार राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस होने के कारण आज तीसरे रविवार को हुई। उपस्थित बुथ अध्यक्ष ने नमो ऐप के माध्यम से मन की बात कार्यक्रम को अपने अपने मोबाइल पर सुना। कार्यक्रम में भाजपा अल्प संख्यक प्रदेश कार्य समिति सदस्य सुरजीत सिंह छाबड़ा, वार्ड प्रभारी अजीत गुप्ता, संजय श्रीवास्तव जिला मीडिया प्रभारी राजीव पामदत्त, वार्ड संयोजक अरविन्द सिंह, नगर मंत्री अभिषेक चौधरी, मीडिया प्रभारी सुरेन्द्र शर्मा, ईश्वर पासवान, वशिष्ठ सिंह की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के समापन के उपरान्त जिला के निदेर्शानुसार सदस्यता अभियान को गति दी गई। कई लोग मिस्ड कॉल कर भाजपा की प्राथमिक सदस्य बने। यह जानकारी नगर के मीडिया प्रभारी सुरेन्द्र कुमार शर्मा ने दी।

## लालू यादव से मिले पशुपति पारस, आधे घंटे हुई बातचीत

**एजेंसी**

**पटना** : बिहार विधानसभा चुनाव का समय करीब आने के साथ ही राजनीतिक हलचल भी बढ़ गई है। मकर संक्रांति पर राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के प्रमुख लालू यादव ने राष्ट्रीय लोक जन शक्ति पार्टी (आरएलजेपी) के प्रमुख पशुपति पारस से मुलाकात की थी। इसके बाद अब रविवार को पशुपति पारस ने पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी के आवास पर जाकर लालू यादव से मुलाकात की। दोनों नेताओं के बीच करीब आधे घंटे तक बातचीत हुई। राजद सांसद संजय यादव ने कहा कि आरएलजेपी के प्रमुख



पशुपति पारस और बिहार प्रदेश अध्यक्ष प्रिंस पासवान के साथ लालू यादव की मुलाकात हुई है। दरअसल, लालू यादव उनके घर मिलने गए थे और आज पशुपति कुमार उनसे मिलने आए। यह शिष्टाचार मुलाकात थी। संजय ने कहा कि पशुपति पारस महागठबंधन का हिस्सा होंगे या नहीं, यह राष्ट्रीय अध्यक्ष तय करेंगे। साथ ही कहा कि पशुपति पारस एक अनुभवी राजनेता हैं। वह किसी भी गठबंधन के साथ रहें, गठबंधन को फायदा होगा। राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि आरएलजेपी यदि महागठबंधन का हिस्सा बनती है तो यह बिहार की कुछ प्रमुख विधानसभा सीटों पर उम्मीदवार उतार सकती है। इनमें जमुई, हाजीपुर, बेगूसराय, वैशाली, मुंगर और खगड़िया जैसी सीटें शामिल हैं। इसके परिणामस्वरूप अगड़ी और दलित वोटों में बिखराव हो सकता है, जिसका फायदा महागठबंधन को मिल सकता है। राजनीति के जानकारों का कहना है कि इस साल होने वाले विधानसभा चुनाव में राजद में आरएलजेपी के शामिल होने से महागठबंधन को बहुत हद तक राहत मिलेगी। क्योंकि, पशुपति पारस मोदी सरकार में केंद्रीय मंत्री रह चुके हैं। उनकी पार्टी पहले भी एनडीए का हिस्सा रह चुकी है लेकिन समय-समय पर उनकी नाराजगी सामने आई है। ऐसे में राजद खासकर लालू यादव, पशुपति पारस को अपने खेमे में लाने की कोशिश कर रहे हैं ताकि भूमिहार और दलित वोट बैंक को साधा जा सके।

## जेएलकेएम ने की रामगढ़ नगर परिषद के गठन के लिए पार्टी कार्यालय में बैठक

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रामगढ़** : रविवार को झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा की रामगढ़ ईकाई की बैठक रामगढ़ नगर परिषद का गठन हेतु रामगढ़ जिला कार्यालय में हुई। बैठक की अध्यक्षता पार्टी के जिला अध्यक्ष देवानंद कुमार ने की तथा संचालन जिला महासचिव डॉ.राजेश महतो के द्वारा किया गया। इस बैठक में कहा गया कि नगर परिषद रामगढ़ में जेएलकेएम एक सशक्त एवं मजबूत संगठन के तौर पर उभरा है। सभी लोगों ने विधायक जयराम महतो के विचारधारा से प्रभावित होकर तन मन धन के साथ काम करने की बात कही है एवं इनके विचारधारा को जन-जन तक



पहुँचाने व सभी जाति एवं संप्रदाय के लोगों को इससे जोड़ने पर बल दिया गया क्योंकि झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा में गरीब, शोषित, पीड़ित, दबे कुचले तथा भ्रष्ट सिस्टम के सताये लोग हैं। लोगों ने कहा नगर निकाय चुनाव में झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा पार्टी की अच्छी प्रदर्शन रहेगी। नगर परिषद रामगढ़ के कमेटी का विस्तार करते हुए अध्यक्ष पद हेतु पवन कुमार महतो, कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार महतो, संरक्षक शिवदयाल प्रसाद, महासचिव सनी कुमार, उपाध्यक्ष पवन कुमार (साहू), संतोष कुमार महतो, कालेश्वर महतो, रवि यादव, टूकेंद्र महतो, पवन वर्मा, संतोष बेदिया, हरेंद्र कुमार महतो, विशाल प्रजापति, रोहन बेदिया, विजय कुमार पासवान, पन्नू मुंडा, सुभाष बेदिया, सुरेंद्र कुमार महतो, रूपलाल महतो, करमचंद महतो, सचिव अनिल महतो, गुलाब गौरी, फिरदौस हुसैन, रमेश करमाली, संदीप कुमार, शंकर कुमार महतो, अशोक कुमार महतो, देवेंद्र कुमार, ओम प्रकाश महतो, ओम प्रकाश कुशवाहा, मीडिया प्रभारी अविनाश नायक, संतोष महतो, सोशल मिडिया प्रभारी प्रेम कुमार गंझु तथा संगठन महामंत्री महेश महतो को सर्व सम्मति से बनाया गया। इस बैठक में मुख्य रूप से केंद्रीय पदाधिकारी, जिला पदाधिकारी, जिला मीडिया प्रभारी रमेश कु महतो, प्रखंड पदाधिकारी, पंचायत पदाधिकारी तथा नगर परिषद क्षेत्र के सक्रिय सदस्य उपस्थित थे।

## रायगंज ने भागलपुर को एक के मुकाबले दो गोल से हरा कर जमाया तस्लीमुद्दीन मेमोरियल कप पर कब्जा

**एजेंसी**

**अररिया** : मॉडर्न स्पोर्ट्स क्लब की ओर से नेताजी सुभाष स्टेडियम में खेले जा रहे सीमांचल गांधी मेमोरियल फुटबॉल टूनामेंट का फाइनल मैच सेवन स्टार फुटबॉल क्लब रायगंज और टाउन क्लब भागलपुर के बीच रविवार को खेला गया,जिसमे रायगंज ने भागलपुर को एक के मुकाबले दो गोल से हराकर शिल्ड पर कप पर कब्जा जमाया। फाइनल मैच में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पदाधिकारी अनिल कुमार और बिहार सरकार के पूर्व आपदा मंत्री एवं जोकीहाट विधायक शाहनवाज आलम मौजूद थे।मौके पर दोनों टीम के खिलाड़ियों से मुख्य अतिथि का परिचय कराया गया । बॉल में किक मारकर डीएम अनिल कुमार और विधायक शाहनवाज आलम ने खेल की शुरूआत की ।मौके पर शाहनवाज आलम ने इस बेहतरीन आयोजन के लिए मॉडर्न स्पोर्ट्स क्लब को बधाई दी। मैच रेफरी के रूप में रमन कुमार,अभिषेक कुमार ,राहुल कुमार ने काम किया, वहीं मैच का आंखों देखा हाल चांद आजमी और सदरे आलम ने सुनाया। ये मौके पर महिला राजद नेत्री लवली नवाब ,अफसाना हसन ,सुष्मिता ठाकुर और मंजू देवी भी मौजूद थी।टूनार्मेंट चार जनवरी से शुरू हुआ था, जो रविवार को संपन्न हुआ। फाइनल मैच में बेहतर खेल के लिए मैन ऑफ द मैच का खिताब अशोक मुर्मू को दिया गया।

## एक झलक

### बोपन्ना-शुआई ऑस्ट्रेलियाई ओपन के क्वार्टर फाइनल में

**मेलबर्न** : भारत से शीर्ष टेनिस खिलाड़ी रोहन बोपन्ना और उनकी जोड़ीदार चीन की झांग शुआई बिना खेले ही ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के मिश्रित युगल के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गये हैं। बोपन्ना और शुआई ने यहां दूसरे दौर के मैच में वॉकओवर मिलने के कारण आसानी से क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। बोपन्ना और शुआई का मुकाबला अमेरिका की टेलर टाउनसेंड और मोनाको के ह्यूगो निस से था पर यह जोड़ी कोर्ट में नहीं उतरी। इससे बोपन्ना और शुआई अगले दौर में पहुंच गये। अब बोपन्ना और शुआई का अगला मुकाबला अंतिम आठ में हंगरी की टिमिया बाबोस और अल साल्वाडोर के मासेली अरेवलो तथा ओलिविया गैडेकी और जॉन पीयर्स की ऑस्ट्रेलियाई जोड़ी के बीच होने वाले मैच की विजेता जोड़ी से होगा।

### शुभमन नहीं, पांड्या को उपकप्तान बनाने चाहते थे गम्भीर

**मुम्बई** : भारतीय टीम के कोच गौतम गंभीर और कप्तान रोहित शर्मा के बीच मतभेद की अटकलें एक बार फिर तेज हो गयी हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार गंभीर आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी 2025 और इंग्लैंड के खिलाफ एकदिवसीय सीरीज के लिए ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या को उपकप्तान बनाना चाहते थे पर रोहित उनसे सहमत नहीं थे। रोहित ने उपकप्तान के लिए शुभमन गिल के नाम का प्रस्ताव रखा था। ऐसे में यह माना जा रहा है कि शुभमन रोहित शर्मा के बाद कप्तानी संभालेंगे। रिपोर्ट के अनुसार कोच गंभीर नहीं चाहते थे कि शुभमन को उप कप्तान बनाया जाये पर रोहित शुभमन के पक्ष में थे। जिससे शुभमन को जिम्मेदारी मिली गयी। गौरतलब है कि हार्दिक पांड्या टी20 विश्व कप पहले तक टीम इंडिया की कप्तानी के प्रबल दावेदार थे। रोहित के साथ वह टीम की उप कप्तानी करते थे पर टी20 विश्व कप के बाद रोहित ने हार्दिक की जगह सूर्यकुमार यादव को इस प्रारुप में कप्तान बनने का प्रस्ताव रखा था। इस तरह हार्दिक के हाथ से टी20 की कप्तानी भी निकल गयी थी। पांड्या के अलावा एकदिवसीय सीरीज और चैंपियंस ट्रॉफी के लिए संजू सैमसन के नाम पर भी बात हुई थी। गंभीर इसमें मुख्य विकेटकीपर के तौर पर ऋषभ पंत की जगह संजू सैमसन को चाहते थे पर रोहित ने ऋषभ को भी शामिल करने और विकल्प के तौर पर केएल राहुल को रखेन जाने का प्रस्ताव दिया। यहां भी गंभीर की नहीं चली ओर सैमसन को टीम में जगह नहीं मिली।

### बोपन्ना ने करण सिंह को बताया प्रतिभाशाली खिलाड़ी

**मुंबई** : अनुभवी टेनिस खिलाड़ी रोहन बोपन्ना ने करण सिंह को प्रतिभाशाली खिलाड़ी बताया है। बोपन्ना ने कहा है कि करण जैसी खेल की प्रतिभाओं को निखारने और आगे बढ़ाने के लिए राष्ट्रीय महासंघ प्रयास करे। बोपन्ना ने कहा कि इसके लिए महासंघ प्रयोजकों की भी तलाश करे। बोपन्ना के अनसार महासंघ को करण सिंह और उसकी तरह के और भी प्रतिभाशाली खिलाड़ियों का सभी प्रकार से सहयोग करना चाहिये। बोपन्ना ने कहा कि मैं करण को खेलते हुए देख रहा हूं और मुझे लगता है कि वह बेहद प्रतिभाशाली खिलाड़ी है।

## अंडर-19 विमेंस वर्ल्ड कप 2025

# भारत ने वेस्टइंडीज को 09 विकेट से पहला मैच हराया, 4.2 ओवर में चेज किया टारगेट



एजेंसी

**कुआलालंपुर** : विमेंस अंडर-19 वर्ल्ड कप की डिफेंडिंग चैंपियन टीम इंडिया ने वेस्टइंडीज को महज 44 रन बनाने दिए। अंडर-19 विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप में डिफेंडिंग चैंपियन भारत ने विजयी आगाज किया है। रविवार को टीम ने वेस्टइंडीज को 9 विकेट से हरा दिया। कुआला लंपुर में विंडीज ने पहले बैटिंग की, लेकिन टीम 44 रन ही बना सकी। भारत ने महज 4.2 ओवर में 1 विकेट खोकर टारगेट हासिल कर लिया।

### 13.2 ओवर में सिमट गयी विंडीज विमेंस

**भारत** की कप्तान निकी प्रसाद ने टॉस जीतकर बॉलिंग चुनी। वेस्टइंडीज ने शुरूआती 3 ओवर में एक भी विकेट नहीं गंवाया था। चौथे ओवर में कप्तान समारा रामनाथ 3 रन बनाकर आउट हुईं, इस वक्त टीम का स्कोर 10 रन था। यहां से वेस्टइंडीज का बिखरना शुरू हो गया। टीम से ओपनर असाबी कैलेंडर ने 12 और केनिका कासार ने 15 रन बनाए। वेस्टइंडीज की 5 बैटर्स खाता भी नहीं खोल सकीं, वहीं 4 बैटर्स 5 रन का आंकड़ा भी पार नहीं कर पाईं। टीम 13.2 ओवर में 44 रन बनाकर ऑलआउट हुईं। भारत से पारुणिका सिसोदिया ने 7 रन देकर 3 विकेट लिए। वीजे जोशिथा ने 5 रन देकर 2 विकेट और आयुषी शुक्ला ने 6 रन देकर 2 विकेट लिए। 3 बैटर्स रनआउट भी हुईं।

### भारत ने पहले ओवर में विकेट गंवाया

**45 रन** के टारगेट का पीछा करने उतरीं इंडिया विमेंस के लिए गोंगडी त्रिषा ने पहली बॉल पर चौका लगाया। हालांकि, वह दूसरी ही गेंद पर जाहजारा क्लैक्सटन को विकेट दे बैठीं। उनके बाद विकेटकीपर जी कमलिनी ने 13 गेंद पर 16 और सानिका चाल्के ने 11 गेंद पर 18 रन बनाए। टीम ने महज 4.2 ओवर में 47 रन बनाकर टारगेट हासिल कर लिया।

### पॉइंट्स टेबल में टॉप पर भारत

**पहला** मैच जीतकर भारत ने ग्रुप-ए के पॉइंट्स टेबल में पहला स्थान भी हासिल कर लिया। श्रीलंका के भी भारत के बराबर 2 पॉइंट्स हैं, लेकिन बेहतर रन रेट के कारण इंडिया विमेंस टीम पहले नंबर पर है। टीम का दूसरा मैच अब 21 जनवरी को कुआला लंपुर में ही होम टीम मलेशिया के खिलाफ होगा। टीम 23 जनवरी को श्रीलंका के खिलाफ तीसरा मैच खेलेगी। टूर्नामेंट में 16 टीमें हिस्सा ले रही हैं। 4-4 टीमों को 4 ग्रुप में बांटा गया। हर ग्रुप से 3-3 टॉप टीमें सुपर-6 राउंड में जाएंगी। यहां 6-6 टीमों को 2 ग्रुप में बांटा जाएगा। फिर हर ग्रुप से 2-2 टॉप टीमें सेमीफाइनल में जगह बनाएंगी। 2 फरवरी को फाइनल खेला जायेगा।

# पाकिस्तान ने मुल्तान टेस्ट 127 रन से जीता

## वेस्टइंडीज की दूसरी पारी 123 रन पर सिमटी; साजिद खान को मैच में 09 विकेट



एजेंसी

**मुल्तान** : पाकिस्तान ने 2 मैचों की टेस्ट सीरीज के पहले मुकाबले में वेस्टइंडीज को 127 रन से हरा दिया है। मुल्तान की स्पिन फ्रेंडली विकेट पर लो स्कोरिंग मैच रहा। रविवार को तीसरे दिन 251 रन के जवाब में वेस्टइंडीज की दूसरी पारी 123 रन पर सिमट गई। प्लेयर ऑफ द मैच रहे साजिद खान ने कुल 9 विकेट निकाले। पहली पारी में 4 और दूसरी पारी में 5 विकेट लिए। 6 कैरिबियाई बल्लेबाज दूसरी पारी में दहाई का आंकड़ा नहीं छू सके। इससे पहले, पाकिस्तानी पारी 157 रन पर सिमट गई। पहली पारी में मिली 93 रन की बढ़त से टीम ने वेस्टइंडीज के सामने 251 रन का लक्ष्य रखा। टीम की तरफ से जोमेल वारिकन ने 7 विकेट लिए। मैच के दूसरे दिन पाकिस्तान अपनी पहली पारी में 230 रन बना सका था। वहीं वेस्टइंडीज की टीम 137 रन पर सिमट गई। जिसमें पाकिस्तान से स्पिनर नोमान अली ने 5 विकेट लिए थे। सीरीज का दूसरा मैच 25 जनवरी से मुल्तान में ही खेला जाएगा।

### साजिद को 05, अबरार को 04 विकेट

**वेस्टइंडीज** की दूसरी पारी स्पिनर्स के सामने टिक नहीं सकी। टीम से एलिक एथनाजे ने सबसे ज्यादा 55 रन बनाए। कैरिबियाई टीम पारी में 36.3 ओवर ही खेल पाई। साजिद खान ने 15 ओवर में 50 रन देकर 5 विकेट लिए। वहीं लेग स्पिनर अबरार अहमद ने 4 विकेट लिए। नोमान अली को 1 विकेट मिला।

### शकील-रिजवान ने लगायी फिफ्टी

**पाकिस्तान** ने दूसरे दिन 143/4 के स्कोर से आगे खेलना शुरू किया। सऊद शकील ने 56 और मोहम्मद रिजवान ने 51 रन के स्कोर से अपनी पारी आगे बढ़ाई। दोनों ने 141 रन की पार्टनरशिप की और स्कोर 200 के करीब पहुंचाया। शकील 84 और रिजवान 71 रन बनाकर आउट हुए। 187 रन पर 5 विकेट गंवाने के बाद पाकिस्तान ने 43 रन बनाने में अगले 5 विकेट और गंवा दिए। वेस्टइंडीज से स्पिनर जोमेल वारिकन और पेसर जैडन सील्स ने 3-3 विकेट लिए। केविन सिनक्लेयर को 2 और गुडाकेश मोटी को 1 विकेट मिला। वहीं एक बैटर रनआउट हुआ।

### वेस्टइंडीज को गेंदबाजों ने 100 रन के पार पहुंचाया

**वेस्टइंडीज** के बैटर्स पहली पारी में महज 25.2 ओवर बैटिंग कर सके। टॉप-7 में कप्तान क्रैग ब्रैथवेट ही 11 रन तक पहुंच सके, बाकी 6 बैटर्स 7 रन का आंकड़ा भी नहीं छू सके। टीम ने 66 रन के स्कोर पर ही 8 विकेट गंवा दिए। वेस्टइंडीज को फिर गेंदबाजों ने 100 रन के पार पहुंचाया। सिनक्लेयर ने 11, मोटी ने 19, वारिकन ने 31 और सील्स ने 22 रन की पारी खेली और टीम का स्कोर 137 रन तक पहुंचाया। पाकिस्तान से नोमान अली ने 5 और साजिद खान ने 4 विकेट लिए। अबरार अहमद को भी 1 सफलता मिली।

# सैमसन-सिराज चैम्पियंस ट्रॉफी से बाहर

- विजय हजारे ट्रॉफी में 5 शतक, 752 औसत के बावजूद करुण नायर को टीम में जगह नहीं; सिलेक्शन एनालिसिस





एजेंसी

**नयी दिल्ली** : चैंपियंस ट्रॉफी के लिए शनिवार को टीम इंडिया का ऐलान हुआ। कप्तान रोहित शर्मा और चीफ सिलेक्टर अजित अगरकर ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर टीम सिलेक्शन की जानकारी दी। मोहम्मद सिराज और संजू सैमसन को टीम से बाहर किया गया। वहीं घरेलू क्रिकेट में 752 का औसत रखने के बावजूद करुण नायर स्क्वॉड में जगह नहीं बना सके। टीम में कुछ खिलाड़ियों का सिलेक्शन चौंकाने वाला भी रहा। दुबई में तेज गेंदबाजी को मददगार पिच होने के बावजूद वॉशिंगटन सुंदर समेत 2 स्पिन ऑलराउंडर्स को मौका मिला। महज 8 वनडे खेलने वाले अर्शदीप सिंह आईसीसी वनडे बॉलर्स रैंकिंग के टॉप-10 में शामिल सिराज की जगह शामिल किये गये।

### 1. मोहम्मद सिराज : 2022 से टीम के टॉप विकेट टेकर

कप्तान रोहित शर्मा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, 'टीम में नई बॉल से गेंदबाजी करने के लिए बुमराह और शमी मौजूद हैं। सिराज पुरानी गेंद से इफेक्टिव नहीं हैं, इसलिए उन्हें बाहर किया गया।' सिराज को बाहर कर टीम ने अर्शदीप सिंह को मौका दिया। वहीं टीम ने 4 स्पिनर्स भी रखे। जबकि दुबई की पिच तेज गेंदबाजों के लिए ज्यादा मददगार है। यहां पिछले 5 साल के वनडे में पेसर्स ने 60% और स्पिनर्स ने 40% विकेट लिए हैं। दुबई में ही भारत को सभी मैच खेलने हैं।

### 2. संजू सैमसन : आखिरी वनडे में शतक लगाया

सैमसन का नाम बतौर बैकअप विकेटकीपर के रूप में आगे था, लेकिन उनकी जगह ऋषभ पंत को 15 सदस्यीय टीम में जगह मिली। पंत या सैमसन जिस भी प्लेयर को 15 में जगह मिलती, दोनों को ही फर्स्ट चॉइस प्लेइंग-11 से बाहर बैठना पड़ता क्योंकि केएल राहुल विकेटकीपर पोजिशन पर अपनी जगह पक्की कर चुके हैं।



लंदन में प्रीमियर लीग फुटबॉल में भाग लेते हुए आर्सेनल और एस्टन विला के खिलाड़ी।

# मनु भाकर की नानी और मामा की सड़क हादसे में मौत



एजेंसी

**चरखी दादरी** : ओलंपिक कांस्य पदक विजेता निशानेबाज मनु भाकर के मामा युद्धवीर सिंह और नानी सावित्री देवी का एक सड़क हादसे में निधन हो गया है। मनु को अभी दो दिन पहले ही खेल रत्न अवार्ड मिला था जिससे घर में खुशी का माहौल था पर ये दुखद खबर मिलते ही परिवार में मातम छा गया। उनके मामा और नानी को महेंद्रगढ़ बाइपास रोड पर एक कार ने टक्कर मार दी। ये टक्कर इतनी भीषण थी कि वहीं पर ही दोनों की मौत हो गयी। युद्धवीर रोडवेज में नौकरी करते थे। दुर्घटना के बाद गाड़ी चालक फरार हो गया है। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतकों के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल पहुंचाया। मौके पर थाना शहर प्रभारी सहित पुलिस जांच में जुटी हुई है। दो दिन पूर्व ही मन्नू भाकर को राष्ट्रपति से खेल रत्न अवॉर्ड मिला था। मनु ने पेरिस ओलंपिक के 10 मीटर एयर पिस्टल और 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में दोहरे कांस्य पदक जीते थे। मनु ओलंपिक संस्करण में दो पदक जीतने वाली पहली भारतीय हैं।

# एथरटन भी बने बुमराह के प्रशंसक



एजेंसी

**लंदन** : इंग्लैंड के पूर्व सलामी बल्लेबाज माइकल एथरटन भी भारतीय टीम के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के प्रशंसक बन गये हैं। एथरटन ने कहा कि मैं खुशकिस्मत हूं क्योंकि बुमराह उस समय नहीं थे। बूमराह बॉर्डर गावस्कर सीरीज में 32 विकेट लेने के कारण प्लेयर ऑफ द टूनामेंट बने थे। एथरटन ने पूर्व कप्तान नासिर हुसैन से बातचीत में कहा कि उन्हें इस बात से कितनी राहत मिली है कि उनके खेल करियर के दौरान बुमराह क्रिकेट जगत का हिस्सा नहीं थे। एथरटन को अपने करियर में सबसे अधिक 23 बार ऑस्ट्रेलिया के पूर्व तेज गेंदबाज ग्लेन मैकग्रा ने अपना शिकार बनाया था। एथरटन ने जवाब दिया, मुझे खुशी है कि बुमराह मेरे समय में नहीं था। उसका सामना करना एक बुरे सपने जैसा लगता है। मेरा हमेशा से मानना रहा है कि अपरंपरागत एक्शन वाले गेंदबाजों का सामना हमेशा कठिन रहा है। जब मैंने एलन डोनाल्ड और ब्रेट ली जैसे गेंदबाजों का सामना किया, तो उनके पास सुंदर गेंदबाजी एक्शन थे। मैं गेंद को स्पष्ट रूप से देख सकता था और उसके अनुसार अपनी प्रतिक्रियाएं दे सकता था पर बुमराह की गेंदबाजी का अंदाजा नहीं लगाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि जब आप बुमराह को देखते हैं, तो गेंद समझना एक वास्तविक चुनौती बन जाती है। अधिकांश आधुनिक बल्लेबाज गेंद फेंकने से पहले ट्रिगर मूवमेंट का उपयोग करते हैं पर बुमराह ऐसा नहीं करते हैं। गेंद को बल्लेबाज के करीब छोड़ने की उनकी क्षमता, कलाई के विशिष्ट स्नैप और कोहनी के हाइपरएक्सटेंशन की विशेषता, उन्हें सामना करने के लिए एक मुश्किल गेंदबाज बनाती है।

# अभिनेत्री गुल पनाग और मुक्केबाज स्वीटी बूरा ने की 'फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल' की अगुवाई



एजेंसी

**नयी दिल्ली** : अभिनेत्री गुल पनाग और अर्जुन पुरस्कार विजेता मुक्केबाज स्वीटी बूरा ने फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल अभियान का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि देश में खेल और फिटनेस संस्कृति का निर्माण करने का यह एकमात्र तरीका है। अभिनेत्री पनाग और मुक्केबाज बूरा ने रविवार को गुरुग्राम के लेजर वैली पार्क में 500 से अधिक साइकिल चालकों की अगुवाई की। गुल पनाग ने कहा कि मैं फिट इंडिया अभियान से तब से जुड़ी हुई हूं, जब इसे कई साल पहले लॉन्च किया गया था। यह भारतीय खेल प्राधिकरण की एक शानदार पहल है। मुझे लगता है कि फिट इंडिया अभियान ही एकमात्र तरीका है, जिससे हम खेल और फिटनेस संस्कृति का निर्माण कर सकते हैं। यह अभियान भारत को प्रतिस्पर्धी क्षेत्रों में अधिक पदक जीतने में मदद करेगा, लेकिन हमें फिटनेस संस्कृति से शुरूआत करनी होगी।

## जेएससीआई के रैकेट्स में सम्पन्न हुआ दो दिवसीय मीडिया कप बैडमिंटन टूर्नामेंट

# मीडिया कप बैडमिंटन टूर्नामेंट एकल मुकाबले में आदिल व डबल्स में आनंद और आदिल बने चैंपियन

एजेंसी

**रांची** : जेएससीआई के स्टेडियम में बने रैकेट्स कैम्पस में आयोजित दो दिवसीय मीडिया कप बैडमिंटन टूर्नामेंट संपन्न हो गया। टूर्नामेंट में बैडमिंटन के प्रति पत्रकारों की दीवानगी देखने को मिली, जब खिलाड़ी बन कर प्रेस क्लब के पत्रकार सदस्य कोर्ट में पसीना बहाते नजर आये। प्रतियोगिता के पहले दिन के हुए मैच में मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवी स्वामी देवेंद्र प्रकाश और रांची प्रेस क्लब के पूर्व अध्यक्ष राजेश सिंह ने खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त कर टूर्ना मेंट का शुभारंभ किया वहीं फाइनल मैच के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रुप में समाजसेवी अजय नाथ शाहदेव उपस्थित थे। दूसरे दिन फाइनल मैच में वरिष्ठ पत्रकार विनय वर्मा द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया गया। वहीं कड़े एकल मुकाबले के फाइनल मैच में आदिल हसन ने लगातार दो मैच जीत कर अभिषेक सिन्हा को शिकस्त दी और ट्रॉफी पर अपना कब्जा जमा लिया। वहीं डबल्स के खेले गए संघर्षपूर्ण मैच में आदिल हसन और आनंद मोहन













की जोड़ी ने अभिषेक सिन्हा और मोनू कुमार की जोड़ी को दो एक से पराजित कर ट्रॉफी पर अपना कब्जा जमा लिया। एकल्स और डबल्स के दोनों ही फाइनल मैच रोमांचक रहे। फाइनल मैच के सभी विजेताओं को मुख्य अतिथि अजय नाथ शाहदेव ने ट्रॉफी और विनय वर्मा ने ईयर बड्स दे कर पुरस्कृत किया। साथ ही सभी रनर अप को भी पुरस्कार के रूप में ईयर बड्स दिए गए। तत्पश्चात अपने सम्बोधन में अजय नाथ शाहदेव ने प्रेस क्लब को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि खेल से तन मन दोनों स्वस्थ्य रहता है, इसलिए अपने जीवन में सभी लोगों को एक खेल जरूर शामिल रखना चाहिए। वहीं वरिष्ठ पत्रकार विनय वर्मा ने खिलाड़ियों का हौसलाअफजाई करते हुए कहा कि रांची प्रेस क्लब के द्वारा शुरू की गई यह परम्परा कायम रहे। वहीं प्रेस क्लब के अध्यक्ष ने सफल आयोजन में अपनी भूमिका निभाने के लिए कमेटी और सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया और उन्हें शुभकामनाएं दी। टूर्नामेंट को सफल बनाने में क्लब के अध्यक्ष सुरेन्द्र लाल सोरेन, सचिव अमरकान्त, कोषाध्यक्ष कुबेर सिंह, सह सचिव रतनलाल, स्पोर्ट्स कमेटी के कन्वेनर मोनू कुमार, कार्यसमिति सदस्य आलोक सिन्हा, विजय मिश्र, आरजे अरविन्द, चन्दन भट्टाचार्य, संजय सुमन, सौरभ शुक्ला सहित सभी सदस्यों ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## एक झलक

### भारतीय नौसेना व बजाज ऑटो पल्सर की 'डेयर 2' रैली पहुंची रांची

**रांची :** बजाज ऑटो और भारतीय सशस्त्र बलों के साथ साझेदारी में विशाखापत्तनम से अयोध्या तक 13 दिवसीय संयुक्त रैली 'डेयर 2' रांची पहुंची। इस दौरान रैली टीम संत जॉन उच्च विद्यालय कैंपस रांची में मैरीटाइम अवेयरनेस ड्राइव सह इंटरेक्शन विथ स्टूडेंट प्रोग्राम में शामिल हुए। इस अवसर पर कमांडर मुकुल राय, इंजीनियर ऑफिसर, आईएनएस रणविजय, लेफ्टिनेंट कमांडर आदित्य वशिष्ठ जी ऑफिसर, आईएनएस रणविजय, लेफ्टिनेंट विशाल प्रताप एएलओ, आईएनएस रणविजय, समेत कई टीचर और स्कूल के बच्चे शामिल हुए। मैरीटाइम अवेयरनेस ड्राइव में बच्चों के बीच भारतीय नौसेना में करियर को लेकर उन्हें जागरूक किया गया। रैली पल्सर एनएस 400जेड की गतिशीलता से लैस, भारतीय नौसेना के 15 निडर सवार 1600 किलोमीटर से अधिक की यात्रा करेंगे। इससे पूर्व इस रैली (डेयर 2) को वाइस एडमिरल समीर सक्सेना, एवीएसएम, एनएम, चीफ ऑफ स्टाफ, पूर्वी नौसेना कमान ने विशाखापत्तनम में पूर्वी बेड़े के मुख्यालय से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया, जो भारत के प्रमुख समुद्री रक्षा मोर्चों में से एक ओडिशा में आईएनएस चिल्का की ओर आगे बढ़ा। यह रैली सशस्त्र बलों को स्थानीय समुदायों से जुड़ने का मौका देती है, ताकि भारतीय नौसेना के बारे में जागरूकता पैदा की जा सके और युवाओं को सर्वोच्च सम्मान के साथ अपने देश की सेवा करने के लिए प्रेरित किया जा सके।

### सस्ता हुआ सोना, चांदी की भी फीकी पड़ी चमक

**नयी दिल्ली :** लगातार तीन दिन की तेजी के बाद घरेलू सराफा बाजार में गिरावट का रुख बना हुआ है। सोने की कीमत में 160 रुपये से लेकर 170 रुपये प्रति 10 ग्राम तक की कमजोरी दर्ज की गयी है। इसी तरह चांदी की कीमत में भी 500 रुपये प्रति किलोग्राम की गिरावट आयी है। सोने की कीमत में आई कमजोरी के कारण देश के ज्यादातर सराफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 81,260 रुपये से लेकर 81,110 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना 74,500 रुपये से लेकर 74,350 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी की कीमत में आई कमजोरी के कारण दिल्ली सर्राफा बाजार में ये चमकीली धातु 96,100 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रही है।

# शेयर बाजार लगातार दूसरे सप्ताह गिरावट का शिकार



**नयी दिल्ली :** सोमवार से शुक्रवार तक के कारोबारी सप्ताह के दौरान घरेलू शेयर बाजार लगातार दूसरी बार साप्ताहिक गिरावट के साथ बंद हुआ। विदेशी निवेशकों की बिकवाली, कमजोर ग्लोबल संकतों, कच्चे तेल की कीमत में आई तेजी, डॉलर इंडेक्स की मजबूती और मुद्रा बाजार में रुपये पर बने दबाव की वजह से पूरे लगभग पूरे सप्ताह बाजार में नेगेटिव सेंटीमेंट्स हावी रहे?। पूरे सप्ताह के कारोबार के बाद बीएसई का सेंसेक्स 795.58 अंक यानी 0.98 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 76,619.33 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह एनएसई के निफ्टी ने 228.30 अंक यानी 0.97 प्रतिशत की गिरावट के साथ 23,203.20 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। बाजार में आई गिरावट के कारण घरेलू शेयर बाजार के निवेशकों की संपत्ति में करीब सवा लाख करोड़ रुपये की कमी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन पिछले सप्ताह के कारोबार के बाद घट कर 428.40 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। इसके पिछले सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 429.67 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को सोमवार से शुक्रवार के कारोबार से करीब 1.27 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हो गया। पूरे सप्ताह के कारोबार के बाद बीएसई के लार्ज कैप इंडेक्स में साप्ताहिक आधार पर 0.50 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। इस इंडेक्स में शामिल कंपनियों में से इंफोसिस, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, विप्रो, माइक्रोटेक डेवलपर्स, महिंद्रा एंड महिंद्रा, वरुण बेवरेजेज, यूनाइटेड स्पिरिट्स और ट्रेंट लिमिटेड के शेयर 5 से 10 प्रतिशत की गिरावट का शिकार हो गए। दूसरी ओर, अडाणी एनर्जी सॉल्यूशंस, अडाणी ग्रीन एनर्जी, अडाणी पावर, आईडीबीआई बैंक और इंडस टावर्स के शेयरों में 10 से लेकर 21 प्रतिशत की मजबूती दर्ज की गई। इसी तरह बीएसई के मिडकैप इंडेक्स में सोमवार से शुक्रवार तक के कारोबार के बाद साप्ताहिक आधार पर ओवरऑल एक प्रतिशत की गिरावट आ गई। इस इंडेक्स में शामिल कंपनियों में से ऑरेकल, फाइनेंशियल सर्विसेज सॉफ्टवेयर, कल्याण ज्वेलर्स इंडिया, लिंडे इंडिया, अडाणी विल्मर, मैक्स हेल्थकेयर इंस्टीट्यूट, भारती हेक्साकॉम और कोफोर्जे के शेयर साप्ताहिक आधार पर 6 से 20 प्रतिशत तक लुढ़क गए। दूसरी ओर, टॉरेंट पावर, एलएंडटी टेक्नोलॉजी सर्विसेज, बायोकॉन, पंजाब एंड सिंद बैंक और रेल विकास निगम के शेयरों में साप्ताहिक आधार पर 8 से 11 प्रतिशत तक की तेजी दर्ज की गई।

# ओपीजी मोबिलिटी की फेराटो ईवी स्कूटर डेफी 22 पेश



**रांची :** ईवी मोबिलिटी के क्षेत्र में ओपीजी जिसका पहले नाम ओकाया ईवी के नाम से जाना जाता था जो भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2025 में बहुप्रतीक्षित फेराटो डेफी 22 को पेश किया। कंपनी ने भविष्य की एक झलक पेश कीए जहां मोबिलिटी को अधिक टिकाऊ नवोन्मेषी और भारतीय के लिए डिजाइन किया गया है। डेफी 22 के लिए प्री.बुकिंग 17 जनवरी 2025 से शुरू होगी।
एक्सपो में फेराटो डेफी 22 को लेकर अंशुल गुप्ता मैनेजिंग डायरेक्टर ओपीजी मोबिलिटी ने कहा हम इस स्टाइलिश स्कूटर से काफी उत्साहित हैं जो भारतीयों को दैनिक यात्रा का एक शानदार अनुभव प्रदान करेगा। ग्राहकों की विविध जरूरतों के अनुकूल हम ओपीजी मोबिलिटी में सुरक्षा और मजबूती को सुनिश्चित करते हुए इन्नोवेटिव उत्पादों को पेश करने में भरोसा रखते हैं।

# जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2025 में अगली पीढ़ी के मोबिलिटी समाधानों को किया पेश



**रांची :** जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने अपनी ड्राइव.फ्यूचर सोच के साथ भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2025 में दूसरे दिन अपनी नई तकनीकों का प्रदर्शन किया है। तकनीकी नेतृत्व को मजबूत करते हुए, कंपनी ने CASE (कनेक्टेड, ऑटोनोमस, शेयर्ड और इलेक्ट्रिक) तकनीक में अपनी क्षमताओं का प्रदर्शन किया। इनोवेशन, स्थिरता और ग्राहक-केंद्रित पहल पर ध्यान केंद्रित करते हुए इस ब्रांड ने आधुनिक युग के लिए मोबिलिटी को बेहतर बनाने वाले व्यावहारिक समाधानों को प्रस्तुत किया। ड्राइव.फ्यूचर सोच को एक नई ऊंचाई पर ले जाते हुए, जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने हाइब्रिड इलेक्ट्रिक वाहन, प्लग-इन हाइब्रिड इलेक्ट्रिक वाहन, बैटरी इलेक्ट्रिक वाहन (BEVs) और आंतरिक दहन इंजन (ICE) मॉडलों सहित विविध पावरट्रेन विकल्पों का प्रदर्शन किया। इसमें अत्याधुनिक बैटरी प्रबंधन प्रणाली वाले इनोवेटिव मॉडल, IM5 और IM6, प्रीमियम प्लग-इन हाइब्रिड इलेक्ट्रिक वाहन MG HS, भव्य रवश मॉडल ट, कॉमेट BLACK-STORM और लक्जरी MG7 ट्रॉफी एडिशन शामिल हैं। जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया के सीईओ राजीव चाबा ने कहा, हम भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2025 में CASE तकनीकों में अपनी अग्रणी पहलों को प्रदर्शित करने के लिए उत्साहित हैं। यह मोबिलिटी के भविष्य को आकार देने के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दोहराता है। ड्राइव.फ्यूचर की हमारी दृष्टि उन्नत तकनीक का लाभ उठाकर मोबिलिटी को स्थायी, जुड़े हुए और ग्राहक-केंद्रित अनुभव में बदलने में निहित है। हम प्रौद्योगिकी जोन और विविध पावरट्रेन शोकेस के माध्यम से व्यावहारिक और स्थायी समाधान प्रदान करने के लिए सीमाओं को आगे बढ़ा रहे हैं। यह न केवल इलेक्ट्रिक मोबिलिटी को अधिक सुलभ बना रहे हैं, बल्कि एक हरित, स्मार्ट और अधिक जुड़े भविष्य के साथ ड्राइविंग अनुभव को भी बढ़ा रहे हैं।

# आल .न्यू बीएमडब्ल्यू एक्स 3 भारत में लॉन्च

**रांची :** दो दशकों से भी अधिक समय सेए बीएमडब्ल्यू एक्स 3 ने विश्व स्तर पर अपनी श्रेणी में सबसे अधिक बिकने वाले प्रीमियम मॉडल के रूप में राज किया है। यह बीएमडब्ल्यू एक्स 3 ही था जिसने पहली बार प्रीमियम मिडसाइज क्लास में एसएवी सेगमेंट की स्थापना की थीए और यह बीएमडब्ल्यू एक्स मॉडल की वैश्विक सफलता की कहानी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। पहली पीढ़ी की बीएमडब्ल्यू एक्स 3 पहला वाहन था जिसने बीएमडब्ल्यू एक्स ड्राइव इंटेलीजेंट ऑल.व्हील.ड्राइव सिस्टम की पेशकश की थी। अब अपने चैथे पीढ़ी के अवतार मेंए ऑल.न्यू बीएमडब्ल्यू एक्स 3 ने भारत में नए सिरे से प्रपोर्शन्सए आधुनिक डिजिटलीकरण और सर्वश्रेष्ठ ड्राइविंग डायनैमिक्स के साथ भारत में प्रवेश किया विक्रम पावाहए प्रेसिडेंट और सीईओए बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया ने कहा ऑल.न्यू बीएमडब्ल्यू एक्स 3 के लॉन्च के साथए आधुनिकताए उपस्थिति और स्पोर्टिंग फ्लेयर अभूतपूर्व ऊंचाइयों पर पहुंच गये हैं।

# रिलायंस रिटेल ने हर दिन खोले 02 से ज्यादा स्टोर, साल भर में खुले 779 स्टोर

- कुल स्टोर हुए 19 हजार से अधिक
- 29 करोड़ 60 लाख खरीददारों ने रिलायंस स्टोर किया विजिट

**मुम्बई :** रिलायंस रिटेल वेंचर्स लिमिटेड (RRVL) ने पिछले वर्ष 2024 में कुल 779 नये स्टोर खोले हैं। इसका मतलब कंपनी ने पिछले वर्ष भर में हर रोज 02 से भी ज्यादा स्टोर खोले, जो कि अपने आप में एक रिकॉर्ड है। देश भर में रिलायंस रिटेल के स्टोर्स की कुल संख्या बढ़कर अब 19,102 हो गयी है। इनमें पिछले वर्ष 29 करोड़ 60 लाख उपभोक्ता खरीददारी करने आये। इन आंकड़ों का खुलासा रिलायंस के तिमाही नतीजों में हुआ। तिमाही नतीजों के मुताबिक वित्त वर्ष 2025 की तीसरी तिमाही में रिलायंस रिटेल वेंचर्स लिमिटेड 90,333 करोड़ का राजस्व दर्ज किया है। जो पिछले वर्ष की समान अवधि के मुकाबले 8.8% अधिक रहा। कम्पनी का EBITIDA भी बढ़ कर 6,828 करोड़ हो गया। नतीजों पर टिप्पणी करते हुए रिलायंस के चेयरमैन मुकेश अंबानी ने कहा रिटेल सेगमेंट के सभी प्रारूपों ने उल्लेखनीय योगदान के साथ मजबूत प्रदर्शन किया है। रिलायंस रिटेल अपनी व्यापक पहुंच और विविध उत्पाद के माध्यम से ग्राहकों के शॉपिंग अनुभव को बेहतर बनाने का निरंतर प्रयास कर रहा है। रिलायंस रिटेल वेंचर्स लिमिटेड की कार्यकारी निदेशक ईशा अंबानी ने खुशी जाहिर करते हुए कहा, त्यौहारी खरीद-फरोख़्त के दम पर रिलायंस रिटेल ने इस तिमाही में शानदार प्रदर्शन किया है। कम कीमत पर विविध और बेहतरीन उत्पादों की ओर हमारा ध्यान रहा, जिसने ग्राहकों को हमारे स्टोर और डिजिटल प्लेटफॉर्म की ओर आकर्षित किया। कंपनी ने हर श्रेणी में शानदार प्रदर्शन कर मार्किट पर पकड़ बनाए रखी। किराना में 37%, तो उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स में 12% वार्षिक वृद्धि दर्ज की गयी। फैशन और लाइफस्टाइल पोर्टफोलियो में GAP और AJIO जैसे ब्रांडों ने रिकॉर्ड बिक्री दर्ज की। उधर, खिलौना ब्रांड हैमलेज ने भी इटली में 03 नये स्टोर खोले। कम्पनी के कैंपा और इंडिपेंडेंस जैसे ब्रांडों का कारोबार भी वित्त वर्ष 2025 में 1,000 करोड़ रुपये पार करने का अनुमान है।

# अदाणी की महाकुम्भ सेवा को मिला 101 साल पुराने संगठन का साथ

**प्रयागराज :** जहां एक और महाकुंभ 2025 श्रद्धालुओं के उत्साह के मामले में नित नए रिकॉर्ड तोड़ रहा है वहीं देशभर के उद्योगपति भी कुंभ मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की सेवा में लगे हैं। ऐसा ही काम देश के अग्रणी उद्योगपति गौतम अदाणी 101 साल पुराने संगठन के साथ मिल कर कर रहे हैं। उस संगठन का नाम है गीता प्रेस। गीता प्रेस दुनियाभर में हिंदू धर्म से जुड़े साहित्य के प्रकाशन और प्रचार-प्रसार का सबसे बड़ा संगठन है। गीता प्रेस और अदाणी समहू मिल कर श्रद्धालुओं को मुफ्त में आरती संग्रह उपहार स्वरूप दे रहे हैं। इस आरती संग्रह का वितरण महाकुंभ मेला क्षेत्र में अलग-अलग जगहों पर वैन और स्टॉल लगाकर किया जा रहा है। मेला क्षेत्र में 10 मोबाइल वैन आरती संग्रह वितरण के कार्य में लगी हैं।

**गीता समूह और गौतम अदाणी आये साथ**

**साल** 1923 में उर्दू बाजार गोरखपुर उत्तर प्रदेश में 10 रुपये महीने के किराए पर एक कमरा लिया गया और वहीं से शुरू हुआ गीता प्रेस का सफर गया। धीरे-धीरे गीताप्रेस का निर्माण हुआ और इसकी वजह से न सिर्फ हिंदू संस्कृति बल्कि पूरे विश्व में गोरखपुर को एक अलग पहचान मिली। 29 अप्रैल, 1955 को भारत के तत्कालीन व प्रथम राष्ट्रपति डा. राजेंद्र प्रसाद ने गीताप्रेस भवन के मुख्य द्वार व लीला चित्र मंदिर का उद्घाटन किया था। चार जून, 2022 को तत्कालीन राष्ट्रपति राम नाथ कोविन्द ने गीताप्रेस में शताब्दी वर्ष समारोह का शुभारम्भ किया था।



गीता प्रेस के साथ आरती संग्रह वितरण की शुरूआत के साथ ही अदाणी समूह के अध्यक्ष गौतम अदाणी ने भारतीय आध्यात्मिकता के प्रचार-प्रसार का संकल्प लिया है। इस सांस्कृतिक यात्रा में इस संकल्प के तहत आरती संग्रह की 1 करोड़ प्रतियां बांटने का लक्ष्य रखा गया है।
इस आरती संग्रह में देवी-देवताओं की 102 आरतियां शामिल हैं। इसमें वैदिक आरतियां, गणेश, ब्रह्मा, विष्णु, महेश, लक्ष्मी-नारायण, दशावतार, श्रीराम, कृष्ण, दुर्गा आदि की आरती शामिल है गीताप्रेस तीन प्रकार की आरती संग्रह पुस्तकें प्रकाशित करता है।

**महाकुम्भ में श्रद्धालुओं की सेवा में लगा है अदाणी ग्रुप**

**महाकुम्भ** के सेक्टर-19 में अदाणी समूह ने इस्कॉन के साथ मिलकर 40 स्थानों पर महाप्रसाद वितरण की व्यवस्था की है। यहां हर दिन तकरीबन 1 लाख श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण कर रहे हैं। असहाय, दिव्यांग, बुजुर्ग और छोटे बच्चों वाली माताओं के लिए मुफ्त गोल्फ कार्ट सेवा भी उपलब्ध कराई गई है, जिससे श्रद्धालुओं को त्रिवेणी स्नान और धार्मिक अनुष्ठानों में शामिल होने में आसानी हो रही है।

# अदाणी-इस्कॉन मना रहे हैं ग्रीन एंड क्लीन महाकुम्भ

**प्रयागराज :** पूरा देश महाकुंभ 2025 के रंग में रंगा है। आम इंसान हो या सिलेब्रिटी सब कम से कम एक दिन के लिए महाकुंभ 2025 में आने का मौका खोज रहे हैं। कुछ बिजनेस ग्रुप इस मौके को आध्यात्मिक संकल्प के तौर पर देख रहे हैं। महाकुंभ 2025 में अदाणी ग्रुप भी इस्कॉन के साथ मिलकर ऐसे ही आध्यात्मिक संकल्प को पूरा कर रहा है। ग्रीन एनर्जी के लिए देश और दुनिया भर में अदाणी ग्रुप का नाम जाना जाता है। महाकुंभ के मौके पर अदाणी ना सिर्फ अध्यात्मिक बल्कि ग्रीन एनर्जी और साफ-सुथरे वातारवरण के संकल्प को पूरा करने में भी लगा है। अदाणी द्वारा महाकुंभ मेले में प्रतिदिन 1 लाख लोगों को महाप्रसाद के वितरण का कार्यक्रम पूरी तरह से ग्रीन एंड क्लीन के मंत्र से चल रहा है।



**लोकल दुकानदारों से खरीदारी, पूरे प्रयागराज की भागीदारी**

**महाकुम्भ** में अदाणी-इस्कॉन के महाप्रसाद वितरण की पहल को लोकल दुकानदारों की भागीदारी से ही पूर्ण किया जा रहा है। लाखों लोगों के लिए प्रतिदिन खाना बनाने के लिए सब्जियों की खरीदारी पूरी तरह से लोकल दुकानदारों से की जाती है। हर रोज एक रसोई में 150 क्विंटल सब्जी की खपत होती है। पूरी महाकुंभ सिटी में इस तरह से 3 विशाल रसोई बनाये गये हैं। इस लिहाज से प्रतिदिन लोकल दुकानदारों से 450 क्विंटल सब्जी की खरीदारी होती है। इसे प्रतिदिन सुबह खरीदकर किचन स्थल तक पहुंचाया जाता है।

**ग्रीन फूड-क्लीन फूड**

**अदाणी**-इस्कॉन पूरी तरह से ग्रीन फूड एंड क्लीन फूल के मंत्र पर काम कर रहा है। खाना बनाते और परोसते वक्त प्लास्टिक या पॉलिथीन का इस्तेमाल पूरी तरह से वर्जित है। सभी कार्य ऑर्गेनिक तरीके से ही किया जाता है। मिसाल के तौर पर खाना परोसने के लिए पत्ते से बनी थाली का इस्तेमाल किया जाता है और पानी पीने के लिए भी प्लास्टिक के गिलास का इस्तेमाल नहीं किया जाता। इतना ही नहीं खाना जिन पत्तलों में परोसा जाता है उनकी खरीदारी पूरी तरह से लोकल दूकानदारों से की जाती है। रोज 3 लाख से ज्यादा पत्तलों का इस्तेमाल होता है जो पूरी तरह से ऑर्गेनिक होते हैं और इससे निकला कचरा पर्यावरण को किसी तरह से नुकसान नहीं पहुंचाता। खाना बनाने के लिए भी ग्रीन ईंधन का इस्तेमाल होता है। खाना पकाने के लिए एलपीजी गैस के साथ ही गाय के उपलों का इस्तेमाल किया जाता है। प्रतिदिन इस्तेमाल होने वाले हजारों किलो उपले इस्कॉन कि विभिन्न सेंटर्स और लोकल वेंडर्स की तरफ से उपलब्ध कराए जाते हैं।

**फैक्ट फाइल**

**महाकुम्भ** 2025 में रोज अदाणी-इस्कॉन के एक किचन में बनती है है 500 क्विंटल सब्जी
सब्जी लोकल वेंडर्स से खरीदी जाती है और महिला वेंडरों को दी जाती है प्राथमिकता
एलपीजी के साथ ही खाना बनाने में गाय के उपलों का भी होता है इस्तेमाल
एक दिन में कई क्विंटल उपलों का होता है इस्तेमाल
उपले इस्कॉन के विभिन्न सेंटरों और लोकल वेंडर्स से उपलब्ध कराये जाते हैं।

## पेज एक के शेष

**गणतंत्र दिवस परेड में फ्लाईपास्ट करेंगे 40 एयरक्राफ्ट, ध्रुव और तेजस नहीं भरेंगे उड़ान...**

अनुसार, गणतंत्र दिवस समारोह की शुरूआत राष्ट्रीय युद्ध स्मारक से होगी। इसमें भारतीय वायु सेना की औपचारिक मार्चिंग टुकड़ी होगी। इस टुकड़ी में चार अधिकारी और 144 प्रतिभागी शामिल होंगे, जो 72 संगीतकारों वाले बैंड की धुनों पर मार्च करेंगे। मार्चिंग धुनों में अंतरिक्ष यात्री, वायु शक्ति, निडर योद्धा और उत्तरी सीमा में वायु सेना की वीरता की भावना को दशार्या जायेगा। मार्चिंग टुकड़ी के लिए चयनित जवान प्रतिदिन भोर 4:00 बजे से 07 से 08 घंटे तक कर्तव्य पथ अभ्यास करके पसीना बहा रहे हैं। बीटिंग रिट्रीट समारोह में भी वायु सेना के 128 संगीतकार देशभक्ति की धुनें प्रस्तुत करेंगे, जिससे गणतंत्र दिवस समारोह का भव्य समापन होगा।
गणतंत्र दिवस परेड के दौरान कर्तव्य पथ पर झांकियों के जरिए 'स्वर्णिम भारत : विरासत और विकास' को प्रदर्शित किया जायेगा। इस वर्ष की शुरूआत से ही रक्षा मंत्रालय ने परेड में शामिल होने वाली झांकियों के बारे में निर्णय लेने के लिए परामर्श प्रक्रिया अपनायी है। सबसे पहले रक्षा मंत्रालय सभी राज्यों, केन्द्र शासित प्रदेशों के साथ केन्द्रीय मंत्रालयों और विभागों से झांकियों के लिए प्रस्ताव आमंत्रित करता है। झांकियों का चयन करने के लिए मूल्यांकन विशेषज्ञ समिति बनायी गयी है, जिसमें कला, संस्कृति, चित्रकला, मूर्तिकला, संगीत, वास्तुकला और नृत्यकला आदि क्षेत्रों के प्रतिष्ठित व्यक्ति शामिल हैं। विचार-विमर्श के लिए अप्रैल, 2024 में हुई वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक में मिले सुझावों के आधार पर झांकियों को शामिल किया गया है।
इस बार परेड में आंध्र प्रदेश, बिहार, चंडीगढ़, दादर नगर हवेली के साथ दमन व दीव, गोवा, गुजरात, हरियाणा, झारखंड, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, पंजाब, त्रिपुरा, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल की झांकियों को शामिल किया गया है। इसके अलावा केन्द्र सरकार के 11 मंत्रालयों रऔ, विभागों की भी झांकियां परेड में दिखायी देंगी। चयनित झांकियां देश की विविध शक्तियों और इसकी निरंतर विकसित होती सांस्कृतिकता को प्रदर्शित करेंगी, जो गौरवशाली भविष्य की ओर अग्रसर है। डीआरडीओ परेड में झांकी के जरिये प्रलय सामरिक बैलिस्टिक मिसाइल का प्रदर्शन करेगा।

**लोकतांत्रिक प्रक्रिया को सशक्त करें देशवासी : मोदी...**

गांववालों ने 'हाथी बंधु' नाम से एक टीम बनायी और करीब 800 बीघा बंजर भूमि को घास युक्त किया। इसके चलते हाथियों का आबादी और खेतों में जाना काम हो गया। साथ ही, उन्होंने इस बात पर खुशी जाहिर की, कि पिछले दो महीनों में भारत ने दो नये टाइगर रिजर्व जोड़े हैं - छत्तीसगढ़ में गुरु घासीदास-तमोर पिंगला और मध्य प्रदेश में रातापानी। प्रधानमंत्री ने 'टायर टू' और 'टायर थ्री' शहरों में लगातार बढ़ते स्टार्टअप्स कल्चर की सराहना की। उन्होंने कहा कि कुछ दिनों में स्टार्टअप इंडिया के 09 साल पूरे हुए हैं। यह हर हिन्दुस्तानी के लिए खुशी का विषय है। अंबाला, हिसार, कांगड़ा, चैंगलपट्ट, बिलासपुर, ग्वालियर और वाशिम जैसे शहरों में स्टार्टअप के केन्द्र बन रहे हैं। नागालैंड राज्य में भी पिछले साल स्टार्टअप रजिस्ट्रेशन में 200 से अधिक की बढ़ोतरी हुई है। समाज सेवा से जुड़े हुए कार्यों को प्रधानमंत्री अक्सर 'मन की बात' में स्थान देते हैं। इसी क्रम में उन्होंने अरुणाचल प्रदेश में दीपक नाबाम की कोशिश का उल्लेख किया। नाबाम ने वंचित, हिंसा पीड़ित, बेसहारा और नशे की लत के शिकार लोगों को की देखभाल के लिए एक संस्था बनाई है। वे 'लिविंग होम' चलाते हैं, जहां पर बीमार और असमर्थ बुजुर्गों की सेवा की जाती है। उन्होंने लक्षद्वीप के करवत्ती द्वीप में हिडुम्बी नर्स के कार्यों की प्रशंसा की। वे सेवानिवत्त होने के बाद भी पिछले 18 वर्षों तक अपने करुणा और स्नेह से लोगों की सेवा में जुटी हैं। लक्षद्वीप के ही केजी मोहम्मद के मिनीकॉय द्वीप में मरीन इकोसिस्टम को मजबूत करने के कार्यों की भी उन्होंने प्रशंसा की। निकोबार जिले में 'वर्जिन कोकोनेट' ऑयल को हाल ही में जी टैग मिलने पर प्रशंसा व्यक्त करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि इसके उत्पादन से जुड़ी आदिवासी महिलाओं को संगठित कर सेल्फ हेल्प ग्रुप बनाये जा रहे हैं और उन्हें मार्केटिंग और ब्रांडिंग की स्पेशल ट्रेनिंग भी दी जा रही है।
प्रधानमंत्री ने कार्यक्रम के अंत में नेताजी सुभाष चंद्र बोस को श्रद्धांजलि दी। 23 जनवरी को नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती है। इस दिन को 'पराक्रम दिवस' के रूप में मनाया जाता है। प्रधानमंत्री ने अपने कार्यक्रम में उनके पराक्रम से जुड़ी हुई एक कहानी का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि सुभाष बाबू एक विजनरी नेता थे। उनके स्वभाव में साहस रचा-बसा था और वह कुशल प्रशासक भी थे।

**महाकुम्भ मेला क्षेत्र में लगी भीषण आग, एक के बाद एक फटे कई सिलिंडर...**

गयी। आग ने जब विकराल रूप धारण किया, तो अलग-अलग टेंट में रखे सिलिंडर एक के बाद एक करके फटने शुरू हो गये। सिलिंडर फटने से कई ब्लास्ट हुए। जानकारी अनुसार करीब 08 से 09 सिलिंडर फटने की जानकारी मिल रही है। यह बात जरूर रही कि सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम ने घटनास्थल पर पहुंच काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। इससे पहले भीषण आग के कारण करीब 16 से 20 टेंट जल कर राख हो गये।
आग लगने की घटना पर बात कर रहे अखाड़ा थाना प्रभारी भास्कर मिश्रा ने कहा कि प्रयागराज महाकुम्भ मेला क्षेत्र में स्थित सेक्टर 19 में दो सिलिंडर फटने से अन्य कैम्पों में भीषण आग लगी। वहीं, महाकुम्भ- 2025 के आधिकारिक सोशल मीडिया प्लेटफार्म 'एक्स' पर पोस्ट करते हुए कहा है, 'यह बहुत दुखद! महाकुम्भ में आग लगने की घटना ने सभी को झकझोर कर रख दिया है। प्रशासन तत्काल राहत एवं बचाव-कार्य सुनिश्चित कर रहा है। सभी की सुरक्षा के लिए हम मां गंगा से प्रार्थना करते हैं।'
घटना के सम्बन्ध में प्रयागराज के जिला मजिस्ट्रेट रवीन्द्र कुमार का कहना था, कि महाकुम्भ मेला क्षेत्र के सेक्टर- 19 में स्थित गीता प्रेस के टेंट में शाम करीब 04.30 बजे आग लग गयी। इस घटना में किसी के हताहत होने की फिलहाल कोई सूचना नहीं मिली है। इसके साथ ही स्थिति नियंत्रण में है।
गौरतलब है कि 13 जनवरी को महाकुम्भ शुरू हुआ है और 26 फरवरी तक चलेगा। इस दौरान करोड़ों लोगों ने स्नान कर पुण्य लाभ हासिल किया है। कुम्भ अधिकारियों के अनुसार रविवार को 46.95 लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं ने डुबकी लगायी है।

**200 शिविर...500 टेंट खाक, सिलिंडर के उड़े परखच्चे कहीं बिखरे चूल्हे, तो कहीं टूटे दिखे बर्तन...**

**300 फीट ऊपर तक उठा धुआं**

आग लगने के दो मिनट बाद फायरब्रिगेड की गाडियां पहुंचीं। दस मिनट मशक्कत के बाद भी आग नहीं बुझ सकी। दो-तीन शिविरों की जद में आग बढ़ी, तो तीन सिलिंडर भी फटने की आवाज आयी। आग बढ़ते-बढ़ते करीब 100 वर्ग मीटर से ज्यादा फैल गयी। आग की लपटें 30 फीट ऊंचाई तक उठी। फायरब्रिगेड की टीम आग बुझाने में लगी रही। अफरा-तफरी के बीच अफसर भी मौके पर भागते नजर आये।

**सीएम योगी ने लिया घटना का संज्ञान**

प्रयागराज के जिला मजिस्ट्रेट रवीन्द्र कुमार ने बताया कि सेक्टर 19 में गीता प्रेस के टेंट में शाम 4.30 बजे आग लग गयी। उन्होंने कहा कि किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है। स्थिति नियंत्रण में है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महाकुम्भ में आग लगने की घटना का संज्ञान लिया है। उनके कार्यालय ने कहा कि वरिष्ठ अधिकारी भी मौके पर मौजूद हैं। यूपी के एडीजी भानु भास्कर ने कहा कि आग बुझा दी गयी है। किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। सभी सुरक्षित हैं। आग लगने का कारण सिलिंडर ब्लास्ट बताया जा रहा है, लेकिन इस सम्बन्ध में अभी और जांच की जानी बाकी है। उन्होंने कहा कि हमें सिलिंडर फटने की सूचना मिली थी। लोगों को बाहर निकाला गया और आग बुझायी गयी। किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है।

**घटना पर सपा ने उठाया सवाल**

महाकुम्भ मेला क्षेत्र में आग की घटना के बाद समाजवादी पार्टी ने योगी सरकार पर सवाल उठाना शुरू कर दिया है। सपा नेता ने कहा कि समाजवादी पार्टी शुरू से कुम्भ में हो रही तैयारी पर सवाल खड़े कर रही थी। जो श्रद्धालु पहुंच रहे हैं, वह खुले आसमान के नीचे हैं। पीने के पानी की व्यवस्था नहीं है। महाकुम्भ में आग लगने की घटना पर अखिलेश यादव ने सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि महाकुम्भ मेले में लगी आग को तुरंत गम्भीरता से लिया जाना चाहिए।

**ट्रेनों का संचालन भी रोका गया**

महाकुम्भ में लगी भीषण आग मुख्य रोड पर लोहे के ब्रिज के पास लगी थी। हवा की गति सामान्य से तीन गुना तेज होने के चलते अन्य टेंट भी आग की चपेट में आ सकते थे। दमकल की एक दर्जन से ज्यादा गाडि ?ां आग बुझाने में लगी रहीं। वहीं, जिस जगह आग लगी है उसके पास रेलवे पुल होने से ट्रेनों का संचालन भी रोक दिया गया। आग बुझने के बाद ट्रेनों का संचालन शुरू हुआ।

**सैफ अली खान के संदिग्ध हमलावर शहजाद को 24 तक पुलिस कस्टडी...**

इस मामले की गहन छानबीन के लिए आरोपित की 14 दिन तक पुलिस कस्टडी जरूरी है। इसके बाद आरोपित के वकील ने कोर्ट को बताया कि वह पिछले सात साल से मुम्बई में रहता है। उसके पास से कुछ भी बरामद नहीं किया गया है। इसलिए इस मामले में पुलिस कस्टडी की जरूरत नहीं है, लेकिन कोर्ट ने आरोपित को 24 जनवरी तक पुलिस कस्टडी में भेज दिया है।

**हिरासत में लिये गये संदिग्ध आकाश कैलाश कनौजिया को पुलिस ने छोड़ा**

**अभिनेता** सैफ अली खान पर हमले के मामले में संदिग्ध आकाश कैलाश कनौजिया को मुम्बई पुलिस ने लम्बी पूछताछ के बाद रविवार को दुर्ग रेलवे स्टेशन ले जाकर छोड़ दिया है। उसे शनिवार की दोपहर दुर्ग स्टेशन में शालीमार ज्ञानेश्वरी एक्सप्रेस की जरनल बोगी से पकड़ा गया था।
मुम्बई पुलिस ने दुर्ग आरपीएफ को एक संदिग्ध का फोटो भेजा था, जिसके आधार पर शालीमार ज्ञानेश्वरी एक्सप्रेस की जरनल बोगी से आकाश कैलाश कनौजिया को हिरासत में लिया गया था। मुम्बई पुलिस ने उससे देर रात तक पुछताछ की। बांद्रा क्राइम ब्रांच के सब इंस्पेक्टर प्रदीप फुंडे ने कहा कि पूछताछ की प्रक्रिया पूरा कर ली गयी है। आकाश कैलाश कनौजिया आरोपित नहीं है, हम उसे मुम्बई नहीं ले जा रहे हैं।

**बस का टायर फटा, तीन की मौत, दर्जनों घायल...**

सीएचसी लाया गया। इनमें 07 गंभीर रूप से घायलों में हीरालाल हांसदा (पिता ईश्वर मांझी, उम्र करीब 24 वर्ष, गोनियाटो), मनोज कुमार पंडित (पिता महादेव पंडित, उम्र करीब 46 वर्ष फुसरो), बजरंग नोनिया (पिता रामचन्द्र नोनिया, उम्र करीब 55 वर्ष फुसरो), बीरबल नोनिया (पिता बजरंग नोनिया, उम्र करीब 37 वर्ष फुसरो), शान्ति देवी (पति बजरंग नोनिया, उम्र 45 वर्ष फुसरो), शनि कुमार (पिता सुरेश लाल, उम्र 14 वर्ष अरजरी, अरुनियां), मसोमात (पति स्व.जगरनाथ मिस्त्री) का चिकित्सा प्रभारी डॉ. अरुण कुमार सिंह के नेतृत्व में डॉ. एम शहबान खान,डॉ. जफर हसन, डॉ. योगेन्द्र कुमार, डॉ. विनय पाण्डेय समेत डॉक्टरों की टीम तथा मेडिकल स्टाफ की टीम ने घायलों का प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। साथ ही, सभी को घायलों एम्बुलेंस सेवा से विष्णुगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लाया गया।

## एक झलक

### द. कोरियाई राष्ट्रपति ने कोर्ट के समक्ष दी रिहाई की दलील

**सियोल** : दक्षिण कोरिया में पिछले महीने मार्शल लॉ की अल्पकालिक घोषणा कर कानूनी एवं राजनीतिक संकट में फंसे राष्ट्रपति यून सुक येओल ने शनिवार को सियोल न्यायाधीश के समक्ष अपनी रिहाई के लिए दलील दी। ऐसा इसलिए क्योंकि अदालत ने समीक्षा की कि क्या उनकी औपचारिक गिरफ्तारी के लिए कानून प्रवर्तन अनुरोध को मंजूरी दी जानी चाहिए। यून के वकीलों ने कहा कि लगभग पांच घंटे की बंद कमरे में सुनवाई के दौरान उन्होंने न्यायाधीश से लगभग 40 मिनट तक बात की। उनकी कानूनी टीम और भ्रष्टाचार विरोधी एजेंसियों ने इस बारे में विरोधी तर्क प्रस्तुत किए कि क्या उन्हें हिरासत में रखा जाना चाहिए। वकीलों ने उनकी विशिष्ट टिप्पणियां साझा नहीं कीं।

### इजराइल ने यमन से प्रक्षेपित एक बैलिस्टिक मिसाइल को रोका

**येरूशलम** : इजराइल के वायु रक्षा बलों ने शनिवार को यमन की ओर लॉन्च की गई एक बैलिस्टिक मिसाइल को रोका है। मिसाइल को ब्लास्ट करने के कारण गिरे उसके टुकड़ों को लेकर मध्य इजराइल और येरूशलम में सायरन भी बजा। यह जानकारी इजराइल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) ने शनिवार शाम को दी। द टाइम्स ऑफ इजराइल की रिपोर्ट के अनुसार पुलिस ने कहा है कि उन्हें यमन से लॉन्च की गई इंटरसेप्टेड मिसाइल के मलबे और छर्रे की रिपोर्ट मिली है, जो येरूशलम में गिरी है। पुलिस के अनुसार, कुछ टुकड़े मोशाव बार जियोरा के पास एक खुले क्षेत्र में गिरे, जबकि अन्य टुकड़े मेवो बीटर के बगल में एक गैस स्टेशन के पास गिरे। साथ ही मिसाइल का एक बड़ा हिस्सा बीटर लिलिट के पास एक खेत में गिरा।

### शपथ लेते ही ट्रंप 100 से ज्यादा फाइलों पर करेंगे हस्ताक्षर

**वाशिंगटन** : डोनाल्ड ट्रंप सोमवार यानी 20 जनवरी को अमेरिकी राष्ट्रपति पद की शपथ लेने वाले हैं। इससे पहले ही उनकी टीम ने कामों की लंबी सूची बना ली है। सत्ता संभालने के तुरंत बाद ट्रंप कम से कम 100 फाइलों पर साइन करेंगे जिससे अमेरिका ही नहीं दुनिया में बवाल मच सकता है। शपथ ग्रहण के बाद वह व्हाइट हाउस में प्रवेश करेंगे। उनके ओवल ऑफिस डेस्क पर 100 से अधिक कार्यकारी आदेश उनका इंतजार कर रहे होंगे, जिन्हें उनकी टीम ने उनके दूसरे कार्यकाल की शुरूआत बिना किसी समय की बबार्दी से बचने के लिए तैयार किया है।

# सफाई कर्मचारियों को लेकर अरविंद केजरीवाल ने प्रधानमंत्री मोदी को लिखी चिट्ठी

एजेंसी

**नयी दिल्ली** : दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल की घोषणाओं का सिलसिला जारी है। उन्होंने रविवार को भी प्रेस कॉन्फ्रेंस करके सफाई कर्मचारियों के लिए एक ऐलान किया।

अरविंद केजरीवाल ने कहा कि अगर केंद्र सरकार सब्सिडी पर जमीन उपलब्ध कराए तो दिल्ली सरकार उस पर मकान बनवाकर आसान किस्तों में सफाई कर्मचारियों को मालिकाना हक देगी।

अरविंद केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली में जमीन का मामला केंद्र के अधीन है, इसलिए उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर इस संबंध में अनुरोध किया है। केजरीवाल ने पत्र लिखकर कहा है कि प्रधानमंत्री जी, मैं एनडीएमसी और एमसीडी क्षेत्रों में काम करने वाले सफाई कर्मचारियों के एक अति महत्वपूर्ण मुद्दे पर आपका ध्यान आकर्षित करने के लिए यह पत्र लिख रहा हूं। ये कर्मचारी हमारे शहर की स्वच्छता व्यवस्था की रीढ़ हैं। उन्होंने आगे लिखा है कि वे नौकरी के दौरान सरकार द्वारा उपलब्ध कराए गए आवासों में रहते हैं, लेकिन रिटायरमेंट के




बाद उन्हें ये घर खाली करने पड़ते हैं। वे अपना खुद का घर खरीदने या दिल्ली में महंगे किराये पर घर लेने में असमर्थ होते हैं, जिससे वे और उनके परिवार असुरक्षित स्थिति में आ जाते हैं। चूंकि दिल्ली में जमीन से जुड़े मामले केंद्र सरकार के अधीन आते हैं, इसलिए आपसे अनुरोध है कि केंद्र सरकार सफाई कर्मचारियों के लिए रियायती दरों पर जमीन उपलब्ध कराए। दिल्ली सरकार इन जमीनों पर इनके लिए घर बनाकर देगी और कर्मचारी इन घरों की लागत को आसान किस्तों में सरकार को वापस चुका देंगे।

आम आदमी पार्टी प्रमुख ने लिखा है कि यह समस्या सभी सरकारी कर्मचारियों की है, खास करके निचले तबके के कर्मचारियों की। इसलिए मेरी आपसे दरख्वास्त है की यह योजना सफाई कर्मचारियों से शुरू की जाए और उसके बाद सभी सरकारी कर्मचारियों के लिए लागू की जाए। मुझे विश्वास है कि आप इस प्रस्ताव से सहमत होंगे और इस पर शीघ्र कार्य योजना बनाकर काम करेंगे। केजरीवाल ने कहा कि हम उम्मीद करते हैं प्रधानमंत्री जी इसके बारे में राजी हों, क्योंकि ये गरीबों के कल्याण के बारे में है और जैसा कि प्रधानमंत्री जी ने भी कहा है कि दिल्ली में कल्याणकारी योजनाएं लागू रहेंगी। अरविंद केजरीवाल ने बीजेपी पर निशाना साधते हुए कहा कि जिस तरह का कैंपेन हम आज देख रहे हैं, दिल्ली के लोगों ने इस तरह का कैंपेन पहले नहीं देखा है। इस तरह की हिंसा आजतक दिल्ली के लोगों ने नहीं देखी है, जिसमें एक पूर्व मुख्यमंत्री के ऊपर कातिलाना हमला करने की कोशिश की जाए।

# हिमाचल में भारी बर्फबारी से कई प्रमुख सड़कें और अटल टनल बंद

## तूफानी हवाओं के साथ कई राज्यों में बारिश का अलर्ट जारी

एजेंसी

**नयी दिल्ली** : देशभर में ठंड की मार जारी है। पहाड़ी राज्यों जम्मू-कश्मीर, लेह लद्दाख, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में बर्फबारी लगातार हो रही है। इसके असर से उत्तर भारत के मैदानी इलाकों में बारिश और घना कोहरा छाया हुआ है। वहीं कुछ इलाकों में दिन में धूप खिलने के बावजूद ठंडी हवाएं चल रही हैं। इस कारण इन राज्यों का तापमान गिर रहा है। हिमाचल में भारी बर्फबारी से कई प्रमुख सड़कें और अटल टनल बंद हो गए हैं। दिल्ली-एनसीआर में सुबह और शाम हल्का कोहरा छाया रहा लेकिन दिन में धूप खिलने के बाद भी ठंडी हवाओं ने ठिठुरन बढ़ा दी है। मौसम विभाग ने दो दिन तक दिल्ली-एनसीआर में बारिश का अलर्ट जारी किया है। इसके अलावा तीन राज्यों में तूफानी हवाएं चलने की संभावना जताई है और 15 से ज्यादा राज्यों में बारिश और कोहरा छाने की चेतावनी दी है। मौसम विभाग के मुताबिक एक पश्चिमी विक्षोभ निचले और मध्य क्षोभमंडल में स्थित है। पूर्वी हवाओं के साथ एक ट्रफ निचले क्षोभमंडल में गुजरात से उत्तरी राजस्थान तक फैला हुआ है। इसके असर से 21 जनवरी तक पश्चिमी हिमालय क्षेत्र में हल्की बारिश और बर्फबारी हो सकती है। इसके बाद 21 से 23 जनवरी तक उत्तर-पश्चिमी भारतीय मैदानी इलाकों जैसे पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ में 22 जनवरी को राजस्थान में 22 और 23 जनवरी को पश्चिमी यूपी में और 23 जनवरी को उत्तराखंड में बारिश और भारी बर्फबारी हो सकती है।

पूर्वी हवाओं के साथ एक ट्रफ तमिलनाडु तट से दूर बंगाल की खाड़ी के दक्षिण-पश्चिमी हिस्से में स्थित है। इसके प्रभाव से तमिलनाडु, पुडुचेरी, केरल और कराईकल में कुछ स्थानों पर भारी बारिश, तूफानी हवाएं और बिजली गिरने की संभावना है। मौसम विभाग के मुताबिक 22 जनवरी तक हिमाचल प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, यूपी के कुछ हिस्सों राजस्थान, उत्तराखंड, बिहार, ओडिशा, मध्य प्रदेश, पश्चिम बंगाल, सिक्किम, असम, मेघालय, नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में घना कोहरा छाने और शीतल लहर चल सकती है। इन इलाकों में कुछ स्थानों पर बारिश भी हो सकती है।



### लाहौल-स्पीति में बर्फबारी से 120 सड़कें अवरुद्ध

**जनजातीय** जिला लाहौल-स्पीति में पिछले दिनों हुई भारी बर्फबारी के कारण 120 सड़कें अवरुद्ध हो गई हैं जिससे जनजीवन प्रभावित हो रहा है। कुल्लू जिले में भी 10 सड़कों पर आवागमन ठप है। अटल टनल रोहतांग को विशेष रूप से फॉर बाई फॉर वाहनों के लिए खोल दिया गया है।

### तापमान में गिरावट, चार जगह माइनस में पारा

**जनजातीय** जिलों में तापमान लगातार गिर रहा है। लाहौल-स्पीति जिले के ताबो में न्यूनतम तापमान -5.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो प्रदेश का सबसे ठंडा क्षेत्र रहा। इसी जिला के कूकुमसेरी, केलंग व समधो में न्यूनतम पारा क्रमशः -5.3, -4 व -1.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इसके अलावा कल्पा में 0.2 डिग्री व मनाली में 0.4 डिग्री सेल्सियस रहा। वहीं, शिमला का न्यूनतम तापमान 8.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 5.5 डिग्री अधिक है।

# समाज में एकता व समरसता का प्रतीक है महाकुंभ : मनोहर लाल

एजेंसी

**महाकुंभ नगर** : केन्द्रीय आवास और शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि महाकुंभ का आयोजन भारतीय समाज के एकता, समरसता और सद्भावना का प्रतीक है। हम सभी मिलकर एक दूसरे के सहयोग से अपने देश को हर दिशा में प्रगति की ओर ले जा सकते हैं। महाकुंभ हमें धर्म, संस्कृति और पर्यावरण के प्रति हमारी जिम्मेदारियों का एहसास कराता है।

रविवार को केन्द्रीय मंत्री मनोहर लाल महाकुंभ में अरैल स्थित परमार्थ निकेतन शिविर में लोगों को संबोधित कर रहे थे।इससे पहले परमार्थ निकेतन शिविर पहुंचने पर मनोहर लाल का पुष्प वर्षा, वेदमंत्र और शंख ध्वनि से स्वागत किया गया। केंद्रीय मंत्री स्वामी चिदानन्द सरस्वती से विशेष भेंटवार्ता कर उनका आशीर्वाद लिया। इस



- परमार्थ निकेतन शिविर की गंगा आरती में शामिल हुए केन्द्रीय मंत्री
- महाकुंभ में पर्यावरण का ध्यान रखें साधु संत : स्वामी चिदाकाश

भेंटवार्ता में, देश की शांति, समृद्धि, और पर्यावरण संरक्षण के विषयों पर विचार-विमर्श किया। इस अवसर पर केन्द्रीय मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि हमारी सरकार का लक्ष्य है कि हरियाणा को प्रदूषण मुक्त बनाना और पर्यावरण को बचाना है। यह केवल हमारी सरकार का लक्ष्य नहीं, बल्कि एक सामाजिक जिम्मेदारी भी है।

### जम्मू-श्रीनगर रेलवे लाइन का ट्रायल रन पूरा

**श्रीनगर** : जम्मू-कश्मीर में उधमपुर-श्रीनगर-बारामुला रेल लिंक प्रोजेक्ट के हिस्से कटरा-बडगाम रेलवे ट्रैक पर ट्रायल रन रविवार को पूरा हो गया। 18 कोच की ट्रायल ट्रेन सुबह 8 बजे कटरा रेलवे स्टेशन से कश्मीर की ओर रवाना हुई। ट्रायल की देखरेख कर रहे रेलवे अधिकारियों ने बताया कि यह यूएसबीआरएल का आखिरी टेस्ट रन है। 41 हजार करोड़ रुपए की लागत से बने यूएसबीआरएल प्रोजेक्ट की कुल लंबाई 272 किमी. है। इसमें 111 किमी. का रास्ता सुरंग के भीतर है। 12.77 किमी. लंबी टी-49 सुरंग इस प्रोजेक्ट में सबसे लंबी है। रियासी जिले में चिनाब नदी पर दुनिया का सबसे ऊंचा रेलवे पुल भी इसी प्रोजेक्ट का हिस्सा है।

### 26 जनवरी से उत्तराखंड में लागू हो जायेगा यूनिफॉर्म सिविल कोड!

एजेंसी

**नयी दिल्ली** : उत्तराखंड सरकार 26 जनवरी से राज्य में समान नागरिक संहिता लागू करने के लिए पूरी तरह तैयार है। ऐसा करने वाला उत्तराखंड देश का पहला राज्य होगा। बता दें कि इससे पहले, नियम और कार्यान्वयन समिति की सलाह के बाद सरकार ने कुछ बदलावों को समीक्षा के लिए विधायी विभाग को भेजा था।

समीक्षा किए गए नियमों को विभाग द्वारा अप्रूव किया गया है। समीक्षा किए गए नियमों को कल धामी कैबिनेट द्वारा पारित किए जाने की संभावना है। वहीं, इस कानून को लेकर कर्मचारियों के लिए ब्लॉक-स्तरीय प्रशिक्षण सत्र




चलाया जा रहा है, जिसके 22 जनवरी तक पूरा होने की उम्मीद है। बता दें कि उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा था कि जनवरी से उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता लागू हो जाएगी। सीएम धामी ने कहा कि राज्य सरकार ने अपना होमवर्क पूरा कर लिया है और जनवरी 2025 से पूरे राज्य में समान नागरिक संहिता लागू हो जाएगी।

# सोशल मीडिया पर चर्चा में अनन्या पांडे व मृणाल ठाकुर

**मुंबई** : हाल ही में अभिनेत्री अनन्या पांडे और मृणाल ठाकुर अपनी वर्कआउट वीडियो के चलते सोशल मीडिया पर चर्चा में है। यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया और प्रशंसकों से जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली। इस वीडियो में अनन्या की छोटी बहन रिसा पांडे भी उनके साथ जिम में वर्कआउट करती नजर आईं, और तीनों की बॉन्डिंग ने फैंस को काफी पसंद किया। उनकी इस फिटनेस वीडियो ने न सिर्फ फिजिकल फिटनेस को प्रमोट किया, बल्कि उनके साथ-साथ फैमिली बॉन्डिंग की एक खूबसूरत झलक भी दिखाई। हाल ही में यह खबर सामने आई थी कि अनन्या पांडे और विक्की कौशल को गली बॉय 2 में मुख्य भूमिका में देखा जा सकता है। हालांकि फिल्म से जुड़े आधिकारिक विवरण का अभी तक खुलासा नहीं हुआ है, लेकिन इस खबर के बाद फैंस का उत्साह और बढ़ गया है। एक सूत्र ने बताया, अर्जुन वरैन सिंह, जिन्होंने खो गए हम कहां का निर्देशन किया था, गली बॉय के सीक्वल का निर्देशन करेंगे। उन्हें पूरी उम्मीद है कि अनन्या, जो पहले खो गए हम कहां में हीरोइन थीं, इस प्रोजेक्ट के लिए एकदम सही रहेंगी। विक्की इस फिल्म से काफी समय से जुड़े हुए हैं। अब देखना ये है कि ये तीन कलाकार गली बॉय का जादू फिर से बना पाते हैं या नहीं। अनन्या पांडे की आने वाली फिल्मों की बात करें तो वह जल्द ही अक्षय कुमार और आर. माधवन के साथ करण जौहर की आगामी फिल्म में नजर आने वाली हैं। इस फिल्म का नाम फिलहाल तय नहीं किया गया है, लेकिन यह फिल्म 14 मार्च 2025 को रिलीज होगी। फिल्म के निर्देशक करण सिंह त्यागी होंगे। फिल्म की कहानी भारतीय वकील सी. संकर्णन नायर द्वारा ब्रिटिश साम्राज्य के खिलाफ लड़ा गया ऐतिहासिक मुकदमा पर आधारित है।



